e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 141

सुविचार
सफलता खुशी का कारण नही है, बल्कि खुशी सफलता का कारण है।

प्रभात मंत्र

गुरुवार
25.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

झारखंड उच्च न्यायालय के भव्य भवन का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्घाटन

हाई कोर्ट का नया भवन जज और वकीलों को देगा नई ऊर्जा : राष्ट्रपति

* न्याय का उच्च मार्ग प्रशस्त करेगा झारखंड हाई कोर्ट : सीजेआई
* न्यायपालिका की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है भारत सरकार : केंद्रीय कानून मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के उद्घाटन समारोह का संबोधन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जोहार से शुरू करते हुए कहा कि उनका इस राज्य से पुराना संबंध रहा है। कहा कि झारखंड हाईकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन लैंडमार्क साबित होगा। बिल्डिंग बहुत बेहतरीन है। इस प्रोजेक्ट को बनाने के लिए सब को शुभकामनाएं। न्याय का मंदिर है यह कोर्ट। इस बिल्डिंग में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल हुआ है। कहा कि जेलों में बहुत भीड़ है। यहां सीजेआई सहित बहुत लोग यहां बैठे हैं। बहुत केस हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में होता है। न्याय में देर है,लेकिन अंधेर नहीं। इसीलिए लोग खुश होते हैं। लेकिन वह खुशी कुछ दिन के बाद कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का नया भवन यहां के जजों और वकीलों को नयी ऊर्जा देगा। कहा कि बहुत सारे केस कोर्ट में आते हैं। लोग समय व रुपया बर्बाद करते हैं। जब कुछ दिनों के बाद उन्हें सही खुशी नहीं मिलती तो लोग दुखी हो जाते हैं। बहुत सारे लोग दोबारा अदालत नहीं जाना चाहते हैं। क्योंकि लम्बा वक्त लगता है। लम्बा वक्त सोच कर ही कोर्ट जाने से लोग डर जाते हैं। लोगों को सही न्याय मिलना चाहिए। कहा कि हाईकोर्ट का यह नया भवन झारखंड के लोगों का न्यायपालिका पर भरोसा और मजबूत करेगा।

न्यायिक जीवन में असली उड़ान अभी बाकी है : संजय कुमार मिश्र

झारखंड उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आज का पल गौरव का पल है। राष्ट्रपति ने इस राज्य में अपना समय गुजारा है, झारखंड उनके घर के जैसा है। नए भारत में महिला सशक्तीकरण की वे मिसाल हैं। मातृ शक्ति की पराकाष्ठा हैं। राष्ट्रपति का स्वागत करना मेरे लिए गर्व की बात है। सीजेआई का भी यहां होना हमारे लिए गर्व की बात है। सीजेआई की तरफ से लैंड मार्क जजमेंट किए गए हैं। झारखंड के ज्यूडिशियल फेटर्निटी की तरफ से भी सीजेआई का स्वागत है। झारखंड के इतिहास के लिए ये नई शुरुआत है।

न्यायपालिका में आदिवासियों की कम संख्या चिंता का विषय है : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। आज करोड़ों जनता के लिए यह गौरव का क्षण है। आदिवासी बहुल राज्य में निर्मित यह भवन दूसरे राज्यों के भवन से बहुत बड़ा है। यह सरल सुलभ न्याय दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। कई गरीब आदिवासी आज भी जेल में बंद हैं। चार वर्षो से अधिक लंबित मामलों की सूची तैयार है। जिसका निष्पादन छह महीने में करने की कोशशि है। इसकी मोनिटरिंग मैं खुद कर रहा हूं। एपीपी की नियुक्ति इसमें कारगर साबित होगी। 506 न्यायिक पदाधिकारी कार्यरत हैं। जो भी अवश्यताएं होंगी,राज्य सरकार पूरा करेगी। कोई भी प्रोजेक्ट राज्य के लिए तैयार किया जाएगा, हम सफल बनाएंगे। कहा कि सुपीरियर जुडिशियल में आदिवासी की पार्टिसिपेशन नहीं के बराबर है। वरीय न्यायि सेवा में आरक्षण की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में आदिवासियों की कम संख्या चिंता का विषय है।

सड़क दुर्घटना में दो बाईक सवार युवकों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार: गारु थाना क्षेत्र सरयू ओपी अंतर्गत लाई ग्राम में बाईक और ऑटो की टक्कर में दो बाईक सवार की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो सवारी खाली कर सरयू ग्राम की ओर लौट रहा था। वहीं बाईक सवार शिवा उरांव और बॉबिदेवोल उरांव सरयू से चोरहा ग्राम अपने घर जा रहा था। इसी दौरान लाई ग्राम के स्कूल मोड़ के समीप ऑटो और बाईक में जबरदस्त टक्कर हो गई। दोनों की आमनेसामने के टक्कर में ऑटो पलट गई वहीं बाईक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के सूचना मिलते ही गारू थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर, दो वाहन को जब्त कर अग्रेषित करवाई में जुटी है।

19 विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन का किया बहिष्कार

एजेंसी

नई दिल्ली : देश के नए संसद भवन का इसी महीने 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन होना है। लेकिन उससे पहले ही सियासी घमासान शुरू हो गया है। बुधवार को 19 विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार करने के लिए एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जब संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही छीन लिया गया है, तो हमें एक नई इमारत की कोई कीमत नजर नहीं आती है।विपक्षी दलों ने संयुक्त बयान में कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन एक यादगार अवसर है। हमारे इस भरोसे के बावजूद कि यह सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और जिस निरंकुश तरीके से नई संसद का निर्माण किया गया था, उसके प्रति हमारी अस्वीकृति के बावजूद हम मतभेदों को दूर करने के लिए इस अवसर पर शामिल होने के लिए खुले थे। लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए नए संसद भवन का उद्घाटन खुद ही करने का प्रधानमंत्री मोदी का फैसला न केवल उनका अपमान है, बल्कि हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है।इसमें आगे कहा गया है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि संघ के लिए एक संसद होगी जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन शामिल होंगे जिन्हें क्रमशः राज्यसभा और लोकसभा के रूप में जाना जाएगा। राष्ट्रपति न केवल भारत में राष्ट्र प्रमुख है, बल्कि संसद के एक अभिन्न अंग भी है।

विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : विधायक आलोक चौरसिया ने कटुवल कलां में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कटुवल कलां में डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक चौरसिया ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ कटुवल की मुखिया रानी सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि और कई गन्नेमान लोग भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों के समक्ष में विधायक आलोक चौरसिया ने नारियल फोड़ कर और फीता काट कर इस शिलान्यास कार्यकर्म को शुरू किया और लोगो के बीच बातचीत करते हुवे लोगो से बताया की इस उप स्वास्थ्य केंद्र के खुलने से लोगो को स्वास्थ्य सुविधा उनके गांव में मिल सके गी उन्हें छोटी मुटी बीमारियों और परेशानियों के लिए शहर के तरफ नही जाना पड़ेगा। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज कटुवल गांव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया जा रहा है। इसके तहत कटुवल पंचायत ही नहीं अगल बगल के गांव के लोग भी स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से लोगों को लाभ मिलेगा उनकामकसद क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि आने वाले समय में पूरे डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा में सड़क, नाली, उप स्वास्थ्य केंद्र और अन्य तरह के विकास कार्यो का शिलान्यास व कार्य किया जाएगा।

निबंधन कार्यालय में सरकार के टैक्स का पैसा का चोरी कर हो रहा घूसखोरी : रूचिर तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदनीनगर में स्थित निबंधन कार्यालय के भ्रष्टाचार के मामले को उजागर करते हुए पलामू उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में पलामू उपायुक्त को ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पलामू जिला मेदिनीनगर नगर निबंधन कार्यालय में लाखों रुपया भ्रष्टाचार करके सरकार के टैक्स के पैसा का बंदरबांट कर आपस में बांट कर डकार लिया जाता हैं श्री तिवारी ने बताया कि जब वह इस क्रम में जांच करने निबंधन कार्यालय में गए तो पता चला कि किसी भी केवाला का कॉपी लेने में सर्च एंड मुहावरा का जो पैसा होता है वह सरकार के राजस्व से ना कट करके सीधे निबंधन कार्यालय और उनके पदाधिकारियों के पास चला जाता है जिससे लाखों रुपया राजस्व का चूना लगता है यही नहीं इसके अलावा यह निबंधन कार्यालय से भी पता कर लिया जा सकता है कि प्रतिदिन सैकड़ों रजिस्ट्री ऑफिस से केवाला के नकल निकलते हैं लेकिन सर्च एंड मुआवना का ऑनलाइन स्लिप नहीं जमा होता है बल्कि वह पैसा सीधे निबंधन कार्यालय के पदाधिकारी एवं लोगों के बीच बंट जाता है इससे पहले जिला निबंधन कार्यालय में एसीबी के टीम के द्वारा छापा भी पढ़ा था लेकिन उसके बाद भी यहां के पदाधिकारी निडर होकर सरकार के राजस्व का चूना लगाकर घुसखोरी कर रहे हैं ऐसी परिस्थिति में पलामू उपायुक्त जांच कर अविलंब पदाधिकारियों पर कार्रवाई करें ताकि लाखों का गमन किया जा रहा राजस्व का पैसा जो जनता के टैक्स का पैसा है सरकार को मिल सके।

इंटर साइंस में कॉलेज टॉपर रहा सुजल बना प्रखंड टॉपर

नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नौडीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय के सांसद प्रतिनिधि पुत्र सुजल कुमार ने गुलाब चन्द्र प्रसाद अग्रवाल सड़मा, छतरपुर के नियमित छात्र है। इन्होने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज मे अव्वल के साथ साथ नौडीहा बाजार प्रखंड के टॉपर बनकर पूरा प्रखंड का नाम रौशन किया। सुजल ने भविष्य मे आयकर विभाग मे आईएएस अधिकारी बनाना चाहता है। सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अपने बेटा की पढ़ाई मे किसी प्रकार की कमी नहीं करूँगा और मैं भी चाहता हूँ आईएएस बनकर अपना जिला का नाम रौशन करें। सुजल का सार्वाधिक अंक प्राप्त करने की खुशी मे पूर्व मुखिया वीणा देवी, चाचा चिंटू श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पहुंचकर मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना किया।

12 वीं की परीक्षा में 429 अंक लाकर गढ़वा की ग्रेसिका ने अपने कॉलेज में बनाई टॉप 5 में जगह

गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दिया गया है। अबकी बार बेटियों ने सफलता के कई आयाम स्थापित किए हैं। खासकर सेंट ऐनी इंटरमीडिएट कॉलेज रांची में रांची की छात्राओं के अलावा गढवा की छात्राओ ने टॉप 5 पर अपना परचम लहरा कर जिले का सम्मान बढ़ाया है। इन छात्राओं की सफलता पर शिक्षक और अभिभावकों ने खुशी जाहिर किया है और बेहद उत्साहित होकर बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का आशीर्वाद दिया है। वहीं गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर के अहीरपुरवा गाँव निवासी गुलाब पासवान की बेटी ग्रेसिका राज ने साइंस में 429 अंक लाकर अपने कॉलेज में टॉप पांच में जगह बनाई है। ग्रेसिका कहती हैं की घर में माँ पिता का अथाह प्यार और आशीर्वाद के कारण आज मैं उतीर्ण हुई। ग्रेसिका ने कहा की आगे बहुत पढ़कर डॉक्टर बनूँगी और अपने घर, समाज, जिला और राज्य का नाम रोशन करना चाहती हूँ।बताते चले कि ग्रसिका के पिता गुलाब पासवान मनरेगा में तथा उसकी माता जी बाल विकास विभाग में कार्य रत है।

मैट्रिक परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : झारखंड अधिविध परिषद द्वारा 2022-23 के दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट को लेकर छात्र छात्राओं काफी उत्साहित दिखे। इसमें स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के कुल 74 भैया बहनों का परिणाम शत-प्रतिशत प्रथम स्थान रहा। जिसमें दसवीं कक्षा के भैया आयुष कुमार 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। वही दूसरे स्थान पर विकास खलखो 93.8प्रतिशत, प्रियांशी प्रिया 93.4 प्रतिशत, उत्तम कुमार 93.4प्रतिशत, ज्योति कुमारी 93.2 प्रतिशत, प्रिंस कुमार 92.8 प्रतिशत, रौशन कुमार मेहता 92.2 प्रतिशत, रिफत खातून 92 प्रतिशत, अंजली कुमारी 19.8 प्रतिशत, आदित्य कुमार 91.6 प्रतिशत, राजन कुमार91.4त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया की विधालय में इस साल भैया-बहन दोनों का रिजल्ट बेहतर रहा। भैया-बहन विद्यालय व जिला का नाम रोशन किया है। उसके इस सफलता से विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मियों व छात्रों में हर्ष है। उन्होंने भैया बहनों के सफलता पर खुशी का इजहार किया। सफल बच्चों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया बहनों के शत-प्रतिशत उपलब्धि एवं बेहतर परिणाम से स्कूल परिवार में खुशी का माहौल रहा। कहा कि प्रित्येक भैया बहन बेहतरीन कलाकार विद्यालय का नाम रोशन किए हैं। यह शिक्षक एवं छात्रों के परिश्रम का फल है। उन्होंने इसके लिए स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। वही इस सफलता के लिए विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ0 धर्मचंद लाल अग्रवाल व राजकुमार प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने विद्यार्थियों, आचार्यो एवं इनके अभिभावकों को बधाई दिया।

नाबालिग छात्रा हुई गर्भवती, गर्भपात की दवा खिलाने के बाद हालत बिगड़ी, अस्पताल में चल रहा इलाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदनीनगर : सदर अस्पताल में एक नाबालिक 11 वर्षीय गर्भवती छात्रा का इलाज चल रहा है।पलामू जिले के नक्सल प्रभावित इलाके की एक 11 वर्षीय नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई थी। इसके बाद नाबालिग लड़की को दवा खिलाकर उसका गर्भपात कराया गया।जिसके बाद नाबालिग लड़की की हालत खराब हो गई. इसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. इलाज के क्रम में पूरे मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल पीड़िता की हालत गंभीर है। डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम उस पर निगरानी रख रही है. फिलहाल पीड़िता खुल कर कुछ बता नहीं पा रही है. पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन कर दी है. जबकि पीड़िता के बयान के आधार पर पॉक्सो, दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, पीड़िता पलामू के एक नक्सल प्रभावित इलाके में स्कूल की छात्रा है। मामले में आरोपी भी स्कूल का ही है। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है और उसके खिलाफ छापेमारी कर रही है. पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने सिर्फ यह बताया है कि आरोपी उसके स्कूल से है. संबंधित थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पीड़िता अभी कुछ बता नहीं पा रही है. हालात में सुधार होने पर पीड़िता का बयान लिया जाएगा। जिसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी. पुलिस मामले में तकनीकी समेत कई बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है. मामला दुष्कर्म का है या यौन शोषण का यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. पीड़िता ने भी पुलिस को इस मामले में जानकारी नहीं दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता गर्भवती हो गई थी और मामले की जानकारी परिजनों को नहीं दी गई थी। दवा खाने के बाद पीड़िता की हालत गंभीर हो गई. जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है. लड़की की हालत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे स्थानीय अस्पताल लेकर गए. जहां से इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. पलामू में पिछले कुछ महीनों में यह दूसरा मामला है, जब एक स्कूली छात्रा गर्भवती हुई है. इससे पहले एक दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती हो गई थी. पुलिस की तरफ से पूरे मामले में सीडब्ल्यूसी को भी सूचना दी गई है।

हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखंड के ग्राम पंचायत बेड़मा में वीर हनुमान जी का मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को धूमधाम से संपन्न हो गया।इसके उपरांत हवन, आरती की गई। इस महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जयकारा लगाया। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। बताते चलें कि हनुमत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ था। मंगलवार को वेदी पूजा एवं विभिन्न प्रकार से अधिवास कराया गया। इसके उपरांत बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा तथा अष्ठजाम, महाप्रसाद एवं भंडारा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान डाल्टनगंज, चैनपुर भंडरिया विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक चौरसिया, स्थानीय मुखिया और कई गन्नेवान लोग भी शामिल हुए। वहीं आयोजन समिति के आचार्य सहित अन्य का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

रुपेश कुमार पटेल, गुड्डू और रिया को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार (पलामू) : नौडीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के स्तरोन्नत उच्च विधालय गुलाबझरी के छात्र रुपेश कुमार पटेल पिता प्रमोद कुमार सिंह 477(95.40) अंक प्राप्त कर अपने प्रखंड सहित अनुमंडल छतरपुर के आलावा अपने जिले मे चौथा स्थान हासिल किया है। जिससे विधालय परिवार सहित पूरे प्रखंड मे खुशी का माहौल है। साथी साथ स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के गुड्डू कुमार 94 प्रतिशत और स्तरोन्नत उच्च विधालय गुलाबझरी के छात्र अंकित कुमार 92.60 त्नऔर रिया कुमारी ने 92.20 सहित स्तरोन्नत उच्च विधालय कुहकुह के छात्रा खुशबु माहीं ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इस सुदूरवर्ती क्षेत्र का परचम लहराया है, इसलिये प्रखंड वासियों ने काफी हर्ष व्यक्त कर रहे। उक्त मौके पर पंचायत के मुखिया हेवन्ति देवी समाज सेवी सह शिक्षक संतोष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी के अलावा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों के घर पहुँच कर शिक्षण सामग्री देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना और ढेर सारी बधाई दिए।

एक्सीलेंट कोचिंग ने सफल छात्रों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा बाजार स्थित एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर के संचालक मनीष जी के द्वारा मैट्रिक एवं आईएससी के सफल छात्र छात्राओं को बधाइयां देते हुए सम्मानित किया गया। जूनियर छात्रों में भी सफलता को देखते हुए हर्ष का माहौल था। सभी के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भी कोचिंग संस्थान का रिजल्ट बेहतर होते हुए दिखाई दिया। आईएससी मे शशिकांत कुमार 83 प्रतिशत आलोक कुमार 81 प्रतिशत चंदन कुमार गुप्ता एवं प्रियांशु ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया साथ ही साथ अन्य छात्र-छात्राओं ने भी 75 प्रतिशत से अधिक लाकर कोचिंग का मान एवं सम्मान बढ़ाया। वही मैट्रिक में राहुल यादव 85 प्रतिशत गौतम 83 प्रतिशत गोलू 80 प्रतिशत आकाश मुन्ना सोनू अनुज विकास चंदन सहित अन्य छात्रों ने भी 75 प्रतिशत से ऊपर लाकर अपने द्वारा किए गए परिश्रम को साबित किया। कोचिंग के संचालक मनीष जी ने कहा कि अगले वर्ष का रिजल्ट इस वर्ष से भी बेहतर होगा।

तोलरा में भगवान विष्णु ने रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण

➲रथ के पीछे हजारों श्रद्धालु भी घूमे, जयकारे से गुंजुमान हुआ क्षेत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में नव निर्मित विष्णु मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चल रहा है। मंदिर में भगवान विष्णु सहित कई देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित होना है। प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को भगवान विष्णु सहित सभी देवी देवताओं ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया.नगर भ्रमण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के रथ के पीछे चल रहे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजमान हो गया। नगर भ्रमण के दौरान रथ तोलरा शोखा बाबा, स्टेशन,वर फाटक,चेडी दरबार सहित कईअन्य जगह गई। सभी जगहों पर भगवान की प्रतिमाओं पर फूल की बारिश हुई। इस क्रम में बटेश्वर तिवारी,दिलीप तिवारी, बिजय तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने अपने घर के सामने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। रथ पर देव प्रतिमाओं के साथ यज्ञाचार्य जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज भी मौजूद रहे। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी,सचिव रासबिहारी तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, पत्रकार राम निवास तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी,अरुण त्रिवेदी,गोखूल तिवारी, धीरन तिवारी, सोनी तिवारी, मुकेश तिवारी, दिपु तिवारी, श्रीराम तिवारी, अजित तिवारी, सुधीर तिवारी, नितु तिवारी, अमित तिवारी, बालमुकुंद तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। यज्ञ समिति ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर प्रतिदिन रामकथा भी चल रहा है।

बगैर चालान के परिवहन करते पांच हाईवा जब्त

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर उपायुक्त पलामू के निर्देश के आलोक में बुधवार को एनएच 98 इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सीओ बासुदेव राय ने खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की माइनिंग चालान की सघन जांच की। इस दौरान अवैध तरीके से बिना चालान के परिवहन को रोकने के लिए चलाए गए अभियान में पांच स्टोन चिप्स व डस्ट लदे हाईवा ट्रक जेएच 12 जी 5302, जेएच 01 डी ए 9027, जेएच 03 ओ 4510, जेएच 03 एकस 9716 तथा जेएच 01 डी ए 8607 को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने पूछे जाने पर इसकी पुष्टि की ।

भाजपा उर्दवार मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : भारतीय जनता पार्टी उर्दवार मंडल कि मंडल कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक उपरी कला सामुदायिक भवन में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर आगंतुक अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह महा जनसंपर्क अभियान के मंडल के प्रभारी प्रफुल्ल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह तथा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता थे। इस बैठक में रविंद्र कुमार सिंह ने मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर 1 जून से 30 जून तक प्रत्येक गांव के घर-घर तक पहुंचाने की बात कही है। प्रफुल्ल कुमार सिंह ने महा जनसंपर्क अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों के घरों पर पहुंचकर उन्हें समझाने की आवश्यकता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, पीएम किसान योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसानों, गरीबों के लिए अन्य कई योजनाओं को लेकर उनके घरों तक 1 जून 2023 से 30 जून 2023 तक पहुंचकर बतलाना है आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पुनः प्रधानमंत्री मोदी जी को बनाने के लिए उन्हें बताने की आवश्यकता है ताकि निरंतर देश विकास में भारतीय जनता पार्टी नित्य मोदी सरकार कार्य करता रहे। इस मौके पर रामलाल विश्वकर्मा, उदय सिंह, श्री मेहता, लल्लू पासवान, लल्लन यादव, मिथिलेश पासवान, लल्लू साहू, विपिन सिंह, संतोष यादव, जितेंद्र पासवान, रंजीत गुप्ता, दिनेश गुप्ता, भीम मेहता, विनय पासवान, रविंद्र कुमार सिंह, राधेश्याम राजवाड़े, रूपेश कुमार राजवंशी, धनंजय यादव, प्रमोद यादव, माया कुमारी, अनीता देवी, सरवन राम, विनोद मेहता, उपेंद्र विश्वकर्मा, लालदेव रजवार के साथ मंडल के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए निकाली गई भव्य कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : हुसैनाबाद के बुलंद बिगहा गाँव में 29 मई 2023 तक होनेवाले श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कलश यात्रा में रथ एवं घोड़े मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। यह कलश यात्रा बुलंद बिगहा गाँव से देवरी कलां सोन नदी के तट पर पहुँची, जहाँ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं को जलभरी कराया गया। मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने कहा कि यज्ञ से वातावरण के साथ मन का भी शुद्धिकरण होता है। साथ ही, उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी यज्ञ में शामिल होकर यज्ञ को सफल बनाएँ, वहीं भाजपा के वरीय नेता वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ कराने से सनातन का गौरव बढ़ता है। एन सी पी के प्रदेश महा सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ वीनू सिंह ने कहा कि धर्म से इंसान बंधा हुआ रहता है नहीं तो अराजकता फैल जाएगी। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि यज्ञ होने से वातावरण शुद्ध होता है क्यों की यज्ञ में दी जाने वाली आहुति की सामग्री पूर्णतः शुद्ध होती है किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति बनी रहती है एवं वातावरण शुद्ध होता है इससे लोगों में सनातन धर्म के प्रति लगाव बढ़ता है इस कलश यात्रा समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी, भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कामेश्वर कुशवाहा, जयप्रकाश उपाध्याय, अमित सिंह, लालधन ठाकुर, ओमप्रकाश उपाध्याय, महेंद्र सिंह, सागर सिंह, समाजसेवी राजीव कुमार सिंह उर्फ़ डब्लू सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी समेत हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

सेरेंगदाग थाना के प्राथमिक अभियुक्त को सेन्हा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कुंदगड़ी मोड़ से प्राथमिक अभियुक्त को सेन्हा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर सेरेंगदाग थाना कांड के आरोपी को भेजा जेल। सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में पीसीसी पथ निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने एवं मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दिया गया था। जिसके आलोक में सेरेंगदाग थाना में आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 3/23 दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। इसी निमित आरोपी आशिफ अंसारी उर्फ गुड्डू को सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ से गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए धारा 341,323,325,307,504,506,34 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मेडिकल जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा गया। बताया जाता है कि 22 मई को पीसीसी निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने एवं कार्य स्थल पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दिया गया था। जिसकी सूचना सेरेंगदाग थाना प्रभारी को मिलते ही आरोपी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर कारवाई किया जा रहा था। तभी सूचना मिला कि सेन्हा थाना क्षेत्र के आरा निवासी गफार अंसारी के पुत्र आशिफ अंसारी उर्फ गुड्डू का कुंदगड़ी मोड़ में होने की सूचना प्राप्त होते ही सेन्हा थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा गया।

संक्षिप्त खबरें

विमल हत्याकांड में प्रिंस को आजीवन कारावास की सजा

रांची। रांची सिविल कोर्ट ने विमल महतो हत्याकांड में केस के अभियुक्त प्रिंस सोनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और दोषी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। नगड़ी थाना से जुड़े कांड संख्या 157/21 में पुलिस एक बेकसूर सूरज को भी जेल भेज चुकी है, जिसे पिछले सप्ताह कोर्ट ने बरी कर दिया था। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 15 दिनेश कुमार की कोर्ट में इस केस का ट्रायल हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। उन गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा अदालत में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने प्रिंस सोनी को सजा सुनाई है।

बजरंगबली की मूर्ति का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

रांची। श्री श्री महामृत्युंजय शिव मंदिर प्रांगण शिवपुरी हिनू में तीन दिवसीय वीर बजरंगबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गई। सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने तपोवन मंदिर से जल भरकर कलश लेकर शिवपुरी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकालते हुए बैंड बाजे के साथ शिव मंदिर तक आए। माताओं एवम बहनों की उमंग एवम उत्सव कलश यात्रा को और मनमोहक बना रहा था।मंदिर की सजावट,बजरंग बली की जयघोष एवम श्रद्धालुओं की जोश सनातन के प्रति लोगों की आस्था को प्रदर्शित कर रहा था। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विपिन कुमार मुख्य यजमान के रूप में शोभा यात्रा के साथ थे। जबकि देश के जाने माने हनुमान भक्त श्री श्री नीम करोली बाबा जी के हाथों मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगी। आज अष्ट्याम भी प्रारंभ होगा। इस कलश यात्रा में भाजपा के प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू , आलोक रंजन श्रीवास्तव अरविंद उपाध्याय, उमेश सिंह, दीपक उपाध्याय, कुलजीत सिंह डिब्बी सरदार ,विनोद प्रधान, पंडित जग बंधोपाध्याय ,हेमा देवी, चंदा सिंह ,अर्चना सिंह ,नेहा सिंह, राखी सिंह ,कुंदन सिंह, सिद्धार्थ, युवराज ,आशुतोष सिंह ,आदित्य उपाध्याय, अनीश आनंद सहित हजारों लोग शामिल हुए।

जनता के बीच हाथ जोड़कर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

रांची। शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर करीब 12ः40 में गुलाबी साड़ी पहने महामहिम राष्टपति द्रौपदी मुरमू पहुंची और यहां पर अपने वाहन से उतरते के साथ परमवीर चक्र विजेता लांस नायक शहीद अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद जैसे ही उसके सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों उसे अपने कारकेट पर उन्हें लाने के लिए आगे बढ़े, तभी राष्टपति द्रौपदी मुर्मू अपने प्रोटोकॉल से बाहर निकल कर सड़क के दोनों ओर खड़ी जनता के बीच हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए पहुंच गई।जैसे ही राष्टपति द्रोपदी मुर्मू जनता के बीच पहुंची लोग उनका अपने मोबाइल से उनका फोटो खींचने लगे, और हाथों को हिला कर उनका अभिवादन को स्वीकार किया। इस दौरान कई बच्चे, बच्चियां, छात्राएं,महिलाएं, पुरुष सभी काफी उत्साहित हुए और हाथ मिलाने के लिए हाथ भी आगे बढ़ा रहे थे। हालांकि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम था और लोग अपने अपने स्थान से ही राष्टपति द्रोपदी मुर्मू का हाथ हिलाकर अभिवादन को स्वागत कर रहे थे। ऐसा बहुत कम मिलता है जब राष्टपति अपने प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए जनता से मिलने उनके बीच जा पहुंचते हैं। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, डीजीपी अजय सिंह ,रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी शुभांशु जैन, सिटी डीएसपी दीपक कुमार सहित कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

रांची एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

रांची। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर उनके स्वागत के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले से उपस्थित थे। हालांकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू सुबह करीब 8ः30 ही पहले देवघर एयरपोर्ट पहुंच चुकी थी। वहां पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उनका स्वागत किया । फिर राज्यपाल राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू के साथ ही रांची लौटे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव वंदना, डीजीपी अजय सिंह, रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल सहित ग्रामीण एसपी नौशाद आलम शामिल थे।

राष्ट्रपति खूंटी में आज महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ करेंगी संवाद

रांची। राष्टपति द्रौपदी मुर्मू आज 25 मई 2023 को झारखंड के खूंटी जिले के बिरसा मुंडा कॉलेज स्टेडियम में आयोजित जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम द्वारा आयोजित महिला एसएचजी सम्मेलन में महिला स्वयं सहायता समूह के साथ संवाद करेंगी। राष्टपति लाइव डेमो बूथ और स्टाल का दौरा भी करेंगी।इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।कार्यक्रम के दौरान, ट्राइफेड, एनएसटीएफडीसी और केंद्र/राज्य सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों के विविध जनजातीय शिल्प के साथ-साथ जनजातीय कला और शिल्प के लाइव प्रदर्शनों को प्रदर्शित करने वाले बूथ स्थापित करने की योजना है। इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को वनों के बारे में उनके अधिकारों, वीडीवीके के लाभों, वित्तपोषण और बाजार के संभावित मार्गों और पैमाने की

अर्थव्यवस्थाओं के बारे में शिक्षित करना है।

इवेंट में प्रदर्शित प्रदर्शनों में ये शामिल होंगे

जनजातीय उत्पादों का शिल्पवार प्रदर्शनः यह प्रदर्शन 20 स्टालों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए झारखंड और बिहार राज्यों के 20 आपूर्तिकर्ताओं और वीडीवीके को उनके उत्पादों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें देश भर के आदिवासी उत्पादों को प्रदर्शित करने के अलावा विभिन्न शिल्प वार स्टॉल शामिल होंगे। शिल्प का प्रदर्शनः शिल्प प्रदर्शन की व्यवस्था वस्त्र, बांस की टोकरी, जैविक खरसावां हल्दी (हल्दी) बनाने, योग मैट बनाने, सबाई घास उत्पाद बनाने, मोती खेती डेमो, सोहराई पेंटिंग, संगीत वाद्ययंत्र बनाने और लाख के आभूषण बनाने के लिए की गई है। भारतीय प्राकृतिक रेजिन और गोंद संस्थान (आईआईएनआरजी - द्वारा लाख की खेती को बढ़ावा देना, एनएसटीएफडीसी, एनएसआईसी, एनआईईएसबीयूडी, कौशल क्षेत्र परिषद (एफआईसीएसआई), डाक विभाग और एमएसएमई मंत्रालय के स्टॉल। हेल्थ कॉर्नरः स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए, जनजातीय समुदायों में प्रचलित आनुवंशिक या जीवन शैली की बीमारियां , जैसे सिकल सेल एनीमिया, तपेदिक, मलेरिया और कुपोषण आदि पर जागरूकता पैदा करने के लिए हेल्थ कॉर्नर आयोजित किया जाएगा और एससीडी की स्क्रीनिंग भी आयोजित होगा7 स्क्रीनिंग के बाद, प्रभावित व्यक्तियों को रोगों और इसके प्रबंधन के बारे में निदान, परामर्श और जानकारी प्राप्त होगी।

धरती आबा बिरसा मुंडा के जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल कराएं महामहिम : अजय सिंह

रांचीः राष्टपति द्रौपदी मुरमू दो दिनों के झारखंड दौरे पर हैं, इस दौरान धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मस्थली खूंटी में भी महामहिम का कार्यक्रम रखा गया है, यह एक झारखंड के लिए यादगार पल है। जब झारखंड के शहीदों को देश की राष्टपति महामहिम द्रौपदी मुरमू के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है, अभी शहीदों के सम्मान में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है, जिसमें सर्व प्रथम है कि पूरे देश के यूनिवर्सिटी में धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी को पढ़ाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी धरती आबा बिरसा मुंडा के आंदोलन और त्याग को समझे जाने और उनकी विचारधारा को आगे लेकर चले।उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने कही।झारखंड के शहीदों पर सरकार के द्वारा रिसर्च कराया जाए।उसे स्कूल व यूनिवर्सिटी स्तर पर पढ़ाया जाए।

राष्ट्रपति के दौरे पर पुलिस छावनी में तब्दील हुई रांची

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची पहुंची हैं। ऐसे में रांची एयरपोर्ट से लेकर झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन और राजभवन के आसपास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राजभवन, नए हाई कोर्ट भवन और एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में निगरानी के लिए सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। रांची में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। राजधानी के हर गली-मुहल्लों के पास पुलिसकर्मियों की तैनाती है। कहीं भी वाहन खड़े करने की इजाजत नहीं है। सड़क के दोनों ओर पुलिस के जवान मुस्तैद हैं। रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है। कचहरी से मेन रोड जाने वाले रास्ते को डायवर्ट कर दिया गया है। रातू रोड से किशोरगंज चौक वाले रास्ते को भी खाली करा दिया गया है। राजधानी की सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी कम हो गया है। लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है।ट्रैफिक पुलिस लोगों को हिदायत भी दे रही है। झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन को लेकर हाई कोर्ट के चारों तरफ एक सुरक्षा का घेरा तैयार कर दिया गया है।

विश्व साइकिल दिवस के मौके पर रांची साइक्लोथॉन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची के साइकिल मेयर - कनिष्क पोद्दार, स्थानीय साइकिलिंग समुदाय के सदस्यों के साथ 3 जून 2023 को रांची साइक्लोथॉन 2023 नामक एक साइकिल कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 5:00 बजे शुरू होगा और सुबह 7:30 बजे समाप्त होगा। यह कार्यक्रम 3 जून को अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस मनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर लोगों को स्वस्थ और फिट जीवन शैली के लिए अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करने के लिए भी आयोजित किया जा रहा है। साइकिल चालक कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट - https://veloventure.in/ranchi-cyclothon पर रु. 400 का पंजीकरण शुल्क देकर कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कर सकता है। इस कार्यक्रम में तीन श्रेणियां हैं और प्रत्येक श्रेणी के विजेता को ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि सर्किट पूरा करने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को फिनिशर के पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

श्रेणियां

1) एमटीबी या हाईब्रिड साइकिल पर 25 कि.मी
2) एमटीबी या हाईब्रिड साइकिल पर 50 कि.मी
3) सड़क साइकिल पर 50 कि.मी



बाल संरक्षण आयोग ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी के प्रयास से खलारी प्रखंड के चोरी मध्य पंचायत भवन में बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य जाँच हेतु कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की जायेगी । मौके पर डॉक्टर चंदन डॉक्टर फरजीन रहमान और सिप्ला के इंचार्ज उमेश कुमार उपस्थित रहेंगे। उज्जवल प्रकाश तिवारी सदस्य झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के द्वारा एक पहल की शुरुआत किया गया था, जिसमे रांची जिले के विभिन्न विद्यालय/संस्थान में नामांकित बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है, जो विशेष डॉक्टर की उपस्थिति में होगा। तिवारी द्वारा विभिन्न विभागों यथा जिला बाल संरक्षण ईकाई , बाल कल्याण समिति ,शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया जाना है।मौके पर सीडब्लूसी अध्यक्ष अजय शाह , शिवनारायण मंडल, डॉक्टर मनीष,डॉ रितेश एवं उनकी टीमें बीपीओ पंचायत सचिव एवं सम्मानित मुखिया विद्यालय प्रधान एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

मधुकर गंगाधर के समग्र साहित्यिक मूल्यांकन पर गोष्ठी आयोजित

डा कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि मधुकर जीवन के अंतिम क्षण तक साहित्य सृजन मे व्यस्त रहे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मधुकर गंगाधर नई कहानी दौर के बेहद महत्वपूर्ण कथाकार थे, हालांकि वे किसी आंदोलन को नहीं मानते थे। यही वजह थी कि उन्होंने नई कहानी की शव परीक्षा शीर्षक लेख लिखा था, जो काफी चर्चित हुई थी। मधुकर गंगाधर की कहानियों में जहां लोकराग की जीवंतता है, वहीं वैचारिकता की उष्मा भी है। मधुकर के साहित्य पर आयोजित गोष्ठी में प्रोफेसर डा नरेन्द्र झा ने उक्त बातें कही।

वहीं दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि रेणु की माटी के कथाकार मधुकर गंगाधर की कहानियों में सामाजिक अंतर्विरोध, आर्थिक विषमताएं, शोषित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता और सांस्कृतिक विडंबनाओं का प्रत्यक्ष वर्णन मिलता है। डा कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि मधुकर जीवन के अंतिम क्षण तक साहित्य सृजन मे व्यस्त रहे । उन्होंने कई उपन्यास एवं कविता, नाटक, समीक्षा, रेडियो रूपक आदि का भी सृजन किया। मोतियों वाले हाथ, यही सच है, फिर से कहो, सातवीं बेटी, सुबह होने तक, गर्म पहलुओं वाला मकान आदि उनके दस उपन्यास प्रकाशित हैं। मैथिली के वरिष्ठ लेखक केदार कानन, कथाकार अमरनाथ झा सहित वैचारिक गोष्ठी में शहर के कई साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

निलंबित आइएएस छवि रंजन को नहीं मिली बीवी बच्चों से मिलने की अनुमति

रांची। सेना सहित अन्य जमीन मामले के आरोपी जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की याचिका प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट कोर्ट ने खारिज कर दी है। बता दें कि निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी, लेकिन प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन जेल मेनुअल के मुताबिक ही अपने परिवार से मिल पायेंगे।

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को कोर्ट में किया गया पेश, भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को छह दिन के पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया।

एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अमन की पेशी हुई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया।

एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी 16 मई को हुई थी। अमन श्रीवास्तव को एटीएस टीम ने महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची लाया गया था।

ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 18 मई को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। गैंगस्टर पर कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

56 परीक्षा केंद्रों पर 28 को होगी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा 28 मई को राजधानी रांची के 56 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी।

इस परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेश के 26054 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजकर 30 मिनट से शुरू होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दो बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्र के बाहर जमा करा लिए जायेंगे। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया है। यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इन कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्यवेक्षक और केंद्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व भी बता दिये गये हैं। स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों को परीक्षा के एक दिन पहले 27 मई को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है।

यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजकर 30 मिनट से शुरू होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दो बजकर 30 मिनट से शुरू होगी।

स्नेहा कुमारी की सफलता से माता-पिता हुए खुश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अनीता गर्ल्स स्कूल कांके की रहने वाली छात्रा स्नेहा कुमारी जिनके पिता पंडरा बाजार समिति में मुंशी का काम करते हैं। स्नेहा ने अपने दम पर अपने माता-पिता के भावनाओं को समझते हुए उन को देखते हुए, अपने पिता जितेंद्र वर्मा और माता रानी देवी की पुत्री ने दसवीं क्लास में 88.4त्न नंबर लाकर के अपने माता-पिता अथवा अपने परिवार वालों का नाम रोशन किया है। 442 अंक से उन्होंने दसवीं क्लास उत्तीर्ण किया है। स्नेहा का कहना है कि आगे भी अपने माता-पिता का नाम ऐसे ही रोशन करती रहूंगी और आने वाले समय में मैं अपने देश के लिए एक नया मुकाम हासिल करके दिखाऊंगी , एक अच्छी डॉक्टर बनकर अपनी समाज का सेवा करूंगी और अपने मेहनत के बल पर आगे भी मैं अपने और अपने माता-पिता के सपनों को सकार करूंगी।

पंचायत विकास योजना अन्तर्गत केन्द्र के संचालित योजनाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना अन्तर्गत वीपीआरपी, बाल सभा, महिला सभा एवं केन्द्र द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं को एकीकृत करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन 14 पंचायतों में से सात पंचायतों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अध्यक्षता प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा ने की। इस

कार्यक्रम में ट्रेनर रूप में पहुँचे मास्टर ट्रेनर मोहित सिन्हा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड समन्यवक 15वें वित्त आयोग असित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता दीपांकर कुमार, एसबीएम ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार जेएसएलपीएस की बीपीएम जय कुमारी, ग्राम पंचायत फैसिलिटेटर के अलावा सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत को जीपीडीपी के 9 थीम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी, जल प्रयाप्त गांव, स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, अत्निर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितेषी वाल गांव। साथ ही इस योजना में से कम से कम एक और ज्यादा से ज्यादा दो योजनाओं की संकल्प लेने के लेकर कहां गया। उस संकल्प से 50 प्रतिशत योजना लेना, बालसभा करना एवं महिला सभा करना है। 50 प्रतिशत योजनाएं जो लिए जाएंगे वह कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाएंगे। ग्राम सभा से पारित योजनाओं को ईग्राम स्वराज के पोर्टल पर एंट्री 23-24 वित्त वर्ष में कराया जाएगा ।

ट्रेन के चपेट में आने से सहायक लोको पायलट की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : सीआईसी सेक्शन बरकाकाना टू बरवाडीह रेलखंड के मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के खलारी बाजारटांड़ रेल ओवरब्रिज के पास उप मेन लाइन में ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना मंगलवार रात्रि लगभग 9ः00 बजे की बतायी जाती है। मिली जानकरी के अनुसार खलारी मैक्लुस्कीगंज के बीच अप लाइन कि.मी. संख्या-158/01 (खलारी बाज़ारटाँड़ रेल ओवरब्रिज) के पास मालगाड़ी से रन ओवर हो गया। इसकी सूचना मालगाड़ी के लोको पायलट ने तत्काल सूचना खलारी स्टेशन मास्टर को दी गयी। सूचना होने के बाद स्टेशन मास्टर ने रेलवे सुरक्षा बल तरातु को जाँच संबधित को दिया गया। उसके बाद स्थानीय पुलिस खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना को सूचित किया गया। जहाँ जांच के बाद पता चला कि मालगाड़ी से रन ओवर हुए व्यक्ति की पहचान राजू कुमार लगभग (32 वर्ष), पिता बिंदा साव जो वर्तमान में सहायक लोको पायलट है। जिसका मुख्यालय खलारी में पदस्थापित है। वही मृतक का पता ग्राम जवाहर नगर भुरकुंडा थाना भुरकुंडा ओपी जिला रामगढ़ बताया गया। ट्रेन के चपेट में आने से व्यक्ति की मौत के बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस दल बल के साथ पहुँचे। थाना से अवर निरीक्षक सुमित कुमार भगत, सहायक अवर निरीक्षक मिरजा सोरेन साथ स्टाफ के पहुंचे एवं सहायक अवर निरीक्षक मिरजा सोरेन के द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मांडर प्रखंड सभागार में मंत्री के प्रतिनिधि ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : बुधवार को मांडर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मांडर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की एक बैठक माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर के प्रतिनिधि शमीम अख्तर आजाद की अध्यक्षता में की गई। कम राशन वितरण की शिकायत पर गंभीरतापूर्वक प्रभारी बीएसओ को रोक लगाने की बात प्रतिनिधि जी ने कही। राशन उठाव व वितरण की जानकारी ली गई तथा प्रत्येक हरा कार्ड धारी को 05 केजी पैकेट अनाज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की बात कही। वितरण

सेड्यूल एवं बैककलॉग की जानकारी ली गई । ग्राम ब्राम्बे का तीन राशन दुकान मिशन (माडर) का दो दुकान एवं महुआ जाडी का दो दुकान का चावल दिवस के अवसर पर निरीक्षण का निर्णय लिया गया। कई महिला समूहों द्वारा यह शिकायत की गई कि दबंग महिला द्वारा व्यक्तिगत रूप से समूह का संचालन किया जा रहा है, इसे प्रभारी बीएसओ से रोक लगाने की बात कही गई। डोर टू डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट द्वारा राशन पहुंचाने के नाम पर राशन डीलर से पैसा लिया जा रहा है उस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई जबकि डोर टू डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट का इकरारनामा वर्षों पहले समाप्त हो चुका है । बैठक में प्रभारी बीएसओ श्री रंजन गुप्ता प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का मुजीब उर रहमान ,सुनील सिंह ,बिरसा उरांव ,सुशील उरांव ,अफजल हुसैन ,अमिताभ रंजन पाठक विमला कुमारी , जमाल अंसारी ,सहीत दर्जनों राशन डीलर उपस्थित थे।

चुरी मध्य पंचायत में स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी मध्य पंचायत भवन में स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से शिशु रोग एवं छाती रोग हेतु जांच शिविर लगाया गया। चूरी मध्य पंचायत की मुखिया सुनीता देवी के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर बाल संरक्षण सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बाल संरक्षण सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी के द्वारा फीता काटकर आयोजन का शुरुआत किया गया। शिविर में छाती रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा कुल 61 व्यक्तियों का जांच किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष साबिर

अंसारी, मुनू शर्मा, राजकुमार उरांव , कृष्णा चौधरी, बसंत कुमार एवं विभागीय पदाधिकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता ,प्रखंड समन्वयक असित कुमार, पंचायत सचिव पूसा मुंडा और महावीर महतो, रोजगार सेवक सुजीत कुमार के सहयोग से आयोजन को सफल बनाया गया। डॉक्टर के द्वारा लोगो को जागरूक किया गया की स्वांस संबंधी समस्या को अनदेखी नही करना चाहिए समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी डॉक्टरों से जांच कराते रहना चाहिए एवं धूम्रपान से दूरी बनाकर रखना चाहिए।

नजारेथ इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय कराटे प्रतियोगिता

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : कराटे एशोसिएशन खूंटी द्वारा नजारेथ इंग्लिस मेडियम स्कूल जलटंडा कर्रा में तीन दिवसीय कराटे प्रतियोगिता बुधवार को सम्पन्न हुआ. कराटे प्रतियोगिता में खूंटी जिला के करीब 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में कराटे एशोसिएशन खूंटी के प्रशिक्षकों के द्वारा कराटे अलग-अलग आयाम पर प्रशिक्षण दिया गया. वही नजारेथ इंग्लिश मेडियम स्कूल कि प्रिंसिपल सीरोफिना तोपनो सनजिस्ट सर एवं हाऊस की सभी सिस्टरों ने कराटे प्रतियोगिता में भरपुर सहयोग किया.

कराटे प्रतियोगिता को सफल बनाने में एशोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार,उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार सचिव रोहित राज, कोषाध्यक्ष सुमंति गुड़िया, सह सचिव सतीश कुमार शर्मा,फादर बेनेदिक बारला, ममता मगमा सुबा, अमर बारला, मनोज कुमार सिंह, पंकज कुमार राम, सुनील कुमार मिश्रा, फ्रांसिस जेवियर बोदरा,मदन गोप, त्रिपुरारी साहू, अमित कुमार राम, अमित कुमार सिंह, नवरी पूर्ति, शिवा बैठा के अलावे अन्य लोगों मुख्य योगदान रहा।

बंदी को सफल बनाने के लिए मानकी बस्ती में हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : रैयत बिस्थापित मोर्चा की बैठक मानकी बस्ती में किया गया।बैठक की अध्यक्षता रूपलाल गंझू एव संचालन आनंद गंझू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने उपस्थित ग्रामीण विस्थापितो से बंदी को सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि अब वक्त आ गया है सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितो की ताकत का अहसास कराने का। रैयत विस्थापितो की उपेक्षा करके कोयला खदान नही चल सकता है।

विस्थापित अब प्रबंधन की नीति को समझ चुके हैं और प्रबंधन के साथ अपने हक अधिकार एव मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी तरह के लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की अब मनमानी नही चलेगा। मौके पर राम लखन गंझू,शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझू,दिलेश्वर यादव, कन्हाई पासी,भुनेश्वर गंझू,रूपलाल गंझू, फूलों देवी, बिफनी देवी, सोनवा देवी, रुकमणी देवी, कविता देवी नेमिया देवी, सुदाम देवी, माना देवी, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी, मनीषा देवी, रानी देवी, राजमणि देवी, बसंती देवी, सूरजमणि देवी, मालती देवी, रंजीत गंझू, अमर कुमार गंझू, अजीत तूरी, करण गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

जयराम कोचिंग सेंटर बीसा के छात्र छात्रों का परिणाम शत् प्रतिशत रहा

अनगड़ा : जयराम कोचिंग सेंटर बीसा के छात्र छात्रों का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शत् प्रतिशत रहा।कुल 20 छात्र छात्रों परीक्षा में शामिल हुआ था जिसमें 19 छात्र छात्रों प्रथम श्रेणी एवं 1 छात्र द्वितीय श्रेणी में प्राप्त किया। कोचिंग टापर्स करण बड़ाइक 86.4% एवं द्वितीय स्थान मुनेश लोहरा 77.2% एवं तृतीय स्थान रोहित बेदिया 70% रहा। कोचिंग सेंटर के संचालक जयराम बेदिया एवं रोहित बेदिया ने उज्जवल भविष्य की कामना किया। जयराम बेदिया ने कहा कि यह सफलता शिक्षक एवं विधार्थी की कड़ी मेहनत की परिणाम है।

खूंटी की अंतररष्ट्रीय खिलाड़ी निक्की प्रधान को अर्जुन अवार्ड देने की दिलीप मिश्रा ने की मांग

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड राज्य के खूंटी जिला अन्तर्गत मुरहू प्रखण्ड के हेसल गाँव निवासी आदिवासी महिला निक्की प्रधान अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महिला खिलाड़ी जिन्होंने 150 से अधिक मैच में देश का प्रतिनिधित्व कर झारखण्ड के अलावा देश का नाम रौशन की है, को खेल के सर्वोच्च पदक या अर्जुन अवार्ड देने की मांग जेवीएम के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के बिरसा मुंडा के खूंटी जिला के मुरहू अन्तर्गत हेसेल गाँव निवासी एक गरीब परिवार में आर्थिक तंगी से पली बढ़ी गाँव में बाँस के सम्ता (फोदा) से नित्य प्रतिदिन खेल का अभ्यास कर झारखण्ड राज्य के साथ-साथ देश का नाम रोशन करने वाली निक्की प्रधान को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना चाहिए उन्होंने राष्ट्रपति महोदया से खूंटी आगमन को लेकर यह मांग की है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर राष्ट्रमंडल दिवस मनाया गया

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला के बच्चे प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में सोशल मीडिया में ऑनलाइन राष्ट्रमंडल दिवस मनाया । इस दौरान प्रधानाचार्य ने देश में एकता स्थापित करने और मानवता व इंसानियत को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मई को राष्ट्रमंडल दिवस मनाया जाता है अथवा राष्ट्रमंडल के विषय मे बताया। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अक्सा परवीन, प्रीति कुमारी,अगुस्टीना तिर्की,खुशी कुमारी, खुशी कुमारी और सौरभ कुमार का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा द्य ग्रीष्म अवकाश के समय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को विद्यालय खुलने के उपरांत बच्चे और अभिभावकों के बीच सम्मानित किया जाएगा ।

द आर्यभट्ट की छात्रा प्रियंका कुमारी गुप्ता साइंस में बनी अनुमंडल थर्ड टॉपर

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही प्रखंड अन्तर्गत हज़ारीबाग रोड़ स्थित दी आर्यभट्ट इंस्टिट्यूट के बच्चों ने 10वीं एवं 12वी साइंस के विद्यार्थियों ने झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। साइंस की प्रियंका कुमारी गुप्ता 432 नम्बर लाकर अनुमंडल थर्ड टॉपर एवं स्वेता रानी 414, खुसबू कुमारी 401 नंबर लाकर संस्थान की टॉपर रही। वही 10वीं की माही कुमारी 444 अंक लाकर संस्थान टॉपर रही। वहीं नेहा कुमारी 430 अंक, दीपक कुमार 407 अंक, शुभम कुमार 415 अंक, सागर कुमार 400 अंक लाकर संस्थान को गौरवान्वित किया। साइंस में आरिशा गुप्ता 387 अंक, विक्रम कुमार राणा 382 अंक, गुंजन कुमारी 370 अंक, प्रेमलता कुमारी 369 अंक, रोहित कुमार 363 अंक, पायल कुमारी 341अंक, सूरज राणा 339, बबली कुमारी 337, कोनिका कुमारी 332, श्रुति कुमारी 331, सुलेखा कुमारी 316, मोनिका कुमारी 312 अंक प्राप्त किया। 10वीं में मनीषा 388, कृति 385, साहिल 383, अंजलि 381, रानी 380, बबिता 380, निशा कुमारी 377, करण कुमार 371, सुनीता 369, सागर 365, गौतम 366, प्रिंस 360, गायत्री 352, प्रियंका 349, रोशनी 348, रोशनी कुमारी 348, खुसबू 324, रंजन 338, रवि 328, राहुल 320, प्रेरणा 305, गुड़िया 302, अंजलि 303, रंजीत 320, चितरंजन 300 अंक लाकर शत प्रतिशत परिणाम देकर संस्थान एवं माता पिता को गौरवान्वित किया ।

अशोक अंजलि ट्रस्ट ने किया राहगीरों के लिए शरबत का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : अशोक अंजलि ट्रस्ट के द्वारा सिल्ली धर्मशाला के समीप स्थित शिव भवन में शरबत वितरण का आयोजन किया गया है। अशोक अंजलि ट्रस्ट गर्मियों के मौसम में राहगीरों के लिए राहत पहुंचाने का प्रयास कर रही है जिसमें पेयजल के साथ साथ सत्तु सरवत, कोल्ड्रिंक्स, निंबु सरवत आदि वितरित की जा रहा है। इस संबंध में ट्रस्ट के संजय साहू एवं रूपक साहू ने जानकरी देते

हुए बताया कि शरबत वितरण अशोक अंजलि ट्रस्ट के संचालक सह संरक्षक अशोक साहू के निर्देश पर विगत सात दिनों से किया जा रहा है। जो आगामी एक महीने तक जारी रहेगा। वहीं लोगों ने इस भीषण गर्मी में इस तरह के पहल की सराहना की और ट्रस्ट के संचाल एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पाइप फटने से रोज हो रहा है सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर के में गेट के समीप पेयजल पाइप लाइन फटने से रोज सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं सड़क पर पानी बहते रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है जब भी सप्लाई आती है तो उस दौरान दबाव के चलते पानी बहने लगता है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। विभाग द्वारा इसकी जाच कर ठीक करा देने बात

कही जाती है परंतु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह समस्या बीते करीब 10 दिनों से है। स्थानीय लोगों ने पाइपलाइन की लिकेज को बंद करने की मांग की है।

अवैध रूप से विस्फोटक सामान रखने एवं खरीद बिक्री करने के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोडरमा थाना कांड संख्या 176/2014, स्ज्ञ 18/2015 दिनांक 10/10/ 2014 अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखने उसका खरीद बिक्री करने के मामले के आरोपी महादेव यादव पिता लीलो यादव लखी बागी कोडरमा निवासी के मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने अंडर सेक्शन 3 (ड्ड) एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई । साथ ही 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर आरोपी को 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वही अंडर सेक्शन 4/ 5 एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास व ?25000 जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही अंडर सेक्शन 414 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?10000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

जाने क्या है मामला : कोडरमा थाना गश्ती दल को सूचना मिली की 49 की ओर से एक ट्रक बीआर 27द्द 3791 में विस्फोटक सामग्री लेकर कोडरमा की ओर आ रहा है। मिली सूचना के आधार गश्ती दल के जवानों के द्वारा एसआई लाल बिहारी प्रसाद के नेतृत्व में डोमचांच की ओर से आने वाले ट्रकों की जांच शुरू की गई इसी दौरान उक्त ट्रक पुलिस को चकमा देकर भागने लगा गश्ती दल द्वारा ट्रक को घेरकर रोका गया और चालक सह मालिक महादेव यादव को पकड़ा गया । पूछताछ करने पर एवं ट्रक की जांच करने पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ। कुल 32 कार्टून विस्फोटक पाया गया। जिसे लेकर कोडरमा थाना में एसआई लाल बिहारी प्रसाद द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वही बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

मैट्रिक व इंटर साइंस में सफल छात्र- छात्राओं को प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षकों ने किया सम्मानित

सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह में बुधवार को मैट्रिक व इंटर साइंस के सफल छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश पांडे व सहयोगी शिक्षकों के द्वारा उपस्थित उत्कृष्ट मैट्रिक व इंटर साइंस में सफलता हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया इंटर साइंस के छात्र प्रथम आकाश कुमार 453 नंबर, रोहित कुमार 432 नंबर,सौरभ कुमार 430 तथा मैट्रिक में प्रथम अभिषेक कुमार 475 नंबर पीयूष कुमार 470 नंबर दीपक कुमार 468 नीतीश कुमार 467 नंबर इसके अलावा अन्य छात्राओं में प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा संध्या भारती 465 नंबर लाकर सफलता हासिल करने वाली छात्रा को सम्मानित किया गया वहीं उपस्थित छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम प्राचार्य व शिक्षकों के द्वारा मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया ।

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : टाटीसिलवे आदर्श नगर स्थित इमा कराटे क्लब में 24 मई बुधवार को शाम 5ः00 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें पिछले दिनों आल इंडिया इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ीयों को सम्मानित किया जायेगा।सबसे कम 5 साल की परी कुमारी को 1 गोल्ड 1 सिल्वर,लक्ष्मी कुमारी को 1 गोल्ड 1 सिल्वर,मयंक कुमार दास को 1 गोल्ड 1 सिल्वर,प्रथम कुमार को 1 सिल्वर और साहिल कुमार महतो को 1 सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जायेगा। इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्लब के द्वारा सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे रांची जिला ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सह प्रतिनिधि उमेश बड़ाइक ,पूर्व सुषमा देवी , शिद्वक्षक उमाशंकर महतो, राजेंद्र महतो, जोहार महतो, दिलीप महतो, लक्ष्मी देवी, मीरा देवी, अभिषेक महतो इत्यादि गन मान्य के अलावे सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

जैक 10वी की स्टेट टॉपर समेत जिला के टॉप थ्री को उपायुक्त ने किया सम्मानित

समाचारों में बेटियां ही छाई हुई हैं : विजया जाधव

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जैक 10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया सोनगिरी, जिला के टॉपर में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले कुणाल पाल एवं तीसरे स्थान पर रहीं सोनल कुमारी को उपायुक्त विजया जाधव एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बच्चों के माता पिता को भी शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया । समारोह में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, डीटीओ दिनेश रंजन, डीपीओ अरूण द्विवेदी, स्थापना उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, डीईओ निर्मला बरेलिया, डीएसई निशु कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे । उपायुक्त ने सभी टॉपर्स को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि ने जिले का गौरव बढ़ाया है, आगे नित नई ऊचाइयों को छुएं ऐसी शुभकामना है । समाचारों में बेटियां ही छाई हुई हैं, बेटियां जिस तरह आगे बढ़ रही हैं ये संकेत है कि समाज अच्छे दिशा में जा रहा । उन्होने कहा कि स्टेट व जिला के टॉपर से यह मिथ्या भी टूटा है कि शहर या अंग्रेजी माध्यम के बच्चे ही अच्छा कर सकते हैं । उन्होने सभी प्राचार्य, शिक्षक, निजी विद्यालयों के शिक्षक जिन्होने मॉडल सेट बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग किया तथा उन सभी पदाधिकारी व शिक्षक जिन्होने मासिक मूल्यांकन परीक्षा की कॉपी जांची तथा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिले के बेहतर रिजल्ट में अपना योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया । इस अवसर पर अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी तीनों टॉपर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी। मौके पर टॉपर बच्चों के माता-पिता ने भी अपनी बात रखी एवं जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया । स्टेट टॉपर आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया की छात्रा श्रेया सोनगिरी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को देते हुए कहा कि वे आगे शिक्षक बनना चाहती हैं । जिला के टॉपर में दूसरे स्थान पर रहे कुणाल पाल आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया ने बताया कि वे आगे कॉमर्शियल पायलट बनना चाहते हैं। जिले की तीसरी टॉपर सोनल कुमारी, प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जमशेदपुर ने कहा कि वे आगे डॉक्टर बनना चाहती हैं। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी आवासीय विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन रहा। सभी 09 केजीबीवी व 02 जेबीएवी से इस वर्ष 682 छात्र-छात्राओं में से 681 छात्राओं ने परीक्षा दिया जिसमें 619 छात्र-छात्रायें फर्स्ट डिविजन एवं 62 छात्रों ने सेकेंड डिविजन से परीक्षा पास किया।

स्टेट टॉपर श्रेया सोनगिरी

जिला के दूसरे टॉपर कुणाल पाल

जिला की तीसरी टॉपर सोनल कुमारी

छुट्टियों में कटौती करने के विरोध में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : राजभवन सचिवालय झारखंड राज्य की अधिसूचना पर पूर्व घोषित छुट्टियों में कटौती करने के विरोध में काशी साहु महाविद्यालय सरायकेला के शिक्षकों ने भी काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। विश्व विद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर काशी साहु महाविद्यालय के शिक्षकों ने इसे अन्यायपूर्ण निर्णय करार देते कहा कि राजभवन सचिवालय का यह निर्णय शिक्षा के लिए विश्वाविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश और स्थापित मनदंड के खिलाफ है। शिक्षक संघ ने पूर्ववत छुट्टियों को लागू करने का मांग किया है। विरोध प्रदर्शन में शिक्षक संघ के सचिव डॉ विनय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सुप्रभा टुटी, कोषाध्यक्ष प्रो लालती तिर्की, डॉ विनिता मिंज, आनंद मिंज, गुलशन कुमार, प्रकाश कुमार, मनोज महतो, गोसिया परवीन, हर्षिता गुप्ता, डा गोपीनाथ पांडे, डॉ प्रकाश सरकार, डॉ अजुर्न कुमार, डॉ अर्चना सिंह, विभा कुमारी एवं रवि कुमार झा सहित अन्य थे।

कबीर नगर बस्ती में नाली निर्माण को लेकर अंसार ने एसडीओ को दिया ज्ञापन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में कबीर नगर मजार गली बस्ती वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी हीरालाल प्रधान को एक ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने बताया रोड नंबर (3) मजार गली कबीर नगर में ऊपर से जो नाली बनाई गई है उसे बीच में लाकर बंद कर दिया गया है। ठेकेदार का कहना है यह नाली केवल बीच तक ही पास हुई है। अंसार खान ने कहा जहां नाली को बंद किया गया है वहां से लेकर नाले तक डेढ़ सौ फिट नाली बनाकर नाले में मिलाया जाए। वही हीरालाल प्रधान ने कोपाली ऑफिस में जाने के लिए कहा। ज्ञापन सौंपने में मोहम्मद अली इमाम, सैफुल्लाह आरिफ, मोहम्मद अरशद, जावेद अख्तर, ताबीज इकबाल, नेहाल कमर, मोहम्मद अमीर उद्दीन, मोहम्मद शकूर, मोहम्मद मुमताज मौजूद थे ।

व्यवसायिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बने अरुण कुमार मांझी

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के व्यवसायिक सुरक्षा समिति सितु मिलन चौक कमेटी का पुनर्गठन किया गया। राम मंदिर प्रांगण में व्यवसायिक सुरक्षा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अरूण कुमार मांझी को अध्यक्ष, महेश्वर गोप को सचिव, दिलीप कुमार दास को कोषाध्यक्ष, दिलीप कुमार महतो व भूतनाथ महतो को उपाध्यक्ष ,सह सचिव मनोज कुमार साहू व कमल साहू,सह कोषाध्यक्ष डाक्टर सृष्टिधर महतो,भूदेव साहू को चयनित किया गया। वहीं 12 कार्यसमिति सदस्य चयनित किया गया। वहीं बैठक में कमेटी का रजिस्ट्रेशन कराने, बैंक खाता खोलने एवं बाहर से आए व्यवसायियों का बायोडाटा संग्रह करने का निर्णय लिया गया।

वैवाहिक वर्षगाँठ पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत नेंगटासाई ग्राम में ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन का जलवायु परिवर्तन को लेकर आरंभ किए गए एक-घर, एक-वृक्ष अभियान के तहत पूरे भारतवर्ष में पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन झारखंड राज्य मुख्य प्रभारी व युवा पर्यावरणविद आकाश महतो के माता-पिता छबि रानी महतो व रविन्द्र महतो ने अपनी 32वीं वैवाहिक वर्षगाँठ पर नीम एवं औषधीय पौधा लगाकर उसे यादगार बनाते हुए समाज के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इसके सफल आयोजन में पुटी देवी, रविंद्र महतो, छबि रानी महतो, पुष्पा महतो, सुनीता महतो, अजय करुआ, प्रकाश बास्के, निशा महतो, इंद्रजीत महतो, बबलू महतो आदि का योगदान रहा।

केसीसी में अंग्रेजी विभाग ने आयोजित किया जेनिथ 2.0

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): करीम सिटी कॉलेज ऑडिटोरियम में अंग्रेजी विभाग द्वारा जेनिथ 2.0 सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें स्नातकोत्तर सेमेस्टर 1 एवं 3 तथा स्नातक के छात्र-छात्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें गीत संगीत तथा विचाराभिव्यक्ति प्रशंसा योग्य रहा। प्रोफेसर एके दास ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने छात्र-छात्राओं के लिए उत्साहित वर्धक शब्द कहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के बीच भाईचारा और सामाजिकता का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे कॉलेज का अंग्रेजी विभाग एक जिंदा विभाग है जो हर सकारात्मक मंच पर अपनी उपस्थिति का एहसास दिलाता है। कार्यक्रम का आयोजन सेमेस्टर 3 और 1 के विद्यार्थियों ने किया। इस कार्यक्रम के संचालक शिउली पलीत, कनाई लाल मुर्मू, भास्कर भकत, उमेश, सेहनावाज, मोहित, अनुपम एवं रोहित थे। इनमे अंग्रेजी विभाग के शिक्षक प्रोफेसर अशोक दास, डा बासुधरा रॉय, डा नेहा तिवारी एवं प्रोफेसर साकेत कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम की मेजबानी शिउली पलीत एवं लाइबा कामरान ने किया।

आइएएस बनकर देश की सेवा करेगी आदर्श विकास विद्यालय की टॉपर अनिमा गोराई

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में आदर्श विकास विद्यालय गम्हरिया की 475 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी अनिमा गोराई आइएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। मैट्रिक की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर जिले के टॉप टेन में भी उसे स्थान मिला है। गम्हरिया के स्टेशन रोड स्थित काशीडीह निवासी प्राइवेट कंपनी में मैकेनिक के पद पर कार्यरत उसके पिता करमू गोराई तथा गृहिणी माता रिबोती गोराई को अपने इस पुत्री पर नाज है। तीन बहनों में सबसे छोटी अनिमा बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। उसने बताया कि उसकी इच्छा आइएएस बनकर देश और समाज की सेवा करना है। इसके लिए उसने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दिया है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

सांसद की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

सभी प्रखंडो में श्रम विभाग को जनता दरबार लगाने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सांसद, जमशेदपुर विधुत वरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक बहरागोड़ा समीर महंती व अन्य विधायकगण के प्रतिनिधि, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, प्रखंडों के प्रमुख, उपायुक्त विजया जाधव, डीएफओ ममता प्रियदर्शी समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला के विभिन्न समस्याओं एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभाग को समस्याओं के निष्पादन के लिए आदेश दिए गए। बिजली आपूर्ति की सुनिश्चितता, पुल, शिक्षा, सड़क, मनरेगा, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि को लेकर विशेष चर्चा हुई । बिजली विभाग के जीएम ने सदन को बताया कि वर्तमान में किसी भी स्थान पर कोई ट्रांस्फॉर्मर जला हुआ नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे तथा शहरी क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर ट्रांस्फॉर्मर बदला जा रहा। जिले के 11 सरकारी विद्यालयों में विद्युतीकरण नहीं हो पाया है, जीएम ने बताया कि आरडीएसएस योजना से नवंबर माह तक सभी विद्यालयों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करा दिया जाएगा । बैठक में केजीबीवी डुमरिया के जलमीनार में सोलर प्लेट खराब होने तथा मोटर बदलने की बात सामने आई जिसपर सांसद द्वारा सांसद मद से मरम्मतीकरण की स्वीकृति दी गई । चाकुलिया प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय चियाबांधी एवं बगडुबा में पेयजल समस्या को लेकर विधायक बहरागोड़ा द्वारा विधायक मद से समाधान की स्वीकृति दी गई ।

इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन व परिवहन विभाग का सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सदर थाना अंतर्गत विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालय परिवार एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन बर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सड़क अभियंत्रिकी विश्लेषक आशुतोष कुमार व सड़क सुरक्षा आईटी सहायक धृत कुमार उपस्थित थे। यह कार्यशाला महाविद्यालय के स्वयंसेवक अधिकारी प्रोफेसर ओमप्रकाश के पहल पर संपन्न हुआ। कार्यशाला में सड़क दुर्घटना के कारणों को बताते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट बांधना, लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि सारे कागजात हमेशा पास रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर श्रावणी मुखर्जी, सुमन कुमारी, इंदु कुमारी, सिक्की कुमारी, वंदना कुमारी, पुष्पा कुमारी, माधुरी कुमारी, रजनी कुमार व अंशु देव सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

19 घंटे बाद आदित्यपुर के रिहायशी कॉलोनी में बिजली हुई सामान्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : 19 घंटे बाद आदित्यपुर नगर निगम का वार्ड 17 का रिहायशी कॉलोनी सेवन एलएफ कॉलोनी में बिजली आई. सुबह से पानी के अभाव में कॉलोनी के लोग नित्य क्रियाकर्म नहीं कर पाए थे, 12 बजे दिन में बिजली आने पर मोटर चलाकर पानी उपलब्ध कराया गया. बता दें कि यहां मंगलवार शाम पांच बजे से आंधी पानी व ओलावृष्टि होने के समय से ही बिजली कटी हुई थी. विद्युत जीएम श्रवण कुमार ने कहा कि आदित्यपुर में आंधी पानी से ज्यादा नुकसान हुआ है. 11000 केवी लाइन के चार पोल के साथ कुल 12 पोल टूटकर गिर थे.

मोदी सरकार के 9 साल पूरा करने पर होगा कई कार्यक्रम : प्रशांत पोद्दार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बुधवार को भाजपा सोनारी मंडल की कार्यसमिति सह कार्यशाला मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में सोनारी झबरी बस्ती सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। श्री पोद्दार ने कहा कि 30 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। यह 9 वर्ष देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने का योग्य है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का साख बड़ी है। पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत 30 मई से 30 जून तक पूरे मंडल में जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा एवं पार्टी द्वारा आजीवन सहयोग निधि का कार्यक्रम भी चलाया जाएगा, व्यापारिक सम्मेलन, प्रबुद्ध जनों सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन एवं अन्य विभिन्न मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सुनील सिंह, पूरण वर्मा, गोपाल लहरी, विरेन्द्र प्रताप सिंह, महावीर सिंह, अमिताभ सेनापति, सोनू ठाकुर, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, शंकर सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

एमजीएम अस्पताल क्वार्टर खाली करने के मामले को ले महिला होमगार्ड पहुंची एसएसपी ऑफिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : साकची स्थित एमजीएम अस्पताल में 90 होमगार्ड तैनात हैं। इनमें से 30 महिला होमगार्ड तैनात हैं। एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक ने निर्देश जारी किया है कि सभी होमगार्ड क्वार्टर खाली करें। यह महिला होमगार्ड भी यहां क्वार्टर में रहती हैं। होमगार्डों का कहना है कि अगर क्वार्टर खाली हो जाएगा तो महिला होमगार्डों के रहने की दिक्कत हो जाएगी। ऐसे में वह ड्यूटी नहीं कर सकेंगी। उनको काफी परेशानी होगी। इसलिए क्वार्टर न खाली कराया जाए। अपनी इस बात को लेकर संबल कुमार के नेतृत्व में होमगार्ड बुधवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने डीएसपी सह जिला समादेष्ठा से मामले की शिकायत की। वहीं कहा गया की इस संबंध में डीसी और एसडीओ से पत्राचार करें।

करीम सिटी कॉलेज में राज भवन सचिवालय द्वारा जारी नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बुधवार को करीम सिटी कॉलेज में शिक्षक संघ ने कोल्हान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान के समर्थन में कॉलेज परिसर में काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध का प्रदर्शन किया। यह विरोध राजभवन सचिवालय झारखंड राज्य की उस अधिसूचना जिसमें राज्य के विश्वविद्यालयों को पूर्व घोषित छुट्टियों/अवकाश को बिना शिक्षकों को विश्वास में लिए कम कर दिया गया। राजभवन सचिवालय झारखंड राज्य के इस एकतरफा फैसले पर शिक्षकों ने आपत्ति जताई। शिक्षक संघ ने मांग की है कि पहले की तरह छुट्टियों का कैलेंडर लागू किया जाए । इस प्रदर्शन में शिक्षक संघ के सचिव डॉ अनवर शहाब, अध्यक्ष डा एम एम नजरी, उपाध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी, सह सचिव डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ, कोषाध्यक्ष डॉ सैयद इफ्तिखार नबी, कार्यकारिणी के सदस्य तथा अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

अंतराष्ट्रीय काव्य मंच पूर्वी सिंहभूम की 8वीं काव्य गोष्ठी ऑनलाइन आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की सिहभूंम इकाई की गोष्ठी संस्थापक नरेश नाज के संज्ञान में 23 मई 2023 ऑनलाइन आयोजित हुआ। यह जमशेदपुर इकाई की कार्यकारिणी के गठन के बाद की आठवीं मासिक गोष्ठी रही। महिला काव्य मंच की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवत्रियी दिल्ली से प्रीति त्रिपाठी रही जो बेटियों की गीत से मंच को उच्चतम सीमा तक ले गई। विशिष्ट अतिथि डाक्टर सुरिंदर नीलम कौर उपस्थित थी। इनके शब्दों से क्षणिकाओं एवं मुक्तक से गोष्ठी गौरवपूर्ण सीमा तक पहुंचने में सफल रही। जमशेदपुर इकाई की अध्यक्षा अंकिता सिन्हा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वरिष्ठ कवयित्री राँची से नीलम, सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। पूनम शर्मा स्नेहिल के बेहतरीन संचालन में कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में अनामिका जी रश्मि शकुंतला, पूनम शर्मा, स्नेहिल, खुशबू बनवाल, सबिता, काव्य धारा का प्रवाह निरंतर गीत, गज़लों, क्षणिकाओं, मुक्त छंद ,दोहे के रूप में पूरे 1 घंटे तक चलता रहा।

डीडीसी ने कुचाई प्रखंड के मरांगहातु व छोटासेगोई पंचायत के विभिन्न योजनाओं का किया निरिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड क्षेत्र के मरांगहातु व छोटासेगोई पंचायत में बुधवार को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने मनरेगा कृषि विभाग से संचालित टेक्नो पार्क निर्माण,मनरेगा एवं वाटर शेड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। श्री गागराई नें कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं का स्थल निरिक्षण किया। इस दौरान छोटासेगाई पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाए,वाटर शेड डेवलोपनेंट द्वारा निर्माणाधीन अमृत सरोवर,टीसीबी व मिट्टी से बना हुआ चैक डैम, मरांगहातु पंचायत में कुंआ एवं डोभा परसुड एवं एससीए फण्ड अंतर्गत कृषि विभाग के देख रेख में लगभग 4.25 करोड़ के लागत से निर्माणधीन टेक्नो पार्क का निरिक्षण किया। निरीक्षण क्रम में टेक्नोपार्क की कार्य प्रगति काफ़ी धीमी पाई गई जिसपर सम्बन्धित समवेदक को कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। डीडीसी श्री गागराई ने जिला कृषि पदाधिकारी को संवेदक के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुए योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करनें के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुंदन बाजपाई एवं अन्य उपस्थित थे।

गम्हरिया के आरडी रबर कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे दुर्गंधयुक्त प्रदूषण के खिलाफ ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : झारखंड मजदूर यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा आदित्यपुर स्थित झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरडी रबर कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे दुर्गंधयुक्त प्रदूषण से अवगत कराते हुए इसे रोकने की मांग की गई। बताया गया है कि उक्त कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के कारण उस मार्ग से गुजरना भी मुश्किल हो गया है और इससे कई गम्भीर बीमारियों के फैलने की भी आशंका है। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील गोराई, केन्द्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत, सागर खण्डित, राजेश मुण्डा आदि शामिल थे।

संपादकीय

कहाँ जाए हिन्दू?

राजस्थान में पहले जोधपुर में और अब जैसलमेर में, पाकिस्तान से आए हिन्दू शरणार्थियों के घरों पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। इस तपती गर्मी में बेचारे पीड़ित हिन्दू कहाँ जाएं? राजस्थान की कांग्रेस सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है कि वहाँ का प्रशासन बार-बार हिन्दुओं को निशाना क्यों बना रहा है? माना कि शरणार्थी हिन्दुओं ने सरकारी जमीन पर कच्चे आवास बना लिए थे, अतिक्रमण हटाना प्रशासन की जिम्मेदारी है लेकिन प्रशासन की यह भी जिम्मेदारी है कि ऐसी जानलेवा गर्मी में लोगों का सहारा बने। बेघर हुए हिन्दू अपनी महिलाओं और मासूम बच्चों को लेकर ऐसी गर्मी में कहाँ गुजारा करेंगे, इसकी चिंता सरकार ने की है या नहीं? दुःख होता है यह देखकर कि एक ओर अवैध घुसपैठ करनेवाले मुसलमानों को हमारे राजनेता एवं राजनीतिक दल पूरा संरक्षण देते हैं, मतदाता पत्र से लेकर उनके अन्य पहचान पत्र बनाने में सहयोग करते हैं लेकिन पीड़ित हिन्दुओं की सहायता के लिए यह मुंह भी नहीं खोलते है। आपराधिक लोगों के अतिक्रमण पर जब बुलडोजर चलता है, तब उस पर ऐसा वितंडावाद किया जाता है लेकिन यहाँ जब पीड़ित और लाचार हिन्दुओं को उजाड़ा जा रहा है, तब ये सेकुलर ताकतें चुप्पी साधकर बैठ गई हैं। अपराधियों के प्रति पीड़ा लेकिन कष्ट में जी रहे हिन्दुओं के लिए संवेदना के दो शब्द भी नहीं? किसी कांग्रेस सरकार और किसी टीना डाबी में हिम्मत है, जो बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों के अतिक्रमणों पर बुलडोजर चला सके? देश में लाखों की संख्या में अवैध घुसपैठिये हैं, जिनकी पहचान करने की बात आती है तब सभी सेकुलर ताकतें विरोध करती हैं। राष्ट्रीय नागरिक पंजीयन (एनआरसी) का विरोध इसी कांग्रेस ने भी किया है, जिसके कार्यकाल में राजस्थान में शरणार्थी हिन्दुओं को परेशान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी मानसिकता को देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर मोदी सरकार ने पड़ोसी देशों से आनेवाले हिन्दुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता देने के लिए 'नागरिकता संशोधन कानून' बनाया था, जिसका देशभर में विरोध किया गया। कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों द्वारा किए गए उस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी दलों का भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समर्थन प्राप्त था। एक ओर मोदी सरकार की सोच है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में होनेवाले अत्याचारों से परेशान होकर भारत आनेवाला हिन्दू एवं जैन, सिख और बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय यहाँ की नागरिकता लेकर स्वाभिमान के साथ जीवन जीयें लेकिन प्रमुख विपक्षी दलों की मंशा क्या है, यह ऐसी घटनाओं से स्पष्ट हो जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान में हिन्दुओं पर किस हद तक अत्याचार किया जाता है। पाकिस्तान में सरकार की सरपरस्ती में जेहादी ताकतें ने हिन्दुओं का जीना मुहाल कर दिया है। अपना स्वाभिमान बचाने के लिए मजबूरी में हिन्दू अपना घर-व्यापार छोड़कर भारत में एक विश्वास के साथ आते हैं कि वे यहाँ शांति से अपना गुजारा कर लेंगे। यदि यहाँ भी उनको सहारा नहीं मिलेगा, तब अपना दुःख लेकर हिन्दू कहाँ जाएंगे? हमारे सेकुलर नेता, बुद्धिजीवी एवं अधिकारी वर्ग उत्पाती रोहिंग्याओं के प्रति तो अथाह संवेदनाएं रखता है लेकिन शांतिप्रिय हिन्दू के लिए उनके मन में किसी प्रकार का दयाभाव दिखायी नहीं देता है। सोचिए, यदि इसी प्रकार की घटना उत्तरप्रदेश या मध्यप्रदेश में मुस्लिम समुदायों के परिवारों के साथ हो गई होती, तब किस प्रकार का वितंडावाद खड़ा किया जाता। इस एक अंतर से सेकुलर बिरादरी की पाखंडी मानसिकता उजागर हो जाती है।

> बेघर हुए हिन्दू अपनी महिलाओं और मासूम बच्चों को लेकर ऐसी गर्मी में कहाँ गुजारा करेंगे, इसकी चिंता सरकार ने की है या नहीं? दुःख होता है यह देखकर कि एक ओर अवैध घुसपैठ करनेवाले मुसलमानों को हमारे राजनेता एवं राजनीतिक दल पूरा संरक्षण देते हैं, मतदाता पत्र से लेकर उनके अन्य पहचान पत्र बनाने में सहयोग करते हैं लेकिन पीड़ित हिन्दुओं की सहायता के लिए यह मुंह भी नहीं खोलते है। आपराधिक लोगों के अतिक्रमण पर जब बुलडोजर चलता है, तब उस पर ऐसा वितंडावाद किया जाता है लेकिन यहाँ जब पीड़ित और लाचार हिन्दुओं को उजाड़ा जा रहा है, तब ये सेकुलर ताकतें चुप्पी साधकर बैठ गई हैं।

अमृत कलश

भविष्य है वासना

और मेरे देखे , न तो समाज सत्य है , न समय सत्य है; सत्य है तो केवल व्यक्ति। चूंकि व्यक्ति के पास स्पंदित प्राण है जीवन है बोध है आत्मा है। समाज के पास न तो कोई आत्मा है , न कोई ¾दय का स्पंदन है, न जागने की कोई संभावना है। जागने वाला ही वहां कोई नहीं; विवेक ही वहां कोई नहीं। और समय तो मनुष्य की वासनाओं का विस्तार है। अतीत का कोई अस्तित्व नहीं। जो बीता सो बीता, अब कहीं भी नहीं है, सिवाय तुम्हारी स्मृतियों में। जैसे यात्री गुजर जाए और धूल उड़ती रह जाए; उड़ती हुई धूल यात्री नहीं है। जैसे गीत विदा हो जाए और गूंज रह जाए; गूंज गीत नहीं है। मंदिर की घंटियां बज चुकी हों और मंदिर के सन्नाटे में उनकी गूंज थोड़ी देर तक छाई रहे, वैसी ही तुम्हारी स्मृति है–अतीत की धूल से ज्यादा नहीं; अतीत के धुएं से ज्यादा नहीं। जो जा चुका है उसकी अनुगूंज। तुम्हारी स्मृति के सिवाय अस्तित्व नहीं है कोई अतीत का। और भविष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। भविष्य अभी आया ही नहीं है, उसका अस्तित्व कैसे होगा? लेकिन जो विक्षिप्त हैं वे अतीत में और भविष्य में ही जीते हैं। जो विमुक्त हैं वे वर्तमान में जीते हैं। क्योंकि वर्तमान ही केवल है। उसका न तुम्हारी स्मृति से कोई संबंध है और न तुम्हारी वासना से। अतीत है स्मृतियों का संग्रह। जिन मुर्दों को तुम ढो रहे हो, वह अतीत है। जिन्हें तुम ढो रहे हो वे लाशें हैं– सड़ गई, उनसे दुर्गंध उठ रही है। उस दुर्गंध ने तुम्हारा नर्क बना दिया है। मगर तुम लाशों को छोड़ते नहीं। तुम लाशों को सजाते हो। तुम लाशों की पूजा करते हो। तुम मुर्दों के भक्त हो। तुम मृत्यु के आराधक हो। और फिर अगर तुम्हारा जीवन इसी मृत्यु के नीचे दब जाता है, इसी जहर से विषाक्त हो जाता है, तो कुछ आश्चर्य नहीं। यह स्वाभाविक निष्पत्ति है। और अगर किसी तरह अतीत से छूटे भी तो एक पागलपन से छूटते नहीं कि तत्क्षण दूसरे पागलपन में प्रवेश कर जाते हो। वह दूसरा पागलपन है: भविष्य। अतीत है स्मृति और भविष्य है वासना, कल्पना–ऐसा हो, ऐसा हो जाए। और जैसा तुम चाहते हो वैसा कभी न होगा। कभी हो भी जाए भूलचूक से, कभी संयोगवशात वैसा हो भी जाए–तुम्हारे किए तो नहीं, लेकिन संयोग से हो जाए–तो भी तृप्ति नहीं आएगी।

बोध कथा

जंजीर आभूषण नहीं

एक बार संत से एक व्यक्ति ने पूछा कि भगवान आप दिन-रात हजारों लोगों को उपदेश देते रहते हैं, पर जिज्ञासा वश पूछना चाहता हूँ कि आप के प्रवचनों से कितने लोग मुक्ति को उपलब्ध हुए हैं। संत ने कहा , "तुम्हारे इस प्रश्न का जवाब अवश्य दूंगा पर तुम्हें मेरा एक काम करना होगा। गाँव में जाओ और प्रत्येक व्यक्ति से उसकी एक इच्छा पूछो और उसे लिखकर ले आओ।" वह व्यक्ति गाँव में गया और एक-एक व्यक्ति से उसकी इच्छा पूछकर उसे लिखने लगा। किसी ने पुत्र-प्राप्ति की इच्छा तो किसी ने उत्तम स्वास्थ्य की, किसी ने धन-संपत्ति की तो किसी ने ऊँचे पदों की इच्छाएं जताई। शाम तक वो युवक सभी की इच्छाएं पूछकर संत के पास आया और संत के चरणों में गिर पड़ा। संत ने कहा , "देखा तुमने ! तुमने इतनें लोगों से उनकी एक-एक इच्छा पूछी है पर किसी नें भी षड विकार दूर करने एवं मोक्ष की, ध्यान की या परमात्मा की इच्छा नहीं जताई। स्वयं भगवान भी आकर यदि लोगों से कुछ मांगने को कहें तो भी लोग परमात्मा से परमात्मा नहीं , बल्कि संसार ही मांगेंगे। लोग चेतना के जिन निम्न तलों पर आज हैं उससे ऊपर उठने की प्यास तो उन्हें स्वयं ही अपने भीतर लानी होगी। लोग जंजीरों को आभूषण समझे बेठे हैं और आभूषणों को अज्ञानवश जंजीर बना बेठे हैं। लोगों को होश लाना ही होगा । समझ विकसित करनी ही होगी। जैसे जैसे होश और बोध सधता जायेगा, इस पार्थिव देह में चेतना का ज्वार उर्ध्व गमन को उपलब्ध होता जायेगा। परमात्मा तो वही देता है जो तुम कर्म करते हो।

पुराने समय में की गई बचत का बहुत बड़ा सहारा मिलता है

छोटी छोटी बचतों से अर्थव्यवस्था को मिलता है बल

प्रहलाद सबनानी

यह सनातनी संस्कार ही हैं जो भारत के नागरिकों को छोटी छोटी बचतें करना सिखाते हैं। भारतीय परम्पराओं के अनुसार हमारे बुजुर्ग हममें बचत की प्रवृत्ति बचपन में ही यह कहकर विकसित करते हैं कि भविष्य में आड़े अथवा बुरे वक्त के दौर में, पुराने समय में की गई बचत का बहुत बड़ा सहारा मिलता है। भारतीय परिवारों में तो गृहणियां घर खर्च के लिए उन्हें प्रदान की गई राशि में से भी बहुत छोटी राशि की बचतें करने का गणित जानती हैं एवं वक्त आने पर अपने परिवार के सदस्यों को उक्त बचत की राशि सौंप कर संतोष का भाव जागृत करती हैं। आजकल के आर्थिक दौर में केवल धन का अर्जन करना ही काफी नहीं है बल्कि अर्जित किए गए इस धन का कुछ भाग, बचत के रूप में सही स्थान पर सुरक्षित निवेश करना भी जरूरी है। यदि कमाए गए धन को बचत के रूप में निवेश नहीं किया जाता है तो उस राशि का बाजार में मूल्य, मुद्रा स्फीति के चलते, कम होते होते भविष्य में शून्य हो जाता है। अतः बचत के रूप में निवेश की गई राशि पर इतनी आय तो अवश्य ही होनी चाहिए कि वह मुद्रा स्फीति की दर से अधिक हो ताकि बचत की राशि का बाजार मूल्य कम से कम उतना तो बनाए रखा जा सके। अर्थात, पैसे से पैसा कमाना आना चाहिए। भारत में केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक इस दृष्टि से लगातार प्रयास करते रहते हैं कि देश के नागरिक अपनी बचतें बढ़ाएं ताकि उनका एवं उनके बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों का आर्थिक भविष्य, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि को सुरक्षित बनाया जा सके। मुख्य रूप से इसी कारण के चलते समय समय पर केंद्र सरकार द्वारा अपनी विभिन्न बचत योजनाओं पर ब्याज की दरों को मुद्रा स्फीति की दर का ध्यान रखते हुए बढ़ाया अथवा घटाया जाता है। हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने अपनी विभिन्न बचत योजनाओं पर ब्याज दी दरें बढ़ा दी हैं। केंद्र सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छोटी बचत योजनाएं, जिन पर ब्याज दरें बढ़ाईं गई हैं, उनके नाम हैं – डाकघर बचत खाता, 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा, डाकघर मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, 15 वर्षीय पीपीएफ खाता, महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, पीएमकेयर फार चिल्ड्रन योजना, भारत में तो बचत वैसे भी पसीने की कमाई मानी जाती है अतः इसे सोच समझकर ही निवेश करना चाहिए। एक तो यह सुरक्षित निवेश होना चाहिए,

> भारतीय परिवारों में तो गृहणियां घर खर्च के लिए उन्हें प्रदान की गई राशि में से भी बहुत छोटी राशि की बचतें करने का गणित जानती हैं एवं वक्त आने पर अपने परिवार के सदस्यों को उक्त बचत की राशि सौंप कर संतोष का भाव जागृत करती हैं। आकजल के आर्थिक दौर में केवल धन का अर्जन करना ही काफी नहीं है बल्कि अर्जित कएि गए इस धन का कुछ भाग, बचत के परू में सही स्थान पर सुरक्षित निवेश करना भी जरूरी है ।यदि कमाए गए धन को बचत के परू में निवेश नहीं कयिा जाता है तो उस राशि का बाजार में मूल्य, मुद्रा स्फीति के चलते, कम होते होते भविष्य में शून्य हो जाता है।

दूसरे इस निवेश पर लगातार आय होती रहे। हां, निवेश पर अधिक आय के मामले में लोभ नहीं करना चाहिए, अन्यथा निवेश की गई राशि ही डूब जाती है। लोभ एवं लाभ में बहुत बारीक अंतर होता है। तीसरे, निवेशित की गई राशि को आवश्यकता पड़ने पर सरल तरीके से वापिस प्राप्त किया जा सके अर्थात तरलता की स्थिति बनी रहनी चाहिए। केंद्र सरकार की उक्त छोटी बचत योजनाओं में निवेश एकदम सुरक्षित रहता है, इस निवेश पर आय लगातार अर्जित होती रहती है एवं तरलता की स्थिति भी बनी रहती है। हां, कुछ योजनाओं में लॉक इन पीरियड अवश्य रहता है एवं केवल इस अवधि के समाप्त होने के पश्चात ही बचत की राशि का आहरण किया जा सकता है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में वित्तीय साक्षरता बढ़ी है, जिसके चलते वे अपनी बचतों पर अधिक आय अर्जित करने की दृष्टि से बैंकों में सावधि जमा योजनाओं में अपनी बचत का निवेश करने के साथ साथ म्यूचूअल फण्ड एवं पूंजी बाजार (शेयर मार्केट) में भी अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं। इन क्षेत्रों में बचत की राशि निवेश करने पर कुछ जोखिम तो अवश्य रहता है परंतु तुलनात्मक रूप से आय अच्छी हो जाती है। इस सम्बंध में नागरिकों में धीरे धीरे जागरूकता बढ़ रही है एवं वे अपनी बचतों को विभिन्न योजनाओं में निवेश करने लगे हैं। बचत भी अलग अलग योजनाओं में की जानी चाहिए ताकि यदि कोई योजना किसी कारण से असफल साबित हो तो आपका पैसा अन्य ओजनाओं में सुरक्षित रहे। म्यूचूअल फण्ड भी विभिन्न प्रकार के एवं अलग अलग वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी होने चाहिए, ताकि यदि किसी एक वित्तीय संस्थान में आर्थिक समस्या खड़ी हो तो नागरिकों का पूरा पैसा इस एक ही संस्थान में नहीं डूबे। किसी भी देश की आर्थिक वृद्धि के लिए देश के नागरिकों में बचत की आदत विकसित होना बहुत आवश्यक है। एक आर्थिक सिद्धांत के अनुसार देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिशत वृद्धि के चार गुना तक बचत दर होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि भारत में 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना है तो बचत की दर 32 प्रतिशत होना चाहिए। इस सिद्धांत को क्रमिक पूंजी उत्पादन अनुपात कहा जाता है। इस दृष्टि से भी केंद्र सरकार विभिन्न बचत जमा योजनाओं पर आकर्षक ब्याज दर प्रदान करने का प्रयास करती है। छोटी छोटी बचतें देश के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में सहायक होती हैं। देश में यदि निवेश को बढ़ाना है तो बचत को तो बढ़ाना ही होगा। इसीलिए केंद्र सरकार बैंकों के अतिरिक्त विभिन्न अन्य निवेश संस्थानों पर भी नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करती है ताकि आम जनता के बचत के रूप में किए गए निवेश सुरक्षित रह सकें। भारत में अन्य देशों की तुलना में बचत की दर बहुत आकर्षक रही है। जब भारत में आर्थिक वृद्धि दर 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, उस समय पर बचत की दर लगभग 37 प्रतिशत थी। साथ ही, बचत की दर अधिक होने से बाजार में तरलता कम होती है और तरलता के कम होने से मुद्रा स्फीति की दर भी नियंत्रण में बनी रहती है। दूसरे जमाराशि के बचत के रूप में बैंकों अथवा अन्य आर्थिक संस्थानों में आ जाने से उस राशि का उत्पादन कार्यों में उपयोग सम्भव होता है, इससे देश के आर्थिक विकास को बल मिलता है। अपनी कुल आय का लगभग 25 से 30 प्रतिशत भाग बचत के रूप में निवेश किये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होगा। युवा नागरिकों द्वारा बचत के रूप में लम्बे समय के लिए निवेश किये जाने चाहिए, इससे इस प्रकार के निवेश पर चक्रवृद्धी दर से आय अर्जित की जा सकती है। जबकि वृद्ध नागरिकों को लम्बे समय के निवेश के स्थान पर सुरक्षित निवेश करना चाहिए एवं इस निवेश में तरलता भी बनी रहनी चाहिए। अधिक जोखिम लेने से आय तो अधिक होती है, परंतु मूल राशि डूबने का डर भी बना रहता है अतः निवेश करते समय सुरक्षा का ध्यान रखना भी आवश्यक है। अन्य देशों के नागरिकों में, विशेष रूप से विकसित देशों में, बचत की आदत नहीं होती है। पश्चिमी दर्शन पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करता हैं अतः पश्चिमी देशों के नागरिक अपने जीवन को आज ही जी लेना चाहते हैं, कल (भविष्य) पर अधिक भरोसा नहीं करते हैं।

कर्नाटक विजय विपक्षी एकता में बाधा

कर्नाटक के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त देकर जोरदार झटका दे चुकी कांग्रेस से विपक्षी दल भी सतर्क हो गए हैं। विपक्षी दलों की एकता में कांग्रेस की कर्नाटक में हुई प्रचंड जीत बाधा बन गई है। पहले हिमाचल प्रदेश और उसके बाद कर्नाटक में सत्ता में वापसी से कांग्रेस जिस तरह से नए सिरे से उठ खड़ी हुई है, उससे न सिर्फ भाजपा भौंचक्की है, बल्कि विपक्षी एकता की कवायद करने वाले गैर भाजपा दलों मे खलबली मची हुई है। कांग्रेस की जीत का यह सिलसिला इस बात के संकेत भी हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कोई बड़ा कारनामा करने की फिराक में है। यही वजह है कि कुछ दिनों पहले तक कांग्रेस को साथ लेने की कवायद करने वाले क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने राज्यों में कांग्रेस से ही खतरा मंडराता हुआ नजर आ रहा है। विपक्षी दलों को दरअसल दोहरा डर सता रहा है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के तौर पर भाजपा पहले से ही मौजूद है किन्तु भाजपा विरोधी के तौर पर कांग्रेस दूसरा बड़ा खतरा बन गई है। भाजपा चूंकि सभी विपक्षी दलों की खुले तौर पर एक नम्बर की प्रतिद्वंद्वी है, इसलिए उसके नुकसान-फायदों और ताकत का अंदाजा सभी को है, किन्तु कांग्रेस ने लंबे समय बाद सत्ता में जिस तरह जोरदार वापसी की है, उससे क्षेत्रीय दलों के समक्ष नई परेशानी खड़ी हो गई है। विपक्षी दलों के कर्ताधर्ताओं को इस बात का अंदाजा भी बखूबी है कि कांग्रेस को साथ लिए बगैर विपक्षी एकता का ख्वाब धरातल पर नहीं उतर सकता। विपक्षी दल कांग्रेस को साथ लेना तो चाहते हैं, किन्तु सतर्कता बरतते हुए समान दूरी बनाए रख कर। यही वजह है कि पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर बदल गए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विपक्षी एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की पुनर्समीक्षा करनी पड़ी है। ममता बनर्जी कांग्रेस को विपक्षी एकता में शामिल करने को बेशक राजी हो गई हों, किन्तु उससे समान दूरी बनाए रखने पर भी जोर दे रही हैं। ममता ने जो फार्मूला दिया है उसके तहत कहा कि वे कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते वह पश्चिम बंगाल में उनका समर्थन करे। उन्होंने कहा, 'जहां भी कांग्रेस अपनी-अपनी 200 सीटों पर मजबूत है, वह वहीं चुनाव लड़े। हम उनका समर्थन करेंगे, लेकिन उन्हें दूसरे राज्यों में प्रभावी क्षेत्रीय दलों का भी समर्थन करना होगा।' ममता बनर्जी का बयान यह साफ इशारा करता है कि कांग्रेस उन राज्यों में सीटों के लिए ज्यादा न सोचें, जहां क्षेत्रीय दल मजबूत हैं। ममता बनर्जी इसके जरिए बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव, झारखंड में हेमंत सोरेन, पंजाब में अरविंद केजरीवाल, ओडिशा में नवीन पटनायक, तमिलनाडु में एमके स्टालिन और तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। ममता का प्रयास है कि सब मिल कर कांग्रेस पर इस तरह का दबाव बनाएं ताकि उनकी सत्ता पर आंच न आए। दरअसल ममता बनर्जी चाहती हैं कि कांग्रेस लोकसभा की 543 में से सिर्फ 200 सीटों के आसपास ही चुनाव लड़े और बाकी सीटों पर अलग-अलग राज्यों में जो भी क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, कांग्रेस उनको समर्थन दे। विपक्षी दलों की इस कवायद से कांग्रेस ऐसा करके सत्ता के अपने रास्ते कभी भी बंद नहीं करना चाहेगी। गौरतलब है कि विपक्षी एकता की कवायद की शुरुआत में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में शामिल करने से साफ इंकार कर दिया था। कर्नाटक की जीत के बाद अखिलेश यादव के सुर भी बदल गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के दिए बयान का समर्थन किया है। अखिलेश ने कहा है कि जो मजबूत हो, उसे आगे कर चुनाव लड़ा जाए। बिहार में नीतीश कुमार और तेलंगाना में केसीआर सहित सभी दल यही चाहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव सहित दूसरे विपक्षी नेता, कांग्रेस को सशर्त विपक्षी एकता में शामिल करने की दलील तो दे रहे हैं किन्तु कांग्रेस क्या चाहती है, यह किसी ने जानने का प्रयास नहीं किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी के फॉर्मूले को सिरे से खारिज कर दिया। इससे साफ जाहिर है कि कर्नाटक चुनाव के बाद जीत के रथ पर सवार कांग्रेस नहीं चाहती कि उसे क्षेत्रीय दलों से सीटों के तालमेल में घाटे का सौदा करने पड़े। क्षेत्रीय दल जिस तरह से कांग्रेस के समक्ष शर्तें रख रहे हैं, उस लिहाज से कांग्रेस का केंद्र में सरकार बनाने का लक्ष्य ही विफल हो जाएगा। क्षेत्रीय दलों का प्रयास है कि उनके राजनीतिक आधार वाले राज्यों में भाजपा की तरह कांग्रेस भी उनसे दूर रहे, पर कांग्रेस अपने वोट बैंक का समर्थन उनके पक्ष में करे। यह निश्चित है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की शर्तें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं होंगी। कांग्रेस ऐसा करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी नहीं मारेगी। कांग्रेस का राजनीतिक नेटवर्क पूरे देश में है। ऐसे में जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सत्ता है, उनमें भी सीटों पर बंटवारा किए जाने पर ही कांग्रेस का विपक्षी दलों से गठबंधन संभव है। जबकि विपक्षी दल चाहते हैं कि जिन राज्यों में उनका संगठन नाममात्र का है और कांग्रेस वहां प्रभावी भूमिका में है, कांग्रेस सिर्फ वहीं तक सीमित रहे। यदि विपक्षी दलों की यह दलील कांग्रेस को स्वीकार होती तो कर्नाटक में भी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल से समझौता करती। क्योंकि कांग्रेस ने करीब दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है, इसलिए वह विपक्षी दलों की एकता के लिए अपनी कुर्बानी किसी भी हालत में नहीं देगी। यह भी निश्चित है कि क्षेत्रीय दलों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस के प्रत्याशी खड़े होने से वोटों का बंटवारा होगा। इससे कहीं न कहीं फायदा भाजपा को मिल सकता है। ऐसे में वोटों के धुरवीकरण के कारण समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे क्षेत्रीय दलों की सत्ता की वापसी की उम्मीदों पर पानी फिरना तय है। मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से यह भी स्पष्ट है कि क्षेत्रीय दल कितना ही प्रयास कर लें, कांग्रेस को साथ लिए बगैर भाजपा को हराने के उनके मंसूबे आसानी से पूरे नहीं होंगे।

> भाजपा चूंकि सभी विपक्षी दलों की खुले तौर पर एक नम्बर की प्रतिद्वंद्वी है, इसलिए उसके नुकसान-फायदों और ताकत का अंदाजा सभी को है, किन्तु कांग्रेस ने लंबे समय बाद सत्ता में जिस तरह जोरदार वापसी की है, उससे क्षेत्रीय दलों के समक्ष नई परेशानी खड़ी हो गई है। विपक्षी दलों के कर्ताधर्ताओं को इस बात का अंदाजा भी बखूबी है कि कांग्रेस को साथ लिए बगैर विपक्षी एकता का ख्वाब धरातल पर नहीं उतर सकता। विपक्षी दल कांग्रेस को साथ लेना तो चाहते हैं, किन्तु सतर्कता बरतते हुए समान दूरी बनाए रख कर। यही वजह है कि पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर बदल गए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विपक्षी एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की पुनर्समीक्षा करनी पड़ी है। ममता बनर्जी कांग्रेस को विपक्षी एकता में शामिल करने को बेशक राजी हो गई हों, किन्तु उससे समान दूरी बनाए रखने पर भी जोर दे रही हैं। ममता ने जो फार्मूला दिया है उसके तहत कहा कि वे कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते वह पश्चिम बंगाल में उनका समर्थन करे।

देश दुनीया से

मधुमक्खी एक, फायदे अनेक

पारिस्थितिकी तंत्र और कृषि क्षेत्र में मधुमक्खियों की भूमिका को नकार पाना नामुमकिन है। मधुमक्खियों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, 'यदि पृथ्वी से मधुमक्खियां विलुप्त हो जाएं तो मानव जाति मात्र चार वर्षों तक ही जीवित रह पाएगी।' मधुमक्खियों के महत्व तथा सतत विकास में इनके योगदान को रेखांकित करने के लिए सयुंक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2017 में प्रति वर्ष 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी। 20 मई की तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि यह वो दिन था जिस दिन आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रदूत एंटोन जानसा (1734-1773) का जन्म हुआ था। जानसा स्लोवेनिया में मधुमक्खी पालकों के एक परिवार से संबंध रखते थे। यह परिवार पारंपरिक तरीके से मधुमक्खियों का रखरखाव करता था। लेकिन जानसा द्वारा आधुनिक मौनपालन की विधि को अपनाया गया जिसके चलते उन्हें स्कूल में मौनपालन शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2018 में पहला विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। वर्ष 2023 में इस दिवस को 'बी इंगेज्ड इन पॉलिनेटर-फ्रेंडली एग्रीकल्चर प्रोडक्शन' विषय के अंतर्गत मनाया जा रहा है। मधुमक्खियां परागणकर्ता के रूप में दुनिया के 35 प्रतिशत फसल उत्पादन को प्रभावित करती हैं तथा दुनिया भर की 87 प्रमुख खाद्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि करती हैं। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मधुमक्खियों द्वारा की गई सेवाओं की कीमत प्रति वर्ष 15000 से 20000 करोड़ रुपए आंकी गई है। कृषि व बागवानी के क्षेत्र में किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने में मधुमक्खियों का अहम योगदान रहता है। विश्व भर में मधुमक्खियों की लगभग 20000 प्रजातियां पाई जाती हैं। मधुमक्खी पालन व्यवसाय से किसान अच्छी आय अर्जित कर रहा है। यह एक वैश्विक गतिविधि है, जिससे लाखों मधुमक्खी पालक अपनी आजीविका के लिए मधुमक्खियों पर निर्भर हैं। विश्व भर में लगभग 18.8 लाख मीट्रिक टन शहद का उत्पादन किया जाता है, जबकि भारत में 1.08 लाख मीट्रिक टन शहद उत्पादित किया जाता है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में भारत से 61333 मीट्रिक टन शहद निर्यात किया गया जिसकी कुल कीमत 1489.81 करोड़ रुपए थी। औषधीय गुणों से भरपूर शहद का आयुर्वेद में विशिष्ट स्थान रहा है। इसे लगभग 600 प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि आयुर्वेद के जनक भारत देश में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष मात्र 50 ग्राम शहद का उपभोग किया जाता है, जबकि विश्व में यह 250 से 300 ग्राम है। सबसे अधिक जर्मनी में यह प्रति व्यक्ति 2 किलोग्राम प्रति वर्ष है। मधुमक्खी से हमें शहद के अलावा अन्य पदार्थ भी प्राप्त होते हैं, जिसमें रॉयल जैली, पोलन, मोम, प्रोपोलिस व जहर शामिल हैं। मधुमक्खी के विष को औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिसकी कीमत बाजार में एक करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। गठिया, कैंसर, पार्किंसन, अल्जेमर आदि रोगों के उपचार हेतु इसे प्रभावशाली माना गया है। रॉयल जैली, प्रोपोलिस और मोम का उपयोग सौंदर्य प्रसाधन व औषधि उद्योग में किया जाता है। इन उत्पादों के अतिरिक्त मौन पालक मक्खियों को प्रजनन के माध्यम से नई रानी तैयार करके अथवा मौन वंशों को विभाजित कर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। हिमाचल के सेब बहुल क्षेत्रों में फूलों के खिलने के समय परागण के उद्देश्य से मधुमक्खियों के डिब्बों को बागीचे में रखा जाता है। मौन पालक इन डिब्बों को किराए पर देते हैं, जिससे बागीचों की फल उत्पादकता में बढ़ोतरी होती है। मधुमक्खियां नर फूलों से परागण एकत्रित कर जब मादा फूल पर भ्रमण करती हैं तो उनके शरीर से चिपके परागकण फूल के मादा भाग के संपर्क में आकर परागण प्रक्रिया को पूरा करते हैं। इनसान के बेबुनियादी हस्तक्षेप के कारण आज मधुमक्खियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिससे इनकी बहुत सी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं।

> मधुमक्खियां नर फूलों से परागण एकत्रित कर जब मादा फूल पर भ्रमण करती हैं तो उनके शरीर से चिपके परागकण फूल के मादा भाग के संपर्क में आकर परागण प्रक्रिया को पूरा करते हैं। इनसान के बेबुनियादी हस्तक्षेप के कारण आज मधुमक्खियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिससे इनकी बहुत सी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। हाल के दशकों में मौसम परिवर्तन व कृषि में रसायनों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मधुमक्खियों की आबादी विश्व स्तर पर कम होती जा रही है। मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार द्वारा 'मीठी क्रांति' के नाम से एक पहल की गई जिसके अंतर्गत वर्

उपायुक्त अबू इमरान के कार्यकाल में काले कारनामे पर चला हथौड़ा

➲चाहे काले कोयला के कारोबारी हो या भूखण्ड पर काला स्याही का खेल
➲आम लोगों को उपायुक्त पर बढ़ा है भरोषा, सुनते हैं सबकी करते हैं जो सच है

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा/ सिमरिया : जिले में जिला के मुखिया यदि नेक व ईमानदार ऑफिसर विराजमान हो तो प्रखण्डों की क्या मजाल की गलत कारनामे कर ले और ग्रामीणों तथा लाभुको को परेशान होना पड़े। इसी कड़ी में चतरा जिला के एक ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ तथा काम के प्रतिं सजग रहने वाला सबकी समस्याओं को सुनने वाला, काले कारनामे में लिप्त लोगों का खात्मा करने वाला, जाबांज उपायुक्त अबू इमरान हैं। जो सबको जुबां पर राज कर रहें हैं सुनते सबकी करते जो सही है। वैसे में जिला के लोगों को अब इन पर भरोषा व विशवास काफी बढ़ा है। आपको बता दें कि पिपरवार क्षेत्र में काले कोयले के खेल में लिप्त चाहे ऑफिसर हो या काले चोर सभी को लगाम लगा दिया गया। उक्त अवैध कोयले के भंडार में बुलडोजर चला कर काले कारनामे का इतिहास मिटा दिया गया। वहीं टंडवा में सीसीएल अम्रपाली में कुछ लोगों द्वारा रूपये के लालच में सरकारी भूखण्ड को फर्जी दस्तावेज देकर बेच दिया। हालांकि उस भूखण्ड के काले खेल में दो तीन नही दर्जनों लोग शामिल है जिसमें उच्चस्तरीय अंचल के पदाधिकारी तक शामिल हैं चुकी काले कमाई के आधा हिस्सा तो उच्चस्तरीय पदाधिकारी तक पहुंचता है। आपको बता दूं कि चाहे खनन विभाग हो या अन्य सभी पर ऐसे उपायुक्त का हमेशा पैनी नजर रहा है साथ हीं त्वरित कार्रवाई भी की गयी है। ऐसे ऐसे बड़े बड़े गोरख धंधा में लिप्त अब उपायुक्त अबू इमरान से खौप खाने लगे है। और तो और इनका जनता दरबार में प्रत्येक सप्ताह को सैकड़ो फरियादी अपना दुखड़ा लेकर जाते है किंतु सभी को लौटने वक्त चेहरे पर मुस्कान रहती है। चुकी उनकी समस्या का निदान किया जाता है। दुशरी ओर जितना सख्त है उतना नर्मता भी उनके अंदर शामिल है। चुकी तामासिन में एक युवक प्रथम जनवरी के अवसर पर फॉल में गिर जाने से मौत गयी थी और शव पता नहीं चल पा रहा था। जो तीन दिन बाद शव को गोताखोर के मदद से निकाला गया था। जहां उपायुक्त अबू इमरान ने उसी घटना स्थल पर सारा दिन रह कर शव को निकलवाने के बाद हीं दम लिया था। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक डीसी अबू इमरान चतरा में रहेंगे आम गरीब लोगों की समस्या सुगमता पूर्वक सुनी जाएगी। साथ हीं कार्रवाई भी की उसी तरह की जा रही है। हालांकि प्रखण्ड स्तर के ग्रामीणों की शिकायत है कि आज भी जिले के अंचलों में सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर बेदखल की काला खेल जारी है। इसपर भी एक निगाह होना लाजमी है। हालांकि सबसे ज्यादा काला खेल अंचलों में व्याप्त है। इस पर लगाम लगाने की ग्रामीणों ने मांग की है।

डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों का मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

94 प्रतिशत अंक लाकर खुशी बनी स्कूल टॉपर

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले की कुडू प्रखंड स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया। बता दे की इस विद्यालय से 23 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक बोर्ड का परीक्षा दिया था। जिसमें सभी ने फर्स्ट डिवीजन के साथ पास हुए। वही 94 प्रतिशत अंक लाकर खुशी कुमारी स्कूल टॉपर बनी। आर्यन पाल ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तो वहीं अंजली कुमारी ने 89.60 अंक लाकर अपने स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया, Mahafra aamin 89.20 चौथा एवं संध्या कुमारी 87.20 अंक पांचवे स्थान पर रहीद्य डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय से 23 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक बोर्ड का एग्जाम दिया था। जिसमें सभी छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। साथ ही साथ सभी सफल छात्राओं को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है। साथ ही कहा कि बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का श्रेय है। साथ ही विधालय के शिक्षक संदीप कुमार, समीर,शिक्षिका रेशमी प्रवीण,सुनिता कुमारी, विद्या कुमारी, सुनिता देवी, मीणा कुमारी, पिंकी कुमारी, सुलेखा सिंह, चांदनी प्रवीण, असरीता कुमारी, मनीषा तिर्की, ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद यादव, सहित अन्य अभिभावकों ने भी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में इस विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन प्रत्येक वर्ष बेहतर होता है।

दो माह से खराब है रामपूर घासीटोली का चापाकल

महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड़ पंचायत अन्तर्गत ग्राम रामपूर घासीटोली में दो माह से चापाकल खराब है। चापाकल खराब होने से ग्रामीण दूसरे मुहल्ले जाकर आधा किलोमीटर दूर से पीने पानी लाने को मजबूर है। इस संबंध में मोहन नायक, कमलेश नायक, अशोक नायक सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से चापाकल खराब है। बार बार जलसहिया बहन को शिकायत करने पर इससे मरम्मत नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलसहिया द्वारा कहा जाता है कि मेरे बस का काम नहीं है।जहाँ जाना है आप शिकायत कर सकते हैं। वही पंचायत के मुखिया को सुचना देने पर भी अभी तक कुछ नहीं हुआ। इस भीषण गर्मी में पानी के बिना लोगों का हाल बेहाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधि से चापाकल मरम्मत करने की मांग की है।

मारपीट व पैसे छीनने को लेकर थाना में दिया आवेदन

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी सुनील यादव ने अचानक मारपीट करने के संबंध मे सदर थाना मे आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन मे उसने बताया है की मैं बीड़ी पता का कार्य मे बतौर मुंशी के रूप में काम करता हूं। मेरे पास ठेकेदार द्वारा दिया गया बीस हजार रूपये पास मे था।और मैं बाइक से घर आ रहा था।इस दौरान संजय सिंह पिता तेतर सिंह मेरी गाड़ी अचानक रोक कर मुझ पर वार कर दिया। और बोला की जमीन छोड़ेगा की नहीं रे इस तरह बोल डंडा से मारकर मेरा सर फोड़ दिया। और मेरे पास मौजूद बीस हजार रूपये भी छीन लिया।उसने आवेदन मे बताया है, की संजय सिंह द्वारा बीड़ी पता में आग लगाने की धमकी भी दी गई।आवेदक सुनील यादव ने सदर थाना पुलिस से करवाई की मांग की है।

उपायुक्त ने की नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत् किए जा रहे कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गय। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल , स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा , समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षाक्रम में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत जेवियर महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : संत जेवियर महुआडांड़ में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें समस्त तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्रओं द्वारा विदाई दी गई। इस मौके पर जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को तिलक लगा स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश, उपप्राचार्य सिस्टर कैशलीन जूलियट, जाफर इकबाल, अल्विन लकड़ा, निकिता बेक दीप प्रज्वलन कर किया। आयोजित कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जोश ने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपने उद्बोधन में छात्रों द्वारा कॉलेज में बिताये समय को याद किया तथा छात्रों को भविष्य में सीख देने हेतु सुझाव दिये व कहा कि छात्रों को जीवन में ध्यान से बोलने ओर ध्यान से सुनने की आदत मनुष्य को सफल बनाती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत देती है। कार्यक्रम में अल्विन लकड़ा और निकिता बेक ने अपने समय में कॉलेज में बिताये दिनों के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए कॉलेज स्टूडेंट कॉर्डिनेटर प्रो रोस एलिस बारला ने छात्र-छात्राओं की शुरू होने वाली आगामी परीक्षाओं से अवगत कराते हुए मेहनत व लगन से आगे बढते रहने की प्रेरणा का आशीर्वाद दिया। प्रवीण सिंह को मिस्टर जेवियर एवं स्वीटी खलखो को मिस जेवियर ताज पहनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जयंत खलखो व अंकिता खलखो द्वारा किया गया। इस प्रकार फादर डॉ राजीप तिर्की, प्रो रीमा रेणु कन्डुलना प्रो रश्मि सुमन टोप्पो प्रो शशि शेखर प्रो रोनित खेस प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग प्रो सुबोध मिंज प्रो स्मिता तिग्गा प्रो राजीव महतो प्रो शेफाली प्रकाश उपस्थित होकर सभी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ विदाई दी।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी सखी प्रशिक्षण

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बुधवार को सिमरिया प्रखंड में एक दिवसीय बागवानी सखी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सिमरिया प्रखंड के बीडीओ श्रीमती नीतू कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पांडे, मनरेगा बीपीओ सुबोध कुमार पासवान, प्रशिक्षक कासिफ अंसारी, बीपीओ ऑर्गेनिक फार्मिंग सुरेंद्र कुमार प्रजापति तथा विभिन्न गांव से आए हुए बागवानी सखी एवं रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जेईई, सीएफटी के कर्मचारी शामिल थे।

बिजली की तार पोल से नीचे लटका बिजली कर्मी कर रहे हैं अनदेखा

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड पंचायत के कटघरा गांव के रामसेवक दांगी के घर समिप 220 वोल्टेज वाला तार पोल से टूटकर नीचे हो गई है। तार गिरे तकरीबन 1 सप्ताह हो गई है। परंतु अब तक बिजली विभाग के कर्मियों को इस पर कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा विभाग के कर्मियों को सूचना दी गई।परंतु अनदेखी कर अब तक तार झूल रहा है। कभी भी अनहोनी हो सकती है इसके जिम्मेवार किसे सौंपा जाए कौन होगा पता नहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि तार बनाने के लिए बिजली विभाग के कर्मियों को कहते हैं तो आने-जाने का खर्च भी मागते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब समय अनुसार बिजली बिल प्रत्येक महीना जमा करते जा रहे हैं तो अलग से खर्च क्यों दिया जाए। एवं ग्रामीणों ने विभाग के प्रति असंतुष्ट हैं।

थाना दिवस का हुआ आयोजन दोनों पक्ष को शांति बनाए रखने का दिए निर्देश अंचलाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना में थाना दिवस का आयोजन 24 मई को किया गया। जहां अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक एवं एस आई जयरा बकला मौजूद थे। इन दोनों के बीच ईचाक गांव गिद्धौर थाना से प्रथम पक्ष सकलदेव सिंह,मुन्ना मसोमात पति झरकु सिंह एवं द्वितीय पक्ष रामावतार सिंह एवं रामस्वरूप सिंह के बीच खाता नंबर 36 प्लोट 7 में आपसी जमीनी संबंधी मामला कोर्ट में चल रहा है। जिसका निष्पादन हेतु अंचल को जिम्मा दिया गया। जहां पर दोनों पक्षों को समझाते हुए अंचलाधिकारी कोर्ट का फैसला आने तक शांति बनाए रखने की बात कही है।

पुलिस को मिली दोहरी सफलता अफीम और चोरी के जेवरात के साथ तीन चोर गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : हाल के दिनों में लगातार दो तीन घरों से शहर के विभिन्न मोहल्लों में बंद घर से चोरों ने उड़ा लिया था जेवरात एवं अन्य कीमती सामग्री ,शहर में शांति बहाल करने के लिए पुलिस कप्तान राकेश रंजन द्वारा रात्रि गस्ति में लगाए गए टाइगर मोबाइल पुलिस को चकमा देकर बंद घरों में चोरी के घटना को अंजाम दे रहे थे।घटना के बाद पुलिस टीम का गठन किया गया और अपने चालकी से उन सभी चोरो को पकड़ने में हुए सफल।एक महिला किसी सोने चांदी के दुकान में चोरी के समान बेचने गई थी ,जिसका भनक पुलिस को मिला उक्त महिला से जॉच करते हुए सोने चांदी का पेपर का मांग की गई तो देने इंकार की जब महिला पुलिस सख्ती से पूछ ताक्ष की तो उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करते हुए चोरी की बात कबूल कर ली। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि अन्य चोरों को कर लिया गया शिनाख्त जल्द ही बचे लोगो गिरफ्तार कर लिया जायेगा। गिरफ्तार चोरों में दो पुरुष एव एक महिला है, मो फैयज पिता सलाउद्दीन आजाद नगर, अकलीमा खातून पति सलाउद्दीन राहुल कुमार पिता जगदीश साव लाइन मुहलला चतरा शामिल है। जप्त सामानों में11पीस चांदी का पायल, एक जोड़ा बोंगली, आठ पीस सोना का झुमका ,दो गला का चैन चांदी का, एक पीस का कान बाली चार पीस बिछिया चार पीस टॉप्स सोना, एक गले का चैन सोने का सोना का एक अंगूठी चार स्मार्ट फोन एव चार की पैड मोबाइल जप्त किया गया, साथ ही सदर थाना क्षेत्र के राजगुरुवा गांव में छापामारी कर संतोष यादव के घर से तीन किलो चार सौ ग्राम अफीम जप्त कर किया गया करवाई। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली सदर थाना चतरा, अनुसंधानकर्ता पुअनि दीपक कुमार रजक ,पुअनि वीना कुमारी, सदर थाना चतरा, पुअनि निरंजन कुमार, सदर थाना चतरा, पुअनि प्रकाश सेठ सदर थाना चतरा, पुअनि सिकन्दर सिंकू सदर थाना चतरा, पुअनि श्री राम पंडित सदर थाना चतरा, पुअनि नईम अंसारी सदर थाना चतरा, सदर थाना सशस्त्र बल के जवान शमील थे।

नए पंचायत सचिव ने बारीसाखी पंचायत का लिया पदभार

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत कार्यालय में 24 मई को पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने पूर्व पंचायत सेवक मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा पदभार ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया पति दिनेश भारती स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू उपस्थित थे।

डीसी ने संघ लोक सेवा आयोग में उतीर्ण स्वाती संदीप और अभिनव प्रकाश से मिलकर दी बधाई

➲चतरा जिला के लिए गौरव की बात, यहां के विद्यार्थियों को भी दें मार्गदर्शन : उपायुक्त अबु इमरान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : डीसी अबु इमरान ने संघ लोक सेवा आयोग में उतीर्ण स्वाती संदीप और अभिनव प्रकाश से मिलकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस मौके पर उन्होंने दोनो को उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।चतरा निवासी कृष्ण कुमार वर्मा की सुपुत्री स्वाती संदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 490 रैंक लाया है। उन्होंने बताया कि उनकी सुपुत्री ने कड़ी मेहनत और लगन से स्वअध्ययन करते हुये यह सफलता हासिल की है। हंटरगंज प्रखंड के ग्राम गोदोबर निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र अभिनव प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 279 रैंक लाया है।उपायुक्त अबु इमरान ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने के पीछे अभिभावकों की बहुत अहम भूमिका होती है। आप बहुत मेहनती हैं और कड़े परिश्रम करते हुए आगे बढ़े इसके लिए आप स्वयं बधाई के पात्र हैं और अगर अभिभावक मजबूत स्तंभ की तरह आपके साथ हमेशा खड़ा रहे तो आप बड़े से बड़ा कीर्तिमान जीवन मे हासिल कर सकते हो जैसा आपने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उतीर्ण होकर किया है। उपायुक्त ने स्वाती संदीप और अभिनव प्रकाश को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप दोनों चतरा के छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।उन सभी छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए उन्हें भी गौरवपूर्ण मुक़ाम हासिल करने में सहयोग करें।

मैट्रिक व इंटर साइंस में लड़कियों ने परचम लहराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : जैक द्वारा मैट्रिक व इंटर साइंस की घोषित परीक्षाफल में मैट्रिक व साइंस में प्रखंड टॉपर में लड़कियों ने परचम लहराया। मैट्रिक में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय टोंटी की पूजा कुमारी पिता सुरेश गंझू ने 94.6प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त की है. स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोंटी हेसला की ही पूनम कुमारी पिता रामकुमार उरांव ने 93 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की जूही सिंह पिता शंकर सिंह ने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह इंटर साइंस की तन्नू कुमारी पिता बिजय प्रसाद ने 428 अंक (85.6 प्रतिशत) लाकर प्रखंड टॉपर रही। वहीं जिला मे नौवा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया । साथ ही तन्नू कुमारी ने बताया कि मैं डाक्टर बन कर गरिबों और असहयों को नि स्वार्थ भाव से सेवा करुंगी। तन्नू ने बताया कि मेरे पिता किराने की दुकान चलाकर हमे पढ़ा रहें है वह मेरी मां सुजाता देवी मेरी पढ़ाई मे भरपूर सहयोग करती है। मैं अपने माता पिता का सपनो को साकार कर दिखाएंगे। वहीं अमित कुमार पिता तुलेश्वर यादव ने 71.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा सुषमा कुमारी पिता ने 66 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।मैट्रिक में प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शिक्षक की बेटी पूजा ने बताई की साइंस की पढ़ाई करते हुए नीट की तैयारी कर डॉक्टर बन कर गांव में सेवा करना चाहती हूं। प्रखंड में तृतीय व अपने बिद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जूही सिंह ने कहा कि साइंस की पढ़ाई कर शिक्षक बनना चाहती हुं। वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के प्रखंड टॉपर तन्नू कुमारी व जुही कुमारी को विद्यालय अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद, प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, अल्का कुमारी, उमेश सिंह, रुपेश कुमार, श्रवण मिश्रा, विश्वरूप सिंघा, सहित विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामना के साथ उज्जवल भविष्य की कामना किया।

तीन दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ हवन पूजन के साथ संपन्न

मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना परिसर में बने हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय यज्ञ हवन पूजन कार्यक्रम के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम में पदस्थापित पुर्व पुलिस अवर निरीक्षक विमल कांत मिश्रा, मयूरहंड थाना के पुलिस पदाधिकारीगण पुलिस के सशस्त्र जवान जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने हवन पूजन कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने दसवीं की कक्षा में लहराया परचम

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मंगलवार को झारखंड बोर्ड के मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया गया।दसवीं की परीक्षा में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की 98 भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा का

उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी से पास किए।(1) सागर कुमार गुप्ता 91.40%(2) कुंदन केसरी 91.20% (3) रूपेश कुमार 91.00% (4) अभिषेक कुमार 90.80त्न (5)सुमित कुमार 90.20% (6) शिवम कुमार90.20त्न इंसानों के द्वारा 90त्न से अधिक अंक प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को इन लोगों के द्वारा स्थापित किया गया। सभी मेघावी भैया बहनों को विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार साहू,कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू,साहू समाज के मुखिया और पदेन सदस्य सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे,कक्षा चार्य जुली कुमारी,तथा मनीष कुमार सिन्हा ने इन बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं सबो को सम्मानित किया।सभी भैया बहनों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद प्रदान किया।

जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने बुंडू में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में पिछले कई दिनों से खराब ट्रांसफार्मर को लेकर जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव से ग्रामीणों ने मिलकर

समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए। तत्काल किशुन यादव ने बिजली विभाग के अभियंता से बात की एवं बुंडू में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का मांग किया गया। जिसे देखते हुए बिजली विभाग द्वारा मलकोको पंचायत के बुंडू में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर स्थानीय मुखिया विजय यादव,पंचायत समिति प्रतिनिधि रोहित यादव,पंचायत समिति प्रतिनिधि मनोज कुमार,राजेंद्र यादव, सचिन यादव,शंकर यादव,शिव शंकर कुमार,मनोज कुमार,विनोद यादव, जागेश्वर प्रसाद,रामेश्वर यादव,उमेश राणा,सूरज यादव,रामचंद्र यादव, एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

रामगढ़ कोठार गांव में मंडा पर्व का आयोजन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ कोठार गांव में मंडा पर्व का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी पुर्व प्रत्याशी बजरंग

महतो बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा वॉर्ड पार्षद सदस्य जयन्ती देवी ने संयुक्त रूप में फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया सर्वप्रथम ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ भगवान भोलेनाथ माथा टेक आशीर्वाद लिए साथ ही पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि भगवान भोले शंकर को अपनी भक्ति की शक्ति से खुश करने के लिए नौ दिनों की मंडा पूजा के दौरान बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक दहकते अंगारे पर चलते हैं। इससे पहले वे अंगार स्थल पर महादेव की पूजा व परिक्रमा करते हैं। दो तरह के लोग इस पूजा में शामिल होते हैं, एक तो वे जिन्हें मन्नत मांगनी होती है और दूसरे वे जिनकी मन्नत पूरी हो गई होती है। यह पूजा अच्छी बारिश की कामना के लिए भी की जाती है, ताकि परिवार सुख शांति से रहे। पूजा से पहले मुख्य पुजारी कलश का जल छिड़ककर सबकी शुद्धि करते हैं। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष सुरेश महतो दशरथ चौधरी महेश निगम नागेश्वर महतो पवन गुप्ता धर्मधीर राम मुकेश महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

सुधीर मंगलेश ने प्रखंड टॉपर मनीषा महतो को किया सम्मानित

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मनीषा महतो ने दसवीं की परीक्षा में 473 अंक प्राप्त किया।दुलमी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चटाक के छात्रा मनीषा महतो पिता सुगुनु महतो जैक पर आधारित 10वी की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। मनीषा ने दसवीं की परीक्षा में 473 अंक लाकर दुलमी प्रखंड का टॉपर बन कर गांव प्रखंड का नाम रोशन कि है। छात्रा की इस उपलब्धि पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सम्मानित कर बधाई दिया गया है जामसिघ निवासी मेधावी छात्रा मनीषा महतो के माता पिता ने अपने पुत्री को इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। छात्रा के पिता किसान है जो अपने पुत्री को बेहतर शिक्षा दे रहे है मनिषा ने कहा कि आगे की पढाई जारी रखते हुए। अच्छा कर माता पिता को सम्मान देंगे। मेरा सपना है की एयरहोस्टेस बनना। छात्रा अपनी पढ़ाई की खर्च को लेकर बच्चों को पढ़ाती भी है।

एएसआई को निलंबित करने की मांग को लेकर रामगढ़ थाना में धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ थाने में बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पूर्व विधायक शंकर चौधरी के नेतृत्व में किया गया। यह धरना चरण केवट के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में थाने का घेराव किया गया। एएसआई सुरेंद्र सिंह कुंतीया को अभी तक निलंबित नहीं करने को लेकर थाना परिसर के द्वार के समक्ष अपनी समर्थकों के साथ मांगों को लेकर धरने बैठे रहे। वही पूर्व विधायक शंकर चौधर से पुलिस ने दरवाजे से हटने की बात कही गई। वही लोगो को पुलिस बल के जवानों के द्वारा

दरवाजे से खदेड़ने का काम किया गया। वही आक्रोशित लोगों ने जमकर थाने के मुख्य गेट से नारेबाजी की पुलिस प्रशासन होश में आओ, सुरेंद्र सिंह कुंतीया को सस्पेंड करो, पूर्व विधायक शंकर चौधरी जिंदाबाद आदि के नारे लगाए गए। वही पूर्व विधायक ने एएसआई को निलंबित करने की बात कहीं और दर्ज किए गए एफआईआर के मुताबिक करवाई करने का माँग कि। चरण केवट ने कहा की मेरे साथ थाना परिसर मे मार पीट कर लहूलोहन मुझे कर दिया गया और अब तक एएसआई सुरेंद्र सिंह के ऊपर कार्रवाई नहीं की गई और वही थाना परिसर के द्वार के समक्ष पूर्व विधायक एवं चरण केवट अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं।इस संबंध में रामगढ़ इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने कहां की 283/22 कांड संख्या जिसके अभियुक्त चरण केवट है इनके ऊपर फर्जी तरीके से जमीन और घर खरीदने का आरोप लगाया गया है और उसके अनुसंधानकर्ता सुरेंद्र सिंह कुंतीया के द्वारा थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया और चरण केवट के द्वारा मारपीट का आरोप लगाया गया है चरण केवट और आयो दोनों के द्वारा आवेदन दिया गया है और इसकी जांच पड़ताल जारी है। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मेरे सामने चरण केवट के साथ मारपीट का मामला गलत है उस वक्त मैं थाने में मौजूद नहीं था।

90 प्रतिशत अंक लाकर अलका बनी स्कूल टॉपर

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : मैट्रिक की परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार टांड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा ढ्ढ इस विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा में कुल 43 भैया-बहन सम्मिलित हुए थे । जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं 90% अंक लाकर बहन अलका कुमारी सर्वोच्च स्थान पर रही। विद्यालय संरक्षक नरेश पाठक अध्यक्ष संतोष गुप्ता उपाध्यक्ष शरदेंदू सिंह सचिव कुंवर सिंह सहित कमिटी के लोग तथा विद्यालय

प्रधानाचार्य ने सभी उत्तीर्ण हुए भैया-बहनो को बधाई देते हुए । जीवन में ऐसे ही निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ दिए ।

उर्दू विभाग में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के उर्दू विभाग में साप्ताहिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय था ÷कशीदा निगारी का फन और अहम फनकार÷। सेमेस्टर छह के पाठ्यक्रम में यह विषय शामिल है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मोहम्मद साजिद हुसैन उपस्थित थे। राजेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि संगोष्ठी का आयोजन एक अच्छा प्रयास है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होता है सिर्फ लेक्चर देने से विद्यार्थियों का विकास संभव नहीं है। प्रो मोहम्मद साजिद हुसैन ने कहा की बगैर

मेहनत से कुछ भी हासिल नहीं हो सकता है और मेहनत कभी बेकार नहीं होता है। अतः विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत करने की जरूरत है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शाहनवाज खान ने कहा कि एक दिन में सफलता नहीं मिलती है लेकिन एक दिन सफलता जरूर मिलती है। अर्थात हम निरंतर प्रयास करते रहें तब सफलता की उम्मीद रखें।संगोष्ठी की शुरुआत शाइस्ता परवीन ने कुरान पाक की तिलावत से की उसके बाद निकहत परवीन ने नाते पाक का नजराना ए अकीदत पेश किया। संगोष्ठी का संचालन तलत आफरीन ने किया। संगोष्ठी में तमन्ना परवीन, रूही परवीन, शमा परवीन, रहबरी नाज, रेहाना परवीन, गुलबनफशा और तमन्ना परवीन ने अपना अपना लेख प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुलाम अली, वासे अंसारी, कुर्बान अंसारी, असद अंसारी, फैजान अंसारी आदि सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बीडीओ ने दिव्यांग को सौपीं ट्राइसाइकिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड कार्यालय के प्राँगण में अनीश कुमार,पिता-छोटू मिस्त्री विष्णुगढ़,करगालो निवासी के आवेदन पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी के द्वारा ट्राइसाइकिल दी गई । करगालो पंसस जुगल कुमार महतो ने अनीश कुमार महतो को चिन्हित कर,जो 60त्न दिव्यांग है,जिन्हें अन्यत्र कहीं आने-जाने में दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता था। ट्राइसाइकिल पाकर अनीश की खुशी का ठिकाना नही रहा ।पंसस का

प्रयास काफी सराहनीय है,जो जरूरतमंदो के लिए हमेशा कार्यशील रहते है । इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो,पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद,महेश बर्णवाल समेत अन्य मौजूद थे ।

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच वर्मी बेड का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम खरांटी, चोपदार बलीया और गोसाइ बलिया में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गुजरात क्राफ्ट के द्वारा किसानों को जैविक खाद्य बनाने का वर्मी बेड का वितरण किया गया। वर्मी बेड की सहायता से किसान जहर मुक्त खेती कर सकेंगे। लगभग 70 किसानों के बीच पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली रज़ा के द्वारा किसानों के बीच वर्मी बेड का वितरण किया गया । लगभग 160 और किसानों के

बीच वर्मी बेड का वितरण किया जाएगा। मौके पर एनजीओ के दो सदस्य संजय कुमार सुमन और आर्यन कुमार उपस्थित थे।

10 दिनों के अंदर पैथोलॉजी लैब और ब्लड बैंक को नए भवन में शिफ्ट करें वरना होगा आंदोलन : सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण ना सिर्फ हजारीबाग बल्कि चतरा, कोडरमा और गिरिडीह के एक हिस्से की गरीब जनता को देखते हुए किया गया था. ताकि गरीब लोगों को उचित और सस्ते में इलाज सुलभ हो सके लेकिन यहां का व्यवस्था बिल्कुल इसके उलट है. सीपीएम जिला कमेटी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर लैब और ब्लड बैंक को तत्काल नए भवन में 10 दिनों के अंदर शिफ्ट करने की मांग की है अगर 10 दिनों के अंदर नए भवन में शिफ्ट नहीं होता है तो पार्टी जिला कमेटी उग्र आंदोलन करेंगी. मांग पत्र सीपीएम नेता गणेश कुमार सिटू, जिला सचिव ईश्वर महतो और तपेश्वर राम ने संयुक्त रूप से दिया है. वित्तीय वर्ष 2021-22 में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के परिसर में पैथोलॉजी लैब और

ब्लड बैंक के लिए नए भवन बनाने के लिए जिला प्रशासन ने डीएमएफटी फंड से लगभग चार करोड़ 65 लाख रुपैया उपलब्ध करवाया था. ताकि लोगों का सस्ते और सही से जांच हो. काफी मशक्कत के बाद नए भवन बनकर तैयार है और हैंड ओवर भी हो गया है लेकिन आज तक इसमें ना पैथोलॉजी लैब और ना ही ब्लड बैंक को शिफ्ट किया गया है. वर्तमान समय में मेडिकल कॉलेज का लैब एक रूम में चल रहा है . इस रूम में जांच के लिए आने वाले मरीजों के लिए रसीद काटने वाला, ब्लड सैंपल कलेक्शन करने वाला, रिपोर्ट तैयार करने वाला, जांच करने वाला और जांच के लिए उपलब्ध सारा मशीन इसी छोटी सी रूम में है. लैब के एक शिफ्ट में कुल मिलाकर महिला पुरुष 14 कर्मचारी है और डी एल एम टी की पढ़ाई कर रहे हैं मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 8 छात्र और केवी विमेंस कॉलेज के 13 छात्र प्रशिक्षण के लिए आते हैं. यानी कुल मिलाकर के 35 लोग इस कमरे में रहते हैं. हैरत की बात यह है कि इन 35 लोगों के लिए इस रूम में ना कोई शौचालय है और ना ही पानी पीने की कोई व्यवस्था है. कई स्टाफ और छात्र महिला हैं इनके लिए कोई सुविधा नहीं है और ना ही लैब इंचार्ज के डॉक्टर के बैठने के लिए कोई कैबिन है.

जांच के लिए आने वाले मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाएं, महिलाएं और वृद्ध लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जो अत्यंत खेद जनक है. इस अस्पताल में 300 बेड और 14 विभाग है. इस अस्पताल के ओपीडी में लगभग 1000 मरीज प्रतिदिन आते हैं और इन 1000 मरीजों का जांच का जिम्मा एक रूम में चलने वाला लैब का है. तो आप समझ सकते हैं कि मरीजों को कितना परेशानी होता होगा? इसी का लाभ उठाकर के अस्पताल परिसर में फैले दलाल मरीजों को ठग कर निजी लैब में ले जाते हैं जहां उल जलूल पैसा लेकर रिपोर्ट दिया जाता है.

एस.एस+2 हाई स्कूल पतरातू के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) : एस.एस+2 हाई स्कूल पतरातू का मैट्रिक परिणाम शत प्रतिशत रहा।स्कूल से कुल 417 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए थे।जिसमें प्रथम श्रेणी में 195 द्वितीय श्रेणी में 155 और तृतीय श्रेणी में 13 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। स्कूल में सर्वाधिक अंक रिया सोनी ने 93.60 प्रतिशत,अफरीन निशा 92.20 प्रतिशत और रिशिका कुमारी ने 91.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किए । वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवीन्द्र दास सहित सभी शिक्षको ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दिए ।

मॉडर्न इंटर साइंस कॉलेज बड़कगांव का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शिक्षा के क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त बड़कागांव थाना छवनिया रोड स्थित शिक्षण संस्थान मॉडर्न इंटर साइंस कॉलेज बड़कागांव के विद्यार्थियों ने आईएससी जैक बोर्ड रिजल्ट में शत प्रतिशत रिजल्ट लाकर परचम लहराया। 431 अंक लाकर बबलू कुमार यादव प्रखंड में साइंस टॉपर बना इसके अलावा, पिंटू कुमार 411, विमल कुमार 395, श्वेता रानी 395, प्रह्लाद कुमार 393, विपिन कुमार 391, रघुनंदन राणा 391, कुंदन कुमार 349, आमिर हमजा 383, मीना कुमारी 381 ईशा कुमारी 381, मोहम्मद जबीउल्ला 379,पप्पू कुमार 372, सदाकत हुसैन 357, दिवाकर कुमार 353, भोला साव 362, मोहम्मद रेहान 342, काजल सोनी 342,पिंकी कुमारी 351, राजकुमार ओझा 345, विकास कुमार 354, चिंता कुमारी 333, सानिया परवीन 321, सचिन कुमार 313, प्रियांशी एंजेल 313, नरेंद्र कुमार 357,सभी विद्यार्थियों ने आईएससी में प्रथम श्रेणी से पास कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस जबरदस्त सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम, निदेशक कुलदीप कुमार, अध्यक्ष पप्पू सर, अभय राणा, मोहम्मद नईम, महादेव कुमार राणा, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद सईद, मोहम्मद इनामुल, यशवंत कुमार ने छात्र-छात्राओं को सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

भाजपा करेगी 30 मई से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं महामंत्री सुमन गिरी के संचालक में हरली पंचायत भवन में मंडल कार्यसमिति की एक बैठक रखी गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने जानकारी देते हुए कहा की प्रदेश एवं जिला कमिटी के निर्देशानुसार 30 मई से 30 जून तक भाजपा संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम सभी शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे तथा विशेष महा जनसंपर्क अभियान विधानसभा एवं लोकसभाओं में चलाया जाएगा। जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं को भारी जनसमर्थन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाना है। बैठक के माध्यम से बड़कागांव

प्रखंड कार्यालय में कई महीनों से रिक्त अंचलाधिकारी के पदस्थापन की मांग भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा झारखंड सरकार से की गई। मौके पर मुख्य रूप से मंडल सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, बेचन साव, हरली पंसस कौशल्या देवी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, बिगेशवर महतो, महामंत्री सुमन गिरी, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री विनोद महतो, नागेश्वर महतो, भगीरथ ठाकुर, बालदेव राम, रामसागर महतो, तुलसी महतो, छत्रपाल कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लैपटॉप देकर टॉपर्स को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : फहीमा एकेडमी के प्रांगण में सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर्स के लिए सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया । इसमें बतौर मुख्य अतिथि आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ प्रमोद कुमार नायक, एसडीएम चतरा मुमताज अंसारी ,डीएसपी सीसीआर आरिफ इकराम, पासवा के जनरल सेक्रेटरी तौफीक हुसैन मौजूद थे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयं फहीमा प्राचार्य फरहा फातमी ने किया उन्होंने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम उन बच्चों के लिए है जिन्होंने अपनी प्रिंसिपल कम दूसरी मां के मान सम्मान में चार चांद लगाते हुए सीबीएसई में उच्चतम प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हुए। फहीमा प्राचार्य ने कहा कि जैसा कि उन्होंने अपने बच्चों से वादा किया था ,की

टॉपर्स को लैपटॉप देकर सम्मानित करेंगी और फहीम एकेडमी के होनहार गुदड़ी के लाल सानू कुमार जिन्होंने सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 95.5% स्कोर किया उन्हें स्कूल प्रबंधन ने लैपटॉप देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ आयो रे शुभ दिन आयो रे सुंदर नृत्य द्वारा किया गया, फहीमा प्राचार्य ने मुख्य अतिथि वीसी प्रमोद कुमार नायक तथा एसडीएम मुमताज अंसारी के हाथों 94त्न आकर उत्तीर्ण हुए छात्र हेमंत कुमार एवं पीयूष पांडे को टैब देकर सम्मानित किया । स्कूल प्रबंधन ने दसवीं बोर्ड में 90त्न स्कोर करने वाले 15 बच्चों को स्मार्ट वॉच देते हुए कहां थी ,समय के महत्व को समझ कर उन्होंने जो अच्छा वक्त अपने गुरुओं को दिखाया है उसके लिए स्कूल उन्हें हमेशा याद रखेगा । प्राचार्य फराह फातमी एवं सचिव अहमद अली द्वारा 12वीं साइंस के टॉपर निखिल शर्मा फरहीन, आरा नसरीन नाज एवं मो जावाद को मोबाइल फोन पुरस्कार स्वरूप दिया तथा उन्हें इसका इस्तेमाल अपने भविष्य को उज्जवल करने की सलाह दी।

एचडीडीबीए के पदाधिकारियों ने सदर विधायक से की मुलाकात

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विधायक सेवा कार्यालय सभागार में जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात की और हजारीबाग झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल का प्रशिक्षण केंद्र खोलने को लेकर ज्ञापन सौंपा। एचडीडीबीए के कन्वेनर आलोक कुमार और सेक्रेटरी समीर कुमार अम्बष्ठ ने विधायक मनीष जायसवाल को इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन से अनुरोध किया कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के हजारीबाग झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल का विशेष प्रशिक्षण हेतु एक एकेडमी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने हेतु झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग झील में विभिन्न आधारभूत संरचना सहित 10 सीटर 6 पीस, 20 सीटर 4 पीस, 30 सीटर 2 पीस ड्रैगन बोट सेट, लाइफ जैकेट सहित उपलब्ध कराने की दिशा में यथाशीघ्र अपने स्तर से उचित कार्रवाई करें। आलोक कुमार और समीर कुमार अम्बष्ठ ने जानकारी देते हुए विधायक मनीष जायसवाल को बताया कि भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के निर्देशानुसार ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड, उपायुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता- सह- जिला प्रशासन हजारीबाग की देखरेख एवं हजारीबाग जिला ड्रैगन बोट संघ के संयुक्त तत्वाधान में जवाहर घाटी, बरही (तिलैया डैम) में आगामी दिनांक 15 जून 2023 से 18 जून 2023 तक के 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

अनएकेडमी ने मनाया यूपीएससी सीएसई 2022 रैंक होल्डर्स की शानदार सफलता का जश्न

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई (सिविल सर्विस परीक्षा) 2022 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। अनएकेडमी के टॉप रैंकर्स में शामिल हैं- स्मृति मिश्रा (एआईआर 4), कनिका गोयल (एआईआर 9), राहुल श्रीवास्तव (एआईआर 10), अभिनव सीवच (एआईआर 12) और विदुषी सिंह (एआईआर 13)। अनएकेडमी के 300 से अधिक छात्रों ने टॉप रैंक हासिल करते हुए अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अनएकेडमी के व्यापक लर्निंग प्लेटफॉर्म की प्रभाविता की पुष्टि की है। अनएकेडमी के छात्रों में 206 रैंक होल्डर ऑनलाईन प्रोग्राम से थे, जिन्हें भारत के टॉप शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन का लाभ मिला है। इसके अलावा 127 रैंक होल्डर अनएकेडमी के लास्ट माईल प्रोग्राम से थे, इंटरव्यू के लिए मार्गदर्शन देने वाला यह प्रोग्राम इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह यूपीएससी सीएसई परीक्षा के अंतिम चरण में सफलता हासिल करने के लिए छात्रों की मदद करता है। लास्ट माईल प्रोग्राम के तहत सेवानिवृत नौकरशाहों, यूपीएससी के पूर्व सदस्यों एवं टॉप शिक्षकों द्वारा मॉक इंटरव्यू के सत्र किए जाते हैं, जो छात्रों की सफलता में बेहद कारगर साबित हुए हैं।

इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में स्टेट टॉपर दिव्या कुमारी को बधाई देने पहुंची रामगढ़ की विधायक

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से मैट्रिक एवं इंटर साइंस की परीक्षा पर जारी किया गया जिसमें गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ कैंट में पड़ रही छात्रा दिव्या कुमारी को 479 अंक प्राप्त कर स्टेट टॉपर बनी ।इस अवसर पर रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा छात्रा दिव्या कुमारी को बुके देकर स्वागत किया गया साथ ही मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई और साथ ही साथ उनके परिवार वालों को कहा की छात्रा दिव्या कुमारी पूरे राज्य में रामगढ़ जिले को एक अलग पहचान दिलाई है और पूरा रामगढ़ गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विधायक महोदय ने कहा इनके उच्च शिक्षा के लिए पूरी आजसू पार्टी आपके साथ खड़ी है। बधाई देने वालों मे आजसू छात्र संघ जिला अध्यक्ष देवा महतो, रामगढ़ महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष रोहित सोनी ,छात्र संघ नगर अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, दीपू गुप्ता ,गगन चौधरी ,पूनम शर्मा ,बबीता सिंह नीरज मंडल संजय बनारसी ,सुमित सिंह ,इमरान खान, युवराज दुबे ,अजय प्रसाद ,रॉकी यादव आदि लोग मौजूद थे।

पूर्व विधायक प्रत्याशी ने स्टेट टॉपर दिव्या को दी बधाई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ शहर के विकास नगर निवासी दिव्या कुमारी ने जैक बोर्ड के इंटर साइंस में स्टेट टॉप कर जिला का नाम रौशन किया है। दिव्या कुमारी के स्टेट टॉप करने की खबर फैलते हीं उन्हें बधाई देने वालो का ताता लग गया।बुधवार को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस अपने समर्थकों से साथ दिव्या कुमारी के घर पहुंच कर उन्हें स्टेट टॉप करने पर बधाई दी।धनंजय कुमाए पुटूस ने कहा कि एक गरीब परिवार से आने वाली दिव्या ने अभाव में अपने मेहनत और लगन के दम पर अपने माता पिता परिवार के साथ साथ राज्य में रामगढ़ जिला का नाम रौशन किया है। दिव्या मेडिकल की पढ़ाई करना चाहती है।सरकारी से मांग है कि इनकी पढ़ाई का पूरा खर्चा राज्य सरकार उठाए। उपस्थित असलोक बिहारी रामा, कुसुम देवी,चंदा सिन्हा,गौरभ वर्मा,सुमित सिंह, मो0 इमरान, अजय राम, अमर मुंडा आदि।

आजप केंद्रीय अध्यक्ष ने बैंक ऑफ इंडिया जीएम आंफिस सीएसपी केंद्र का किया उद्घाटन

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा जीएम ऑफिस चौक पर बुधवार संध्या बैंक ऑफ़ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा के हाथों फीता काटकर किया गया। अवसर पर उन्होंने सीएससी केंद्र संचालक हीरालाल बेदिया व ग्रामीणों को बधाई दिया। कहां कि बैंकिंग सेवा केंद्र खुलने से सीसीएल कर्मचारियों, ग्रामीण क्षेत्र के गरीब जनमानस को सुविधा प्राप्त होगी। इससे क्षेत्र प्रगति करेगा। वही सीएसपी केंद्र संचालक हीरालाल बेदिया ने बताया कि केंद्र में बीओआई खाता खोलने, लेनदेन करने, लोन मिलने, अटल पेंशन के साथ प्रज्ञा केंद्र कार्य की भी सुविधा मिलेगी। मौके पर आजप केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदियां, महासचिव प्रकाश मुंडा, समाजसेवी सुरेंद्र राम समेत कई युवा ग्रामीण उपस्थित थे।

श्री दिगंबर जैन समाज मंदिर का प्रथम वार्षिक महोत्सव 26 को धूमधाम से मनाया जाएगा

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): संपूर्ण पाषाण से निर्मित तीन शिखर युक्त हमारे मंदिर जी का भव्य प्रथम वार्षिक महामहोत्सव दिनांक 26 मई 2023 को अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा।इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमों में आप सब की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।इस कार्यक्रम णमोकार महामंत्र दिनांक 24 मई 2023 बुधवार संध्या 7ः00 बजे से श्री मंदिर जी में।भजन संध्या दिनांक 25 मई 2023 गुरुवार संध्या 7ः00 बजे से श्री मंदिर जी में श्री हेमंत सेठी रांची के द्वारा।दिनांक 26 मई 2023 शुक्रवार श्री जी का महामस्तकाभिषेक , शांतिधारा एवं पूजन प्रातः 6ः00 बजे से।श्री पंच परमेष्ठी विधान श्री मंदिर जी में प्रातः 10ः00 बजे से।भोजन वितरण राहगीरों के बीच प्रातः 11 बजे से श्री मंदिर जी के प्रांगण से।प्रीतिभोज जैन भवन में दोपहर 1 बजे से 2ः 30 बजे तक।महाआरती संध्या 7ः00 बजे से श्री मंदिर जी में। मंदिर कमेटी ने अनुरोध है कि इस महामहोत्सव में पधार कर कार्यक्रम में सहभागी बनकर पुण्यार्जन करें ।समाज अध्यक्ष मानिक जैन, कोषाध्यक्ष जंबू जैन, उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी, संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, मन्दिर मंत्री देवेन्द्र गंगवाल ने मिलकर स्नेहिल आमंत्रण को रिलीज किया।

जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा (जिला आपूर्ति शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्यमंत्री दाल–भात योजनान्तर्गत जामताड़ा जिला में संचालित केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति करने हेतु आपूर्तिकर्त्ता के चयन एवं सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छुक निविदादाता दिनांक 08.06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा जिला आपूर्ति कार्यालय, जामताड़ा में जमा कर सकते है। उक्त निविदा दिनांक 08.06.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में निविदादाताओं की उपस्थिति में उपायुक्त, जामताड़ा के सभा कक्ष में निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भी रह सकते है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.jamtara.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला आपूर्ति कार्यालय जामताड़ा से भी कार्य अवधि के दौरान प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 298174 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24).D

डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के बच्चों का मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के बच्चों का मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन स्कूल टॉपर चंदा कुमारी हिंदी में 95,इंग्लिश में 94, गणित में 93, साइंस में 92, सोशल साइंस 85 और संस्कृत में 80 मार्च हासिल की टोटल 91.8% द्वितीय टॉपर खुशहाली कुमारी जिन्होंने हिंदी में 97 इंग्लिश में 82 संस्कृत में 88 साइंस में 86 सोशल साइंस में 89 और मैथ में 78 मार्च टोटल 88.4 परसेंट , तीसरा टॉपर कारण महतो हिंदी में 96 इंग्लिश में 85 गणित में 90 संस्कृत में 85 सोशल साइंस में 83 और साइंस में 80 नंबर टोटल 87.8 परसेंट , चौथा पोजीशन पर निशांत कुमार कुशवाहा हिंदी में 94 संस्कृत में 82 गणित में 92 साइंस में 85 सोशल साइंस में 81 और इंग्लिश में 76 मार्क्स टोटल 86.8 परसेंट पांचवां पोजीशन पर देवेंद्र कुमार जिन्होंने हिंदी में 92 इंग्लिश में 90 गणित में 90 साइंस में 84 सोशल साइंस में 77 और संस्कृत में 72 मार्क्स लेकर 86.6% प्राप्त किए । सभी बच्चों और सभी टीचर्स को डिवाइन ओंकार मिशन संस्थान परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई ।

सरकार की जो भी योजना है धरातल पर उतारी जाएगी : अनीता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय मांडू प्रखंड योजना का नाम बॉयलर कुकर चूजा का मांडू पशु चिकित्सालय प्रभारी मनोज कुमार झा के द्वारा एवं मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार गुप्ता उप मुखिया पंकज गुप्ता संयुक्त रूप से लाभुक मांडू चट्टी पंचायत के दिनेश प्रजापति 500 चूजा 7 कुंटल दाना एवं गुड़िया देवी 500 चूजा दाना से 7 क्विंटल बसंतपुर पंचायत के सुशीला देवी पूजा 500 दाना 7 कुंटल 50 किलो दिया गया ओके पर मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने बताया कि सरकार का जो भी योजना है धरातल पर उतारा जाएगा अपने पंचायत के अंतिम व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाया जाएगा इस कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी बालेश्वर भईया योगेश्वर महतो मांडू चट्टी पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार गुप्ता ने कहा इस योजना से लाभुक का एक रोजगार का व्यवस्था जो आत्मनिर्भर हो सके चट्टी पंचायत के उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि गांव देहातों का व्यक्तियों को हर योजना का लाभ के विषय में जानकारी देना पहले प्राथमिकता है।

अरगड्डा जीएम ऑफिस चौक पर बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी के उद्घाटन से पूर्व सीसीएल गार्डो ने केंद्र के सामने लगे एस्बेस्टस सीटों को उतारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में आता रहा हैं। इस बार बुधवार को सीसीएल जीएम यूनिट के दर्जनों सुरक्षा गार्डो, होमगार्ड और बिना वर्दी के गार्डो ने 2 अवैध निर्माण के ऊपर कार्यवाही कर दुकान कमरे के सामने लगे एलवेस्टर सीटों को हटाया हैं। इसमें सोचने की बात यह है कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा देने के लिए आज उद्घाटन से पूर्व ही बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी के सामने लगे एसवेस्टर सीटो को भी सीसीएल प्रहरियो ने उतारकर आम जनता के बीच सुर्खियां बटोरी हैं। प्रबंधन की इस कार्रवाई से लोगों के बीच प्रबंधन की छवि अच्छी नहीं बनेगी। वही अवैध निर्माण सीटों को हटाने आए जीएम ऑफिस सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम ने बताया कि प्रबंधन का आदेश प्राप्त हुआ था, दो अवैध जगह ऐलवेस्टर सीटों को हटाना हैं, इस पर कार्रवाई की गई। वही मोबाइल द्वारा पूछे जाने पर सुरक्षा अरगड्डा क्षेत्र अधिकारी एसएन तिवारी ने बताया कि जीएम ऑफिस चौक पर दो अवैध निर्माण के खबर मिली थी। जिस पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। जबकि बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी खोलने के लिए नियमानुसार कार्य होना चाहिए था। वहीं बैंक सीएसपी के हीरालाल बेदिया ने बताया कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा सुलभ करवाने के लिए केंद्र खोलना था, जिसके बारे में सीसीएल के सुरक्षा व वरीय अधिकारियों को मिलकर अवगत कराया गया था। लेकिन दूसरे ही दिन प्रबंधन ने यह कार्रवाई की गई है, जो सोचनीय हैं। इधर लोग बताते हैं कि अरगड्डा-सिरका में कई जगहों पर अवैध निर्माण, फैक्ट्री डस्ट डपिंग अरगड्डा दो नंबर बंगला, अरगड्डा चेकपोस्ट मैदान अपने स्वार्थ के लिए किए जा रहे हैं, लेकिन प्रबंधन का सुरक्षा विभाग बिना आधार बनाएं कागजी प्रक्रिया पूरी कर अवैध निर्माण व डपिंग को बढ़ावा देने में लगा हैं। ग्रामीणों के रोजी रोजगार सुविधाओं पर डंडा चलाने का काम कर रहा हैं। जिससे गांव टोंगी, जीएम ऑफिस, बुधबाजार, भूली क्वार्टर सिरका, अरगड्डा के ग्रामीण प्रभावित होगें। एक ओर अरगड्डा प्रबंधन ग्रामीणों के हाथों को रोजगार से जोड़ने की बात करता हैं।

चिलचिलाती धूप में जनसेवकों के सम्मान की लड़ाई में परिवार के सदस्य भी कूदें

सरकार को चेताया कि परिवार का बजट गड़बड़ाया तो सरकार को भुगतना पड़ेगा गंभीर परिणाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के 16वें दिन अब परिवार के सदस्य भी ठोकने लगे हैं ताल। उपस्थित मातृ शक्ति ने सरकार को सीधे सीधे चेताया कि यदि परिवार का बजट गड़बड़ाया तो सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। जनसेवक सरकार की सम्मान बचाने और अपने विभाग के कार्यों के अतिरिक्त बिना किसी अतिरिक्त लाभ के अन्यान्य विभागों में अतिरिक्त कार्य करने के चक्कर में परिवार को समय नहीं दे पाते हैं और अब ग्रेड पे कम होने से परिवार की समस्याएं और बढ़ेंगी, जिसे हम बर्दास्त नहीं करेंगे।जनसेवकों के 10 वर्ष की नियमित सेवा के उपरांत बिना किसी तर्कसंगत कारण कृषि विभाग के द्वारा छल पूर्वक ग्रेड पे कम करने से परिवार का बजट गड़बड़ाएगा।जिससे हड़ताल पर बैठे जनसेवकों के परिवार से उत्साह वर्धन करने आई परिवार की माताएं और बच्चें जनसेवकों के संघर्ष में साथ होने की बात कही।इस धरना में लोकेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, आलोक मित्रा, उमेश कुमार, बिमल कुमार बेदिया, महादेव महतो, विकास प्रसाद, विनीता सिंह, अजय कुमार सिंह, अरविंद कुमार महतो, उपेंद्र कुमार, छत्रधारी महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, त्रिलोकी नाथ महतो, पंकज कुमार, रवि सागर पाण्डेय, रविन्द्र कुमार महतो, संजीव करमाली, जॉर्ज टुडू, अनिल कुमार महतो आदि शामिल रहें।

अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल टी-20 लीग टूर्नामेंट 2023 का तीसरे दिन दो मैच खेले गये

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल टी20 लीग टूर्नामेंट 2023 का तीसरा दिन पांचवा एवं छठा मैच छावनी फुटबॉल मैदान में खेला गया मैच ,इस फर्स्ट मैच टूर्नामेंट का पांचवा मैच पावर हीटर बना इनिंग स्टार के बीच खेला गया पावर हीटर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 226 रन 5 विकेट के नुकसान पर बनाया टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर पावर हीटर के नाम रहा आज का दिन उसके जवाब में इंनिंग्स स्टार क्लब मात्र 74/10 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस प्रकार पावर हीटर 152 रन से मैच को जीतकर प्रथम जीत का आगाज किया वहीं पावर हीटर के मुख्य बल्लेबाज रहे आदर्श गिरी जिन्होंने मात्र 29 बॉल खेल पर 78 रन चार चौके एवं 8 छक्के की सहायता से बनाया । वही विनय कुमार राणा 26 बॉल मैं 50 रन की पारी खेली सनीसचिन तिवारी 24 बॉल में 38 रन योगेश भास्कर 13 रन की जबरदस्त पारी खेलकर अपनी टीम को 226 के स्कोर तक पहुंचाया दूसरी और इनिंग स्टार के गेंदबाज हर्षित कुमार,अकाश कुमार राम, अकाश कुमार यादव, भुवनेश्वर महतो,विशाल कुमार सिंह एक-एक विकेट से संतोष करना पड़ा जवाबी पारी खेलते हुऐ इंनिंग्स स्टार के एकमात्र बल्लेबाज आशुतोष कुमार 18 रन बना पाए और उनके कोई भी बल्लेबाज अदाएं दहाई तक भी नही पहुच पाया वही पावर हीटर के गेंदबाज योगेश भास्कर 4 ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच बने पी.यादव 2 विकेट अकाश कुमार सिंह एवं आशीष कुमार चौबे 1 विकेट आज के मैच प्रथम मैच के मैन ऑफ द मैच रहे योगेश भास्कर रॉयल हीटर के उनके मैन ऑफ द मैच के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया रामगढ़ कैंट के महाप्रबंधक सुनील कुमार ने वाडीलाल आइसक्रीम कंपनी प्रायोजक थे ।

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ..... दिनांक .....

इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 05 / 2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत गाँधी मैदान, मैरिन ड्राईव एवं अम्बेडकर पार्क में आवश्यक कार्य किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति एवं संवेदक दिनांक 30.05.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन (अधिष्ठापित सहित) जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 5,000/– रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 30.05.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। अधिष्ठापन सहित सामग्री निम्नवत् है :–

1	अम्बेडकर पार्क में।	1. डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी का मुर्ति अधिष्ठापन (उचाई 72" (6 फीट), वजन – 180 –190Kg.) मेटेरियल – ब्रांज एवं कॉपर का प्रति फीट दर।

नोट :– निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/– नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298179 Palamu (23-24)_D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 13.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14.06.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
   2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	अग्रधन की राशि (रू0)	कार्य समाप्ति की अवधि।
1	Construction of PCC Road from Super Speciality Main Gate to LMO Plant at RIMS,Ranchi for the year 2023	47,91,500.00	5000.00	96,000.00	Three Months

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 298239 Building(23-24)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष)

मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0–19/023, दिनांक–20.05.2023 में लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष, पति–प्रदीप गुप्ता, सा0–दलेली, पोस्ट–ओखरगाड़ा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–12.05.2023 को रात्री समय लगभग 10:30 कही चली गई है। उक्त लापता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता संजू कुमारी, उम्र–22 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग– सावला
लम्बाई– लगभग 4 फीट
पहनावा– पिला कलर का साड़ी
भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 298186Police(23-24)#D

कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़

E-Mail ID – dseramgarh.mdm@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति सं०–2 दिनांक 23.05.2023

एतत् द्वारा विभागीय निदेशानुसार जिले में संचालित सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी/स्वतंत्र विद्यालयों के प्राचार्य/अध्यक्ष/प्रबंधन/प्रबंधन समिति एवं उनमें पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि इन विद्यालयों को कक्षा–1 से 8 संचालित करने हेतु **RTE 2009** के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना मान्यता के एसे विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के प्रमाण–पत्र वैध नहीं होंगे। **RTE 2009** के अन्तर्गत मान्यता हेतु उक्त सभी विद्यालयों को www.rte.jharkhand.gov.in पर ऑन लाईन आवेदन करते हुए विद्यालय को पंजीकृत करना आवश्यक है। भविश्य में जाँच के क्रम में बिना पंजीकृत एवं मान्यता के विद्यालय संचालन का मामला प्रकाश में आता है, तो **RTE 2009** के सुसंगत धाराओं के तहत संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/अध्यक्ष/प्रबंधन/प्रबंधन समिति पर कार्रवाई की जाएगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
रामगढ़।

PR 298180 District(23-24)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना।
अज्ञात पुरूष शव (पहचान करने हेतु) उम्र करीब–56 वर्ष)

कांडी थाना सनहा स0–08/23, दिनांक–20.05.2023, को सुबह–07:30 बजे सा0–गरदाहा मठ परिसर में ग्रामिणों द्वारा सूचना मिली की एक अज्ञात व्यक्ति जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, उम्र करीब 56 वर्ष, अज्ञात व्यक्ति कांडी थाना अर्न्तगत ग्राम गरदाहा मठ परिसर में तबीयत खराब हो जाने के कारण जमीन पर लेटे छटपटा रहा था, सूचना मिलने पर कांडी थाना पुलिस गरदाहा मठ पहुँचकर उक्त व्यक्ति को अबिलम्ब इलाज हेतू स्थानीय चौकीदार के साथ रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा गया।

परन्तु उक्त अज्ञात व्यक्ति को चिकित्सक द्वरा मृत घोषित कर दिया गया। जिसका पहचान अबतक नही हो पाया है। अतः आम जनों से अनुरोध है कि बरामद अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में किसी भी ब्यक्ति के द्वारा पहचान या किसी प्रकार का सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गेहुँआ, लम्बाई– लगभग 5.6 फीट बाल एवं ढाढी सफेद

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.298205 Police(23-24):D

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का अयोजन

जनहित में समाजिक कार्य निरंतर जारी रहेगा : हनुमान प्रसाद

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सेल जीतपुर कोलियरी अंतर्गत जामाडोबा आलम नगर खुशहाल वतन वेल फेयर ट्रस्ट के प्रागंण में सीएसआईआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का अयोजन समाजिक संस्था दुर्गापुर सुंदरम वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया गया। पिछ्ले दो महिना के अंतराल में सेल के सीएसआईआर द्वारा अब तक दर्जनों शिविर लगाया जा चूका है जिसमे हजारो मरीजों की जाँच एवं निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया है। जामाडोबा के लोगो का कहना है की इस तरह का शिविर गरीबों के लिये बहुत मददगार साबित हो रहा है क्योंकि इस क्षेत्र मे ज़्यादातर गरीब एवं मजदूर तबके के ही लोग रहते हैं। शिविर मे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों का भीड़ लगा रहा जिसमे करीब 155 मरीजों को लाभ मिला। भीड़ को देखते हुए दुबारा कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। कोलियरी के महाप्रबंधक हनुमान प्रसाद शर्मा ने कहा की मजदूर एवं गरीब लोगो के लिए सेल के द्वारा आगे भी इस तरह का कार्य लगातार किया जायेगा ताकि गरीब लोगो को मदद मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉक्टर अनन्य डे, मानस सरखेल, पर्था सारथी मंजी, मौमिता मजुमदार, सुब्रता मजुमदार, सय्यद अरमान आदि सहित खुशहाल वतन वेलफेयर ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

कांड्रा गांव के दर्जनों युवा भाजपा छोड़कर झामुमो हुए शामिल

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झामुमो के नेता हेमन्त सोरेन सरकार का

काम काज से प्रभावित होकर बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के कांड्रा गांव के दर्जनों भाजपा समर्थक यूवक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मे प्रखण्ड अध्यक्ष अजमुल अन्सारी पर आस्था रखते हुए शामिल हुए । इस अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए अजमुल अन्सारी ने कहा की झामुमो संघर्ष की पार्टी है, जो क़ाम पर विश्वास करती है, हेमन्त सरकार लगातार गरीबों के हक मे कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं, जो भाजपा को हजम नही हो रहा है । झामुमो के कमिटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष निमाई महतो, सचिव मंटु महतो, सह सचिव शैख मनोवर हुसैन,व् प्रेम चन्द महतो, कोषाध्यक्ष बब्लु महतो, कार्यकारिणी सदस्य नारायण महतो, उत्तम महतो, गौतम महतो, पुनित महतो, राहुल महतो, वरूण महतो, राजकुमार महतो, प्रहलाद महतो, भीचु महतो, प्रेम महतो, खैलु महतो, पुना महतो, अब्दुल शैख, आशिफ शैख, कमरूद्दीन शैख, मौसिम शैख, हाशिम शैंख, शहादत शैख, वजीर शैख, तालिम शैख, दुखित कालन्दि, जितन मिश्रा, राजु मिश्रा, गणेश मिश्रा, का चयन किया गया ढ्ढ सभा का संचालन प्रखण्ड सचिव रंजित महतो ने किया । मौके पर उत्साह के साथ बड़ी संख्या मे लोग मौजुद थे ।

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बाल विवाह मुक्त भारत, बाल तस्करी,

बाल मजदूरी एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से धनबाद जिला में सघन जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इस अभियान को सफलतापूर्वक मंजिल तक पहुंचाने हेतु लौहपिटी पंचायत के लौहपिटी बस्ती आंगनबाड़ी केंद्र 1 मे एक बैठक माननीय मुखिया श्रीमती सुनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन फिल्ड मॉबलाइजर मुमताज अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सहिया आशा देवी ने किया। उक्त विषय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने बताया कि नॉवेल शान्ति पुरस्कार विजेता आदरणीय कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में विश्व भर में बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में भारत देश में देश भर में 22 मई से 30 मई 2023 तक सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने दिवंगत फोटोग्राफर को दी श्रद्धांजलि

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : फोटोग्राफी जगत की महान विभूति

गिरीश मिस्त्री का विगत 22 मई 2023 को मुंबई में निधन हो गया। इस हृदय विदारक घटना ने फोटोग्राफी समाज को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने फोटोग्राफी जगत की जितनी सेवा की वह अतुलनीय है। स्वर्गीय गिरीश मिस्त्री जी के आत्मा की शांति हेतु धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने धनबाद में शोक सभा का आयोजन धनबाद जिला फोटोग्राफर ट्रेड एसोसिएशन के कार्यालय चाहत स्टूडियो सरायढेला में किया गया जहां उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिव मनीष शाह, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, प्रकाश कुमार, सुभाष सरावगी, रत्नेश कुमार, अभिजीत भट्टाचार्य, गुड्डू गुप्ता, संजय कुमार, सुभाष रजक, अनिल कुमार गुप्ता, रिपुदमन झा, मनोज राठौर, सुबोध महाराज, साजिद खान, मंतोष लाल, दीपू, सूरज रवानी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

लालमणि वृद्धा आश्रम के 76 वर्षीय बद्री प्रसाद केसरी का निधन

धनबाद : लालमणि वृद्धा आश्रम पर एक के बाद एक दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। लगातार दो दिनों के अंतराल में दो वृद्ध ने दुनिया को अलविदा कह दिया। मंगलवार को 76 वर्षीय वृद्ध बद्री प्रसाद केसरी ने अंतिम सांस ली। जालान अस्पताल में समाजसेवी रमेश पांडे के सहयोग से उनका इलाज चल रहा था। इससे पूर्व रविवार को 70 वर्षीय वृद्धा सुमित्रा साहा की मृत्यु हो गई थी। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थीं।

हाइवा की चपेट में आई छात्रा, मौत, चालक फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

देवरी (गिरिडीह) देवरी थाना क्षेत्र के चतरो चकाई मुख्य मार्ग स्थित एसएसबी कैंप चतरो के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पत्थर लदे हाइवा पलटी वहीं त्युसन पड़ने जा रही 9 वीं छात्र चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई।इधर मौका पाकर चालक फरार हो गए।मृतक का पहचान झगरूड़ीह निवासी इस्मेल अंसारी की 14 वर्षीय पुत्री सलाउन प्रवीण के रूप की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पत्थर लदे हाइवा चकाई तरफ से आ रही थी जो एसएसबी एसएसबी कैंप के सामने अनियंत्रित हो गई और विपरित दिशा से ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा को चपेट में ले लिया जिससे उक्त छात्रा का दोनो पैर पूरी तरह कट गया आननफानन में एसएसबी के जवान उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया इधर सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचने के बाद इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। इधर मौत के बाद परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।इधर सूचना पाकर देवरी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना जायजा लिया और छानबीन में जुट गई है।

एनटीटी कार्यालय के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

शहर में आए दिन हो रही बाइक चोरी की वारदातें

गिरिडीह : वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर गिरिडीह शहरी क्षेत्र के आर के महिला रॉड स्थित जी सी सिन्हा गली स्थित एनटीटी कर्यालय के बाहर रखे दो पहिया वाहन को चोरी कर ले गए। इसकी शिकायत वाहन मालिक कर्बला रोड निवासी मनोज मौर्य ने नगर थाने में की। मनोज मौर्य ने बताया कि बुधवार को मोटरसाइकिल क्रमांक जेएच 11 ऊ 5319 प्रतेयक दिन की तरह एनटीटी कार्यालय के बाहर खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद कर्यालय के बाहर आकर देखा तो बाइक नहीं मिली। आसपास तलाशने पर भी जब बाइक का पता नहीं चला तो नगर थाने में आवेदन सौंपकर अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इधर ज़िले में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों के बाद भी पुलिस द्वारा इस ओर गंभीरता से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके चलते बाइक चोर गिरोह पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। ज़िले में कई बार वाहन चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा न तो बाइक की तलाश की जाती है और न ही जिस स्थान से बाइक चोरी हुई है वहां जांच पड़ताल। इससे न तो बाइक मिलती है और न ही बाइक चोरी करने वाले। चोरों पर कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। इससे चोरी की घटनाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। वाहन मालिकों का कहना है कि चोरी की घटनाओं से वाहन चोरी होने का डर बना रहता है।

जैक मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में नवडीहा के बच्चे रहे अव्वल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ/गिरिडीह : जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में गिरिडीह जिला के नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र के बच्चों ने अधिकतम अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढाया है। सबसे अधिक अंक प्लस टू नवडीहा उच्च विद्यालय नवडीहा के कमलेश वर्मा 95.60 फिसदी, सुमित कुमार ने 94.20 फिसदी, नित्यम गुप्ता ने 93.20 फिसदी अंक लाकर प्रचम लहराया। ब्रिलिएन्ट कोचिंग सेंटर के बच्चों ने ब्लॉक व जिला स्तर पर प्रचम लहरा कर अपने क्षेत्र व कोचिंग का मान सम्मान को बढाया। ब्रिलिएन्ट कोचिंग के डारेक्टर नरेश वर्मा ने बताया कि जो शिक्षा सहरी क्षेत्र में मिलता था वह शिक्षा सुदरवर्ती क्षेत्र में समभव हो गया है। शहर में बच्चों को पढाना गरीब किसानों को बहुत भारी पडता था, जिसके कारण लोग बच्चों को बाहर पढने नहीं भेज पाता था। और आज हर क्षेत्र में जगह जगह पर कोचिंग सेंटर पाये जाते है, जिससे गरीब बच्चे आसान से पढ पा रहे है।

भाजपा झरिया नगर की कार्यसमिति बैठक में संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को भारतीय जनता पार्टी झरिया नगर की कार्यसमिति बैठक भाजपा के झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव की अध्यक्षता में झरिया अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुई। जहां इस बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्य रूप से धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा धनबाद महानगर जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, उमेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री नितिन भट्ट, श्रवण कुमार राय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश, चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

जेएमएस ऑनलाइन एजुकेशन के छात्रों का मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन, मैट्रिक में 100 प्रतिशत रिजल्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जैक दसवीं व बारहवीं का परिणाम जारी कर दिया गया हैं। जिसमें रांची से संचालित जेएमएस ऑनलाइन एजुकेशन के छात्रों ने पूरे राज्य में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान व अपने माता पिता को गौरवांवित किया हैं। सर्वोदय हाई स्कूल अलगडीह का छात्र सूरज कुमार रोल कोड 21095, अनुक्रमांक 0190 पिता रामचंद्र साव मैट्रिक की परीक्षा 93.20 प्रतिशत लाकर पहली श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ हैं सूरज आगे आईपीएस की पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहता हैं,दूसरी ओर इंटरमीडिएट परीक्षा में महेश्वरा प्लस टू हाई स्कूल मेसरा हजारीबाग के छात्र शुभम कुमार पिता पवन सिंह ने भी बाजी मारा हैं शुभम इंटरमीडिएट परीक्षा में 450 यानी 90 प्रतिशत अंक हासिल कर आगे डॉक्टर का पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहता हैं, इतना ही नहीं जेएमएस ऑनलाइन एजुकेशन संस्थान से विज्ञान संकाय में 100 छात्रों में से 80 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं जिसमे से कुछ छात्रों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा खुशबू कुमारी 356 अंक निशा 366 अंक नबीशा 345 अंक ताहिर 354 अंक हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 100 छात्र शामिल हुए थे जिसमे 100 छात्रों का 100 त्नप्रतिशत रिजल्ट रहा रोहित कुमार 85 प्रतिशत, राकेश 83प्रतिशत, सूरज 93प्रतिशतअंक हासिल कर

सफल हुए है। आपको बता दे जेएमएस ऑनलाइन एजुकेशन संस्थान के निर्देशक संतोष कुमार संतोष जिसका उद्देश्य समाज के गरीब छात्रों को कम फीस में बेहतर शिक्षा देना है। जेएमएस ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफार्म हैं जहां 10वीं,12वीं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बहुत ही प्रशिक्षित शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा तैयारी करवाया जाता हैं। यहां बायोलॉजी के लिए पूजा मैम, फिजिक्स के लिए राकेश रंजन, गणित के लिए राहुल मंडल, इंग्लिश का लिए राखी मैम कंप्यूटर साइंस के लिए नेहा मिश्र हैं।

पानी को समस्या को लेकर जिप सदस्य ने जेई को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : बुधवार को गिरिडीह ज़िले के शास्त्रीनगर माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी के आवास में पीएचडी विभाग के जेई नरोत्तम सिंह मुंडा को भाग संख्या 6 के जिला परिषद सदस्य उस्मान अंसारी और सलाईडीह पंचायत के सुरेंद्र सिंह ने दिया, जेई संजोग सिन्हा के आवास के आस पास ही थे इसलिए यही दिया गया ज्ञापन।माले नेता उस्मान अंसारी ने कहा की सलैयाडीह उर्फ खोरोडीह, मारूडीह, हरला, ढेंगाडीह, सिकरूडीह, तिलक डीह, भेलवाघाटी आदि जगह में में कई ऐसे गांव है जहां पानी की घोर किल्लत है, दस दस चापानल आया है हरेक पंचायत में जबकि एक एक पंचायत में 50 - 50 चापानल की आवश्यकता होती है जल्द इसको भी संज्ञान में लिया जाय, माले नेता उस्मान अंसारी ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी जल्द से जल्द पानी की समस्या से निजाद दिलाया जाय, उन्होंने कहा कि जोरोगाव, बरवाटोला, सिजुवा, पंदना, परसाडीह, कोइरीडीह आदि आदि गाव में आज भी पगडंडी से आते जाते है लोग, गिरिडीह डीसी को लिखित दिया गया है, जल्द माले की टीम उपायुक्त से मिलेंगे। माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी ने कहा कि पूरे जिले के हरेक पंचायत का सर्वे रिपोर्ट होगा जिला प्रशासन के पास, पीरटांड़ एरिया में विशेष जरूरत है, उस क्षेत्र की जनता बहुत परेशान है,वैसे तो जिला का हरेक पंचायत में पानी का घोर किल्लत है, गिरिडीह विधानसभा के अलावा गांडे, जमुआ, बगोदर, राजधनवार, डुमरी तमाम जगहों का हाल ऐसा ही है, बगोदर में माले विधायक विनोद सिंह के प्रयास से तेजी से विकास हो रहा है जबकि अन्य इलाकों में विकास सुस्त है, जनता को चाहिए कि माले को अपना पार्टी माने और जनता की समस्या को माले की अगुवाई में सड़क पर उतरे तब ही समाधान की गुंजाईस है,वरना विकास की गति इसी प्रकार ठूकुर ठुकुर चलने की गारेंटी है, दूसरी पार्टियों में चुनाव तक प्रतिनिधि एक्टिव रहते है और फिर चुनाव में ही फिर मिलते है,जांच करने की जरूरत है।

धनबाद जिला पुरुष व महिला टीम की घोषणा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद जिला एथलेटिक्स मीट 12 से 14 मई को डीएवी कोयला नगर में संपन्न हुई थी। इसी के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बालक एवं बालिका 18 एवं 20 वर्ष तथा महिला एवं पुरुष खिलाड़ी टीम में शामिल है। जिला एथलेटिक टीम 31 मई को रात्रि 11ः00 बजे वनांचल एक्सप्रेस से पाकुड़ के लिए प्रस्थान करेगी। हर खिलाडी को 400/- पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। टीम इस प्रकार हैं पुरुष वर्ग में 100 मीटर में जय सिंह शाहबाज खान, 200 मीटर में शाहबाज खान और करण कुमार, 400 मीटर में राहुल रजक और विकास कुमार, 800 मीटर में केशव कुमार और विजय यादव, 1500 मीटर में रोहित कुमार महतो और सोनू कुमार महतो, 5000 मीटर में विजय राय और अरुण कुमार रॉय, 10000 मीटर में विजय राय और राकेश कुमार वर्मा, 110 मीटर हर्डल में मनीष कुमार और बिट्टू महतो, 400 मीटर हर्डल में मनीष कुमार और गौतम कुमार गिरी, 10000 मीटर पैदल चाल अभिषेक नारायण ठाकुर और विक्रम कुमार ऊंची कूद में हीरालाल रवानी और लालचंद हीमा, लंबी कूद में रूपलाल रॉय और आलोक चौहान बेलदार,तिहरी कूद में अमृतपाल सिंह और आलोक चौहान, बेलदार गोला फेंक में प्रखर कुमार मल्ला और अविनाश कुमार, चक्का फेंक में जय शेख कुमार सिंह और दीपक कुमार महतो, भाला फेंक में संदीप साव और किशोर कुमार।

सेरेब्रल पाल्सी नामक बीमारी को मात देकर दिव्यांग छात्रा ने पास की मैट्रिक की परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : झरिया रिसोर्स सेंटर की सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित दिव्यांग छात्रा पम्मी कुमारी इस बार की मैट्रिक की परीक्षा मे 66.80 त्न अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। खबर पा कर रिसोर्स सेंटर झरिया के डा मनोज सिंह एवं अख़लाक़ अहमद पम्मी के घर पहुंचे एवं मिठाई खिला कर बधाई दिया। पम्मी को चलने बोलने मे परेशानी है, हाथ मे भी कमजोरी है। परीक्षा के वक्त पम्मी को राइटर की सुविधा प्रदान किया गया था। बेटी की सफलता से उसकी माता सीमा देवी एवं पिता राजू राम काफी खुश हैं। फिजियोथेरेपिस्ट डा मनोज सिंह ने कहा की सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित पम्मी की लगन एवं मेहनत का सुखद नतीजा आज हमलोगों को मिला है। इसने फिजियोथेरेपी के सहारे सेरेब्रल पाल्सी जैसी गंभीर बीमारी को मात दे कर सफलता हासिल की है।

रिसोर्स शिक्षक अख़लाक़ अहमद ने कहा की विशेष शिक्षा, विहवियर मॉडिफिकेशन तकनीक से पम्मी को मुख्य धारा से जोड़ा गया। पहले डी ए वी मध्य विद्यालय और बाद के सी गर्ल्स उच्च विद्यालय मे शिक्षा हासिल की। इसी विद्यालय की अल्प दृष्टि की दिव्यांग छात्रा अंजलि कुमारी ने भी 68.48प्रतिशत अंक के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। मौके पर अख़लाक़ अहमद, डा मनोज सिंह, राजू राम, सीमा देवी, संस्कृति कुमारी, श्लोक कुमार, काजल कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर एन.आई. के कारण ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मण्डल के भैरोगंज एवं खरपोखरा स्टेशन पर नन इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया है :-

ऽ परिचालन रद्द की गई ट्रेनें :-

1. 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस का परिचालन 29.05.2023 को रद्द रहेगा ।

2. 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन 29.05.2023 को रद्द रहेगा ।

ऽ आंशिक समापन -

1. दिनांक 27.05.2023 से 30.05.2023 तक गोरखपुर से खुलने वाली 05040 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन बगहा में किया जाएगा ।

2. दिनांक 24.05.2023 से 31.05.2023 तक गोरखपुर से खुलने वाली 05096 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन बगहा में किया जाएगा ।

3. दिनांक 27.05.2023 से 30.05.2023 तक नकहा जंगल से खुलने वाली 05450 नकहा जंगल-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन बगहा में किया जाएगा ।

4. दिनांक 27.05.2023 से 30.05.2023 तक गोरखपुर से खुलने वाली 05498 गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन बगहा में किया जाएगा ।

5. दिनांक 29.05.2023 को आनंद विहार टर्मिनस से खुलने वाली 14010 आनंद विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस का आंशिक समापन बगहा में किया जाएगा ।

आरएसपी कॉलेज में हुई एनएसयूआई की कार्यकारिणी बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को आरएसपी कॉलेज में एनएसयूआई की कार्यकारिणी बैठक की गई। बैठक का नेतृत्व अध्यक्ष संजय तिवारी ने किया एवं इसका संचालन उपाध्यक्ष मोहित कुमार ने किया।बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी को जानने तथा समाधान करना था। बैठक में मुख्य रूप से छात्र छात्राओं को होने वाली परेशानियों में कॉलेज का काउंटर पर छात्र छात्राओं को परेशान किया जा रहा था। वहीं दूसरी परेशानी में कई सारे छात्र छात्राओं का लाइब्रेरी कार्ड नहीं बनाया गया था। जिसके कारण अधिक छात्र-छात्राएं लाइब्रेरी होने के बावजूद लाइब्रेरी की सुविधा से वंचित रह जा रहे थे।

श्रम अधीक्षक ने त्रिपक्षीय वार्ता में छह बिंदुओं पर कराया समझौता

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति धनबाद क्षेत्र, मैसर्स प्रमोद कुमार पंडित लालपनिया बोकारो एवं मानव दिवस कर्मियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन कर छह बिंदुओं पर समझौता कराया। इसमें मुख्य नियोजक अधिक्षण अभियंता के प्रतिनिधि के रूप में लेखा पदाधिकारी, संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित के प्रतिनिधि एवं मानव दिवस कर्मियो के प्रतिनिधि मौजूद थे। समझौता वार्ता में मुख्य नियोजक अधिक्षण अभियंता के प्रतिनिधि लेखा पदाधिकारी, संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित के प्रतिनिधि ने कहा कि सभी मानव दिवस कर्मियों का माह दिसम्बर 2021, जनवरी 2022 एवं फरवरी 2022 का बकाया प्रोविडेंट फंड का भुगतान 30 मई 2023 तक निश्चित रूप से जमा करेंगे। वहीं मुख्य नियोजक, अधिक्षण अभियंता के लेखा पदाधिकारी ने कहा कर्मियों का माह मार्च 2023 का बकाया वेतन का भुगतान 30 मई 2023 तक संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित को उपलब्ध करा देगें जिसे संवेदक द्वारा संबंधित काम का भुगतान शीघ्र करेंगे। साथ ही उनके द्वारा माह मार्च 2022 से अगस्त 2022 तक का प्रोविडेंट

फंड एवं ई.एस.आइ. का भुगतान संबंधित संवेदक को भुगतान करेगें जिसे संवेदक द्वारा प्रोविडेंट फंड एवं ई.एस.आइ. कार्यालय के माध्यम से भुगतान करेंगे। नये संवेदक का चयन अप्रैल 2023 को किया गया है। जिसके द्वारा भी संबंधित कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया गया है। इस संबंध में मुख्य नियोजक, अधिक्षण अभियंता के लेखा पदाधिकारी ने कहा कि इसका मई 2023 का भुगतान के साथ 10 जुन 2023 को कर दिया जायगा। साथ ही यह भी कहा कि होली डे एरियर का भुगतान भी 10 जुन 2023 तक कर दिया जायगा।

भंडरा में सर धड़ से अलग कर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भंडरा थाना पुलिस ने हत्या का कांड दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर भंडरा के पझरी गांव से बरामद शव के सर को बरामद कर हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। साथ ही घटना का अंजाम देने के आरोपित व उसके घर से घटना के अंजाम देने में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद कर लिया है। बता दे की सोमवार को शाम भंडरा थाना पुलिस को पझरी गांव के समीप सर से धड़ अलग किया हुआ एक शव होने की सूचना मिली थी। जिसपर भंडरा थाना पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही सर की तलाश में जुट गई थी। इसके बाद भंडरा थाना पुलिस ने अपने जांच-पड़ताल व गुप्त सूचना के आधार पर भंडरा के नौडीहा छोटकी टोली गांव निवासी बिरसा उरांव के पुत्र सुरेंद्र उरांव के घर में छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया। तथा सुरेंद्र उरांव (20 वर्ष) को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सुरेंद्र की निशान देही पर भंडरा थाना पुलिस ने सुरेंद्र के घर के समीप फुटकल व बरगद पेड़ से मृतक का सर को बरामद कर लिया है। इधर आरोपित युवक द्वारा घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार कर लिया है। हालांकि घटना को अंजाम किस कारण से दिया गया है। इसकी कोई जानकारी अबतक नहीं दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि सोमवार की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के भंडरा-बेडो मुख्य पथ पझरी सियार टोली के समीप ग्रामीणों द्वारा एक सर से धड़ अलग किया हुआ एक शव देखे जाने की सूचना मिली थी। इसपर भंडरा थाना पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल शुरु कर दी थी। शव की पहचान धोबाली गांव निवासी स्वर्गीय नरूवा उरांव के पुत्र जुबी उरांव (65 वर्ष) के रूप में हुई थी। जुबी विगत शुक्रवार को भंडरा साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीद घर लौट रहा था। तभी नौडीहा गांव निवासी आरोपित सुरेंद्र उरांव ने टांगी व खुरपी की मदद से जुबी की हत्या कर सर को धड़ से अलग कर अपने घर ले गया था। इधर भंडरा थाना पुलिस ने कांड संख्या 29/2023 धारा 302, 210 भादवी के तहत आरोपित को जेल भेज दिया है। इस कांड के उद्भेदन में भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा, सावित्री कच्छप, सहायक अवर निरीक्षक लाल कुमार महतो, लव कुश सिंह का अहम योगदान रहा।

सर धड़ से अलग कर हत्या के आरोपित गांजा का करता था सेवन

भंडरा-लोहरदगा भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव के समीप सर से धड़ को बेरहमी से काटकर सर को आरोपित द्वारा घर ले जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि आरोपित युवक द्वारा अंधविश्वास में आकर धोबाली गांव के जुबी उरांव (65 वर्ष) की हत्या कर सर को घर ले गया था। जबकि कुछ लोगों का मानना है कि आरोपित सुरेंद्र उरांव नशा का आदि था। सुरेंद्र उरांव दिनभर दारु व गांजा का सेवन करता था। उस दिन भी आरोपित युवक द्वारा भंडरा के मकुंदा में अपने बहन के घर विवाह समारोह से लौटा था। उस समय भी आरोपित नशा में था।

सुदूरवर्ती गांव में भी सरकार की सुविधा पहुंचाना हमारा लक्ष्य : नमन बिक्सलकोनगाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव बरटोली के लोगों से मिले तथा हालचाल और समस्याओं को सुना तथा जल्द समाधान करने की आश्वासन दिया। बरटोली गांव की समस्यायों जल नल योजना का भी निरीक्षण किए तथा बिजली व्यवस्था तथा बिजली बिल की समस्यायों को भी देखा पानी की समास्या को देखते हुए विभाग के इंजीनियर को फोन कर देकर तुरंत दूर करने का निर्देश दिए साथ ही बरसलोया आर ई ओ रोड से सरना टोली से बरटोली गांव पथ पर ढोलबीर नदी पर तीन स्पेन का पुल बनाने के लिए अनुशंसा करते हुए अविलंब बनवाने की बात की विधायक ने बताया पिछले वर्ष फुलझर नदी का अनुशंसा की गई थी अविलंब पुल बनने वाला है कागजी कार्यवाही हो चुकी है काम जल्द होगा। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग तथा श्यामलाल प्रसाद लचरागढ पंसस फुलकेरिया डांग पंचायत अध्यक्ष आवेल बारला अमृत डुंगडुंग महिमा डांग ऐरेन केरकेट्टा फुलजेम्स केरकेट्टा आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपरचित व्यक्ति ने घर घुसने का किया प्रयास, शोरगुल होने पर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

सेन्हा, थाना (प्रभात मंत्र संवाददाता): क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्राम चौकनी में देर शाम एक अपरचित व्यक्ति घर घुसने का प्रयास कर रहा था। अपरचित व्यक्ति को देख घर वाले ने चोर चोर का हल्ला करने लगा तभी ग्रामीण गोलबंद हो गए और अपरचित व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ करने लगे लेकिन वह व्यक्ति कभी बरात में आने की बात बोल रहा था तो कभी मेहमानी आए थे बता रहा था। अपना घर नरकोपी तो कभी टंगरा टोली सही नही बताने पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए अपरचित व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को थाना लाया और जांच पड़ताल के दौरान अपरचित व्यक्ति का पहचान परवेज अन्सारी, पिता इब्राहिम अन्सारी के रूप में हुआ। जिसके बाद परिजनों को बुलवा कर युवक के परिवार वालों सौंपा गया। वही घर वालों के द्वारा बताया जाता है। कि मानशिक स्थिति ठीक नही होने के कारण घर से निकल सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी पहुंच गया था। जहां ग्रामीणों ने संदेह जताते हुए चोर कह कर पकड़ लिया था और जिसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया था। जिसे पूछ ताछ कर परिवार वालों को सौंप दिया गया।

ओबीसी मोर्चा का एक दिवसीय धरना आज

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा लोहरदगा के द्वारा एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम दिनाक 25/5/2023 दिन गुरुवार को लोहरदगा जिला मुख्यालय में झारखण्ड में पिछड़ी जाति को सात जिलों में आरक्षण 0 कर दी गई है जिसके विरोध में रखी गई है।आप सभी भारतीय जनता पार्टी/मोर्चा के जिला सह मण्डल समेत सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से आग्रह है की सुबह 10 बजे कार्यक्रम में पहुंचने का कष्ट करें। भाजपा जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा संजय चौधरी ने दी।

सरकार की कार्ययोजना हो रही विफल : सूरज

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी के अध्यक्षता में ग्राम बराठपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरम्भ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्रों पर माल्यार्पण और वन्देमातरम गान के साथ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी और मण्डल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय संगठन को मजबूत बनाने में कारगर साबित होगी इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है, आज वर्तमान की झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है चाहे वह कानून व्यवस्था हो या विकास कार्य की बात हो। आज की सरकार केवल राज्य में लूटपाट करने में ही अपना ध्यान लगाये हुए है। आज राज्य में पुनः उग्रवादियों के वर्चस्व स्थापित होता जा रहा है और आम जनमानस भय में जीने को मजबूर है। राज्य में लूट-हत्या-बलात्कार-बेरोजगारी चरम पर पहुँचती जा रही है और सरकार केवल अपना चेहरा चमकाने में व्यस्त है। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की जनता की हितों की रक्षा में अपना कर्तव्य का निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामन्त्री विवेक चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन बीगल मुंडा ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार टिंकु, मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी, मण्डल महामन्त्री विवेक चौहान, बिगल मुंडा, शिवचरण मुण्डा, दिलु मुण्डा, लक्ष्मण मुण्डा, श्यामनंदन पाठक, आदर्श चौहान, दीपक साहू, प्रवीण सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर विधि व्यवस्था चौपट : तुलसी कुमार साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक जिला कार्यालय सिमडेगा में नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन मजबूती एवं 30 मई से लेकर 30 जून तक प्रदेश द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चर्चा किया गया इस दौरान जिला मंत्री सह नगर मंडल प्रभारी तुलसी कुमार साहू ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को निष्ठा पूर्वक करने का काम करें हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षों में किए गए कार्यों को जनता तक ले जाएं जनता को बताने का काम करें। झारखंड प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है आम जनता का कोई कार्य नहीं हो रहा है रोज दिनदहाड़े हत्या मर्डर बलात्कार जैसी जघन्य अपराध खुलेआम हो रही हैं कोई देखने वाला नहीं है सरकार अपने जेब भरने में लगी हुई है आम जनता का समस्याओं से इस प्रदेश की सरकार को कोई लेना देना नहीं है यह सरकार केवल दोनों हाथों से इस राज्य को लूट रही है लुटा रही है झारखंड प्रदेश के युवा एवं जनता महागठबंधन को वोट देकर अपने आप को ठगा महसूस कर रही हो इस बात को जनता को बताने की जरूरत है देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही देश और राज्य का संपूर्ण विकास होगा।इस मौके पर उपस्थित नगर अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों को घर घर तक पहुँचाने का कार्य सभी कार्यकर्ता मिलकर करे। केंद्र सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिससे विपक्षी पार्टियों के पेट मे मरोड़ उत्पन्न हो रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह महेश साहू अशोक रजक संजय शर्मा तपेश्वर बड़ाईक नंदनी दास पिंकी प्रसाद रजक, महावीर बड़ाईक, सुनील कुमार विश्राम साहू, अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, अंगद कुमार, रमेश महतो, कृष्णा महतो, भरोसा महतो, रूनी कुमारी, इंदु देवी, प्रतिमा देवी, नीलेश निशिकांत, करण सिंह, सोनू कुमार समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दुलाल चंद्र डे के निधन पर सामाजिक विचार मंच ने किया शोक व्यक्त

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): संजय गांधी पथ पावरगंज निवासी सह व्यवसायी दुलाल चंद्र डे का आज निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। इनके अकास्मिक निधन पर सामाजिक विचार मंच शोक व्यक्त करती है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करती है। तथा भगवान दुख की इस घड़ी में उनके परिवार वालो को धैर्य प्रदान करें। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, सागर वर्मा, संदीप भगत, रिंकू महेंद्रु, प्रमोद वर्मा, एजाज मलिक, राजेश वर्मा, राजेश कुमार उर्फ चुँदन, अजय पंकज, पँकज टोप्पो,कमल केशरी, सत्येंद्र शर्मा, सुबोध साहू, राजू यादव, पवन शराफ, सँतोष केरकेट्टा,पवन सोनी, रोहित साहू, रंजन सिंह,तापस कुमार राय, मोनू सराफ, विकास गुप्ता, दिगम्बर साहू, ज्ञानप्रकाश साहू, मोहम्मद अमानुल्लाह,राजेश कुमार महतो, मोहम्मद मिंटू,ब्रज सिंह, जुम्मन रजा, संजय विश्वकर्मा, रिपुसूदन साहू, विक्रम कुमार, सोहन साहू, मोहम्मद बबलू, सँजीव शर्मा, एन कुजुर, मनोज गुप्ता, विनोद सिंह,राहुल कुमार, गोपाल गोयल, छोटू वर्मा, रोहित प्रजापति,प्रेम किशोर प्रजापति, राजेश शर्मा,धर्मेन्द्र भगत, रिंकू वर्मा, रामगति प्रसाद गुप्ता, पवन सोनी, उदय दता, कैलाश दसोंधी, राकेश राय, रमेश कुँवर, अभिषेक मिश्रा,अनिल साहू, शंकर साहू, अनिल वर्मा, राजकुमार यादव, चंदन सिंह, नरेंद्र दसोंधी, सुरेश ठाकुर, राहुल कुमार साहू, रोहित दसोंधी, कमलेश उरांव, गुड्डु गुप्ता आदि शामिल है।

कैरो उतका में किसान के घर लगी आग, सूचना पर पहुंचे 20 सूत्री सदस्य किया अधिकारियो से बात

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 23 मई मंगलवार की मध्य रात्रि कैरो उत्तका निवासी मोईन अंसारी पिता मरहुम ईसाक अंसारी के घर अचानक आग लग गई। आग की लपटे इतनी भयानक रूप में थी की रात के समय मोईन अंसारी अपने पडोसियों को सहायता के लीये जगाता तबतक आग पूरी तरह अपनी रुप ले चूका था। उक्त भयानक आगलगी से मोईन का एक दुधारू गाय जो गर्भवती थी और एक बछड़ा पूरी तरह से जलकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। गाय एवं बछड़े की अनुमानित लागत लगभग 80/- हजार रुपये होगी वही घर में रखे हुए सुबह होते तक अन्य समान भी जलकर राख मे तब्दील हो गया। अर्थिक रुप से कमजोर मोईन के यहाँ घटित उक्त घटना से मोईन का कमर ही टुट गया है, वह गाय का दुध बेचकर अपना घर का खर्चा चलाता था। घटना की सूचना मिलते ही सुबह सुबह 24 मई बुधवार को कैरो प्रखंड 20 सुत्रि सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने मोईन के घर आकर घटनास्थल का मुवायना करने के उपरांत विद्यार्थी ने प्रखंड के सीओ,बीडीओ से मोईन के क्षतिपूर्ति मुवावजा राशि भुगतान के लीये दूरभाष पर बातचीत कीया। विद्यार्थी के द्वारा अधिकारियो से बात करने के उपरांत अंचलाधिकारी कमलेश उराँव ने इस संबंध मे कहा कि प्रक्रिया के तहत ही मोईन को क्षतिपूर्ति राशि की भुगतान संभव है।

जलवायु लचीलापन और स्मार्ट कृषि विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड सभागार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के अंतर्गत किसान जगरुक्ता कार्यशाला का हुआ आयोजन कृषक मित्रों को दी गई जानकारी। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मौसम के अनुरूप खेती करने तथा फसल बचाव को लेकर कृषक मित्र के साथ सेन्हा प्रखंड सभागार में जगरुक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एन एफ एस एम के अंतर्गत जलवायु लचीलापन और स्मार्ट कृषि विषय पर जगरुक्ता कार्यक्रम चलाया गया। आयोजित कार्यशाला के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य के द्वारा कृषक मित्रों को एग्रीकल्चर कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौसम का बदलाव के साथ अधिक गर्मी पड़ रहा है। ऐसे स्थिति में किसान के द्वारा लगाए गए फसल को काफी नुकसान हो सकता है। तथा जलवायु से क्या प्रभाव पड़ेगा और किस प्रकार बचाव किया जाए सहित कृषि संबन्धी अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए खेत के आसपास में वृक्ष लगाने तथा उन्नत किस्म का फसल बुआई पर जोर दिया गया।

भाजपा सिमडेगा की मण्डल कार्यसमिति बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी हुरदा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुरदा स्थित सामुदायिक भवन में मंडल अध्यक्ष ओमीन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुवात डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर अथितियों के द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। स्वागत भाषण के साथ मंडल अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने की बाते कहि महाजनसंपर्क अभियान के हुरदा मंडल के प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने संबोधन करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश भर में 30 मई से 30 जून तक लोकसभा स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय अनेकों कार्यक्रम आयोजित है हम सभी एक-एक कार्यकर्ताओं को अभी से ही कार्यक्रमों की सफलता हेतु अपने-अपने क्षेत्रो पर घर-घर संपर्क कर केंद्रीय योजनाओ की जानकारी के साथ-साथ राज्य सरकार की विफलताओं को भी बताना होगा आज राज्य की हेमन्त सरकार हर स्तर पर फेल है भृष्टाचार पूरे राज्य में चरम सीमा पर है जनता भाजपा सरकार के दिनों को याद कर रही है आने वाले 2024 कि तैयारी में हमें अभी से लग जाना है और केन्द्र के साथ हमें राज्य में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है।

ट्रक की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : कुरडेग थाना क्षेत्र के गोहरीटांड़ के पास बुधवार को ट्रक की चपेट में आने छत्तीसगढ़ के एक ब्यक्ति की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान छत्तीसगढ़ के तपकरा मसरीघाट निवासी ख्रीस्तोफर तिग्गा के रूप में की गई। ख्रीस्तोफर अपने गांव से पत्नी दयावती तिग्गा के साथ अपना ससुराल रायडीह कस्तूरा जा रहा था। इसी क्रम में गोहरीटांड़ के समीप ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद ख्रीस्तोफर के सिर में गम्भीर चोटें आई। जबकि दयावती दूर जा गिरी। घटना के बाद दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने ख्रीस्तोफर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दयावती का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि दयावती को मामूली चोट लगी है। पुलिस ख्रीस्तोफर के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। इधर घटना के बाद भाग रहे ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी थाना पहुंचे। साथ ही घटना की जानकारी लेते हुए चालक पर करवाई करने का निर्देश दिया। विधायक ने घायल महिला से भी मिले। साथ ही चिकित्सकों को उनका बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया।

हॉकी झारखंड ने हॉकी पश्चिम बंगाल को 6-1 से पराजित कर पहुंचा क्वार्टर फाइनल में

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 18 से 28 मई 2023 तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला उड़ीसा में आयोजित 13 वें हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023में खेले गए अपने दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी पश्चिम बंगाल को 06-01 गोल से पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में अपनी जगह बना ली है । इससे पूर्व झारखड ने हॉकी हिमाचल को 18-00 से पराजित किया था। झारखंड टीम की ओर से फगुवा होरो ने दो गोल किए जबकि विक्रम सोरेंग, निकोलस टोपनो, जोलेन टोपनो और अंकित एक्का ने एक एक गोल किये। आज के मैच में झारखंड टीम के झारखंड टीम के कप्तान रोहित तिर्की को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने पर हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई के साथ अगले मैच के लिए शुभकनाए दी है।

हेमंत सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध आज मशाल जुलूस तथा 26 मई को बंद का आह्वाहन : रितेश कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के सदस्य एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि झारखण्ड की 30त्न आबादी के साथ झारखण्ड सरकार फुट डालो राज करो की रणनीति पर काम कर रही है। झारखण्ड राज्य के 24 जिलों में से 17 जिलों के पिछड़ी जाति को आरक्षण दे दिया गया परन्तु बाकि के सात जिलों में रह रहे पिछड़ी जाति वर्ग का आरक्षण शून्य कर इनका अधिकार छिन्न लिया गया तथा आरक्षण से वंचित कर दिया गया। इस प्रकार राज्य के जिलों में आरक्षण पर राजनीति कर जिलों को दो भाग में बांट दिया गया है ताकि झारखण्ड सरकार के इस गलत फैसले पर राज्य का पिछड़ी जाति के लोग दो भागों में बंट जाय और सरकार का विरोध करने वाले कमज़ोर पड़ जाय। परन्तु झारखण्ड सरकार को यह समझना चाहिए कि सम्पूर्ण राज्य के पिछड़ी जाति वर्ग के लोग आज भी एकजुट है और उनकी यह फुट डालो और राज करो कि नीति को सफल नहीं होने देंगे और जबतक पूरे राज्य में आरक्षण को लेकर एकनीति लागू नही होती पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा सरकार के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई लड़ेगी। अभी आरक्षण विहीन झारखण्ड के सात जिलों के लोग एकजुटता से लड़ाई लड़ने को आगे आ चुका हैं जबकि आनेवाली समय मे सम्पूर्ण राज्य के लोगों का भी समर्थन प्राप्त किया जायेगा और ज़रूरत पड़ी तो आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भी इसका पूरा पुरा असर देखने को भी मिलेगा। हम पिछड़ी जाति के लोग सरकार को आरक्षण में किये गये धोखा का पूरी ताकत के साथ जवाब देंगे और इसका असर झारखण्ड के सभी जिलों में पड़े इस संदर्भ में पूरी तैयारी करने हेतु भी भविष्य की रणनीति पर पिछड़ी जति संघर्ष समिति का पूरा कोर ग्रुप कार्य करेगी। जबतक सरकार पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा का मांग अनुसार सातों ज़िला में पिछड़ी जाति हेतु आरक्षण लागू नही करता है,सरकार से निरन्तर लड़ाई लड़ी जायेगी। इसी संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए 26 मई को सातो ज़िला बंद रखने का आह्वाहन किया गया है, उससे पूर्व आगामी 25 मई को सभी सात जिलों में मशाल जुलूस निकाली जायेगी। तथा 26 मई को आरक्षण विहीन सातो ज़िलासम्पूर्ण बंद रहेगी, जिसमे सभी तरह के आवागमन को ठप करने तथा प्रतिष्ठानों को (स्वास्थ्य, अखबार, मेडिकल व आपातकालीन सेवा को छोड़कर) बंद रखने का आह्वाहन किया गया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक

झारखंड में गठबंधन की सरकार झूठ की पोटली है : सुदामा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी कुडू मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के अध्यक्षता में कुडू स्थित शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर वन्देमातरम गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ पूर्व ज़िला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजेंद्र महतो, नवीन कुमार टिंकू एवम् सजल कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने विषय वस्तु की जानकारी दिया, उन्होंने कहा कि प्रदेश के आदेशानुसार एक माह जन संपर्क अभियान चलाना है,जिससे पार्टी के विचारधारा से अन्य लोग भी जुड़ पाएंगे और भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत होगा,मण्डल अध्यक्ष ने मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दें और उन्हें दिग्भ्रमित से बचाएं। कांग्रेस और जेएमएम के लोग झूठ की राजनीति करने जानते हैं,उनका अपना तो कुछ करनी होता नहीं बस दूसरे के द्वारा किया गया कार्य को अपना बताना जानते हैं,उन्होंने कहा आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की जनता के हितों की रक्षा में अपना कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। मौके पर ब्रज बिहारी प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय संगठन को मजबूत बनाने में कारगर साबित होगी,इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है, आज वर्तमान की झारखंड सरकार हर वायदा पर विफल साबित हुई है,चाहे वह कानून व्यवस्था हो या विकास कार्य की बात हो,आज की सरकार केवल राज्य में लूटपाट करने में ही अपना ध्यान लगाये हुए है।

राज्य में उग्रवादियों का वर्चस्व : राजकुमार वर्मा

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी किस्को मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर वन्देमातरम गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री राजकुमार वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डल प्रभारी सा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने विषय वस्तु की जानकारी दिया,उन्होंने कहा कि प्रदेश के आदेशानुसार एक माह जन संपर्क अभियान चलाना है,जिससे पार्टी के विचारधारा से अन्य लोग भी जुड़ पाएंगे और भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत होगा। मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया गया है कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दें और उन्हें दिग्भ्रमित से बचाएं। कांग्रेस और जेएमएम के लोग झूठ की राजनीति करने जानते हैं,उनका अपना तो कुछ करनी होता नहीं बस दूसरे के द्वारा किया गया कार्य को अपना बताना जानते हैं।

चलते चलते एक नजर

मिशन लाइफ कैंपेन शुरू, स्वस्थ पर्यावरण की ली शपथ

रांची : भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर मिशन लाइफ कैंपेन की शुरुआत की गयी है। बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में किया गया। वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय कर्मियों के साथ वर्चुअल माध्यम से डीडीसी, परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्रीमती राजेश्वरी बी ने लोगों को ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली व इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने की बात कही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अवर सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की मिशन लाइफ का उद्देश्य ऐसी जीवनशैल अपनाना और उसे बढ़ावा देना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर स्वस्थ जलवायु को बढ़ाना है। मौके पर संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार एवं अवर सचिव चंद्रभूषण आदि मौजूद थे।

इदरिसिया तंजीम उर्दू मध्य एवं उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत

रांची। इदरिसिया तंजीम उर्दू मध्य एवं उच्च विद्यालय हिन्दपीढ़ी, रांची का मैट्रिक का रिजल्ट 2023 में 100 प्रतिशत रहा । इस बार भी इदरिसिया तंजीम स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। इस बार भी लड़कियों ने मारी बाजी दानिया इरम 88.80 प्रतिशत लाकर फर्स्ट टॉपर बनी, मुस्कान परवीन 86.40 प्रतिशत सेकंड टॉपर, सानिया परवीन थर्ड टॉपर 85.20 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । 115 फर्स्ट डिवीजन और 69 सेकंड डिवीजन हुआ।

राईन् उर्दू बालिका विद्यालय के छात्रों का मैट्रिक में रहा बेहतर प्रदर्शन

रांची। राईन् उर्दू बालिका विद्यालय ने जैक बोर्ड के मैट्रिक के रिजल्ट् मे शानदार प्रदर्शन रहा। कुल 64 छात्राओं में से 30 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 31 ने द्वितीय श्रेणी मे उतीर्ण हुई। पहला स्थान फ़ज़ि़ा नेमत (87त्न) द्वितीय स्थान तैबा बिन्त नसीम (85त्न) तृतीय स्थान कैफी परवीन (84.6त्न) ने प्राप्त किया। सभी छात्राओं को प्राधानाध्यापिका फ़रहीन नाज़ और सचिव मोहम्मद हसनैन की तरफ से हार्दिक बधाई। सभी शिक्षिकाओं को भी हार्दिक बधाई।

हाई कोर्ट के उद्घाटन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने रखी अपनी बेबाक राय, कहा

झारखंड में गरीब कैदियों की संख्या चिंता का विषय, इस पर मंथन जरूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में सीएम हेमंत सोरेन ने मंच पर उपस्थिट राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन,भारत के मुख्य न्यायाधीश, डा.न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश,अनिरूद्ध बोस, झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र, सभी सम्मानित न्यायिक पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु सभी को जोहार शब्द से अभिवादन किया।

उन्होंने कहा कि वीरों की धरती झारखण्ड में आप सभी का हार्दिक स्वागत है। झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कर कमलों से संपन्न हो रहा है। मेरे साथ-साथ यह झारखण्ड के करोड़ों जनता के लिए गौरव का क्षण है। कहा कि लगभग 165 एकड़ में फैले इस परिसर में झारखण्ड उच्च न्यायालय भवन का निर्माण 600 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। एक आदिवासी बाहुल्य छोटे राज्य में यह भवन तथा परिसर देश के किसी भी उच्च न्यायालय के भवन तथा परिसर से बड़ा है। मुझे आशा है कि झारखण्ड राज्य जहाँ आदिवासी, दलित, पिछड़े एवं गरीब लोगों की बहुलता है। उन्हें सरल, सुलभ, सस्ता तथा तीव्र न्याय दिलाने की दिशा में यह संस्थान एक मील का पत्थर साबित होगा। गत वर्ष 26 नवंबर, 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा पूरे देश के जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या पर अपनी चिंता व्यक्त की गई थी। झारखण्ड में भी छोटे-छोटे अपराधों के लिए बड़ी संख्या में गरीब आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के लोग जेलों में कैद हैं। यह चिन्ता का विषय है। इस पर गंभीर मंथन की जरूरत है। सीएम ने कहा कि गत वर्ष हमने ऐसे मामलों की सूची तैयार करायी, जो अनुसंधान हेतु 05 वर्षों से अधिक अवधि से लंबित थे। उनकी संख्या लगभग 3,600 (तीन हजार छः सौ) थी। एक अभियान चलाकर इनमें से 3,400 से अधिक मामलों का निष्पादन कराया गया है। अब हमने 04 वर्षों से अधिक अवधि से लंबित मामलों की सूची तैयार की है। इनकी संख्या भी लगभग 3,200 हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि इन मामलों का निष्पादन अगले छः माह के अंदर कर दिया जाय। मैं इसकी लगातार मोनेट्रिंग कर रहा हूँ। कोर्ट में में सहायक लोक

अभियोजकों की कमी के कारण मामलों के निष्पादन में दिक्कतें आ रही थी। गत माह ही हमने 107 सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति की है और मुझे आशा है कि इससे मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे भारत के मुख्य न्यायाधीश को सुनने का मौका मिला है। आप लोग न्यायपालिका की गरिमा और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए चिंतित रहते हैं। मैं आपको बताना चाहूँगा कि झारखंड राज्य में न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी बहुत बेहतर कार्य हुआ है। मुझे लगता है कि देश में सबसे अच्छी स्थिति हमारे राज्य की है। आज झारखंड में कुल 506 न्यायिक पदाधिकारी कार्यरत हैं, जिनके लिए 658 कोर्ट रूम तथा 639 आवास उपलब्ध हैं। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भविष्य में भी जो आवश्यकताएँ होंगी राज्य सरकार उसको प्राथमिकता देगी। टेक्नोलॉजी का उपयोग कर न्यायिक प्रणाली को कैसे सरल, सुलभ, सस्ता तथा तीव्र बनाया जाए, इसके लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अच्छी पहल की जा रही है। मैं उसकी सराहना करता हूँ और आपको आश्वस्त करना चाहूँगा कि अगर इस कार्य के लिए कोई भी प्रोजेक्ट झारखंड के लिए तैयार किया जाएगा तो सरकार उस पर विचार करेगी।

एक महत्वपूर्ण विषय की ओर उपस्थित महानुभावों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा। झारखंड राज्य में सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस में आदिवासी समुदाय की नगण्य उपस्थिति एक चिंता का विषय है। इस सेवा की नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण का प्रावधान नही रखा गया है। चूँकि इसी सेवा से माननीय उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किए जाते हैं, इसलिए उच्च न्यायालय में भी वही स्थिति है। अतः मैं चाहूँगा कि इस आदिवासी बाहुल्य राज्य में वरीय न्याय सेवा की नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण का प्रावधान किया जाय। सीएम ने कहा कि आज हमारे बीच नये कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित हैं। मुझे लगता है झारखंड में शायद यह आपकी पहली यात्रा है। मैं आपका स्वागत करता हूँ और एक बात आपके समक्ष रखना चाहूँगा। यद्यपि भारत सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए स्कीम चलाई जा रही है। परंतु ऐसी कोई स्कीम उच्च न्यायालयों के लिए उपलब्ध नहीं है। अगर जमीन की कीमत जोड़ ली जाए तो राज्य सरकार द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय के इस नए भवन पर लगभग 1,000 (एक हजार) करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। इसमें केन्द्र सरकार की कोई हिस्सेदारी नहीं है। समय-समय पर उच्च न्यायालयों में भी अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता पड़ती है, अतएव मेरा अनुरोध होगा कि भारत सरकार उच्च न्यायालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी एक स्कीम लागू करें। उन्होंने कहा कि मेरी मान्यता है कि न्यायालयों के कार्यों का निष्पादन स्थानीय भाषाओं में किए जाने की नितांत आवश्यकता है, ताकि न्याय के मंदिरों और गरीब आम जनों के बीच की दूरी कम हो सके। न्यायिक पदाधिकारियों और सहायक लोक अभियोजकों के लिए कम-से-कम एक स्थानीय भाषा का सीखना भी बाध्यकारी किया जाना चाहिए, ताकि न्याय को और सुलभ बनाया जा सके।

दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होगी : पावेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ एवं अभिभावक संघ के संयुक्त तत्वाधान में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन अल्बर्ट एक्का चौक स्थित सीपीआई कार्यालय में की गई । जिसमें मुख्य रूप से छाया मंडल एवं प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।छाया मंडल बनाम झारखंड सरकार वाद संख्या 296/2020माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के द्वारा ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया, जिसमें कोर्ट के द्वारा यह कहा गया कि 6 माह के अंदर विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विशेष शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर कोर्ट को सूचित करने का काम करें। यह फैसला दिव्यांग बच्चों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की किरण को बढ़ाती है। क्योंकि राज्य में दिव्याग बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण से संबंधित समुचित व्यवस्था वर्तमान समय में सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षिक संस्थानों में नहीं थी जिसके कारण उनके अधिकारों का हनन हो रहा था , इनके अधिकारों को लेकर RPWD ACT -2016 एवं RTE के तहत दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है। इस प्रेस वार्ता में छाया मंडल अभिभावक प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के पावेल कुमार, निखिल कुमार, वीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, हरि शंकर कुमार, निशा लकड़ा, सावित्री, रजनी ,सीता, रेनू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में कबड्डी टीम के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : दुबियाखाड़ स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में बुधवार को गिरिडीह में आयोजित नौवीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप-2023 के पलामू जिला के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिश्रामपुर पलामू सुरजीत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुजीत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करने तक ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास तभी संभव है जब समावेशी शिक्षा के माध्यम से संस्कार तथा चरित्र निर्माण हो। उन्होंने कहा कि पुराने अवधारणा के माध्यम से कहा जाता था कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब परंतु वर्तमान समय में अब ऐसा बिल्कुल ही नहीं है। पलामू जिला के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए उन्होंने कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सम्मान समारोह से बच्चों के हौसला और बढ़ेंगे। मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरजीत कुमार, विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह एवं पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल पहनाकर एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने कहा कि पलामू वासियों के लिए गौरव का विषय है कि पलामू जिले का कबड्डी टीम राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कैंब्रिज पब्लिक स्कूल जिले के सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव उन्हें मदद करेगी। मौके पर कुंदन कुमार, रोशन सिंह, किशन सिंह, निरंजन सिंह, जैकेस कुमार, अमन सिंह, प्रियांशु तिवारी, उत्सव दुबे, आकाशदीप आदि खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

झारखंड में 27 मई तक बारिश के आसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के कई जिलों में अब भी तापमान 40 के पार है। कई इलाकों में हल्के बादलों ने डेरा डाल रखा है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह को हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन दिन चढ़ते धूप निकली और लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में मौसम करवट ले सकता है। राजधानी रांची में प्रदूषण के कारण सही मात्रा में वर्षा नहीं हो रही। अगर प्रदूषण नहीं होता तो अब तक गर्मी से थोड़ी राहत मिल गयी होती। हालांकि, मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच गर्मी में मामूली गिरावट आयी है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मई तक राजधानी समेत कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ बारिश की भी संभावना है। राज्य के उत्तर पूर्वी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में 25 और 26 मई को ओलावृष्टि की संभावना है। 27, 28 और 29 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज सतही हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक जिन इलाकों में बारिश नहीं होगी, वहां दिन के समय बादल छाए रह सकते है। शाम में ठंडी हवाएं चलने से लोगों को राहत मिल सकती है लेकिन जिन जिलों में बादल छाए रहेंगे, वहां लोगों को दिन के समय गर्मी का एहसास होगा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस देवघर में दर्ज किया गया।

झारखंड जगुआर के जवान से लूटपाट का आरोपित गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रातू थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मो. रमजान बताया गया है। इसके पास से एक मोबाईल और एक स्कूटी बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी ने बुधवार को बताया कि झारखंड जगुआर के सिपाही संतोष हांसदा को पिस्टल दिखाकर दो अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। अपराधियों ने झिरी के नजदीक पता पूछने के बहाने जवान को रोका और पिस्टल दिखाकर रेडमी मोबाईल, 5000 रुपये, एटीएम कार्ड, आई कार्ड सहित कई सामान लूट लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में टेक्निकल सेल की मदद से पुलिस को लोकेशन की जानकारी मिली कि नारकोपी निवासी मो. रमजान का साला असफाक अंसारी उक्त नंबर का इस्तेमाल कर रहा है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका जीजा मो. रमजान उक्त मोबाईल का इस्तेमाल कर रहा है।

इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर मो. रमजान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)
PR NO-298000 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें